Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-115
रायपुर, रविवार 14 दिसम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

# विकसित बस्तर बनाने के लिए काम कर रही है सरकार : अमित शाह

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में बस्तर ओलिंपिक के समापन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमने तय किया था कि 31 मार्च, 2026 से पहले पूरे देश से लाल आतंक को खत्म कर देंगे और बस्तर ओलंपिक- 2025 में हम इस कगार पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष नवंबर-दिसंबर तक बस्तर ओलंपिक- 2026 के समय तक पूरे भारत और छत्तीसगढ़ से लाल आतंक समाप्त हो चुका होगा और नक्सलमुक्त बस्तर आगे बढ़ रहा होगा। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने यह संकल्प लिया है कि पूरे बस्तर और भारत को नक्सलमुक्त कराना है। उन्होंने कहा कि हमें यहीं नहीं रुकना बल्कि कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा के 7 ज़िलों का संभाग बस्तर, दिसंबर 2030 दिसंबर तक देश के सबसे अधिक विकसित आदिवासी संभाग बनेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर के हर व्यक्ति को रहने के लिए घर, बिजली, शौचालय, नल से पीने का पानी, गैस सिलिंडर, 5 किलो अनाज और 5 लाख तक का मुफ्त इलाज, बस्तर के घर घर में पहुचाने का संकल्प हमारी सरकार का संकल्प है। शाह ने कहा कि हमने अगले पांच साल में बस्तर को देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार और विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार कंधे से कंधा मिलाकर बस्तर को विकसित बस्तर बनाने के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बस्तर का हर गांव सड़क से जुड़ेगा, वहां बिजली होगी, 5 किलोमीटर के क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाएं होंगी और सबसे घने पीएचसी/सीएचसी का नेटवर्क बनाने का काम भी हमारी सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन उपज की प्रोसेसिंग के लिए कोऑपरेटिव आधार पर यूनिट्स लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर के सातों ज़िले सभी आदिवासी ज़िलों में सबसे अधिक दूध उत्पादन कर डेयरी के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने वाले ज़िले बनेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर में नए उद्योग, उच्च शिक्षा की व्यवस्था, भारत में सबसे अच्छा स्पोर्ट्स संकुल और अत्याधुनिक अस्पताल की व्यवस्था भी हम करेंगे। शाह ने कहा कि कुपोषण के लिए भी यहां विशेष स्कीम चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन्होंने आत्मसमर्पण किया है और जो नक्सलवाद के कारण घायल हुए हैं, उनके लिए एक बहुत आकर्षक पुनर्वसन योजना भी हम लाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि नक्सलवाद समाप्त हो क्योंकि नक्सलवादी इस क्षेत्र के विकास पर नाग बनकर फन फैलाए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद समाप्त होने के साथ ही इस क्षेत्र में विकास की एक नई शुरूआत होगी और प्रधानमंत्री मोदी और विष्णुदेव के नेतृत्व में यह सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। अमित शाह ने कहा कि बस्तर ओलंपिक-2025 में सात ज़िलों की सात टीमें और एक टीम आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की थी। उन्होंने कहा कि जब 700 से अधिक सरेंडर्ड नक्सलियों ने इन खेलों में भाग लिया तो यह देखकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के झांसे में आकर उनका पूरा जीवन तबाह हो जाता और हथियार डालकर मुख्यधारा में आने वाले ऐसे 700 से अधिक युवा खेल के रास्ते पर आए हैं। शाह ने दोहराया कि 31 मार्च, 2026 को यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने हिंसा में लिप्त नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि अब भी गुमराह होकर हमारे ही जो लोग हाथ में हथियार लेकर बैठे हैं, वो हथियार डाल दें, पुनर्वसन नीति का फायदा उठाएं, अपने और अपने परिवार के कल्याण के बारे में सोचें और विकसित बस्तर के संकल्प के साथ जुड़ जाएं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद से किसी का भला नहीं होता, न हथियार उठाने वाले लोगों का, न आदिवासियों और न सुरक्षाबलों का भला होता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शांति ही विकास का रास्ता प्रशस्त कर सकती है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आत्मसमर्पण कर चुके 700 नक्सलियों ने इन खेलों में खिलाड़ी के रूप में सामने आकर पूरे देश के लिए बहुत बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने भय की जगह आशा चुनी, विभाजन की जगह एकता का रास्ता चुना और विनाश की जगह विकास का रास्ता चुना है और यही प्रधानमंत्री मोदी की नए भारत और विकसित बस्तर की संकल्पना है। उन्होंने कहा कि हमारे बस्तर की संस्कृति दुनियाभर में सबसे अधिक समृद्ध संस्कृति है। उन्होंने कहा कि सभी जनजातियों का खानपान, परिवेश, कला, वाद्य, नृत्य और पारंपरिक खेल सिर्फ छत्तीसगढ़ की नहीं बल्कि पूरे भारत की सबसे समृद्ध विरासत है।

## क्विक न्यूज़

### सरगुजा जिले के 207 श्रद्धालु विशेष ट्रेन से मथुरा-वृन्दावन रवाना

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सरगुजा जिले के तीर्थ यात्रियों को लेकर एक विशेष ट्रेन अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से मथुरा, वृन्दावन एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए रवाना हुई। ट्रेन को सभापति, नगर पालिक निगम अंबिकापुर हरमिंदर सिंह टिन्नी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया, मेंबर इन काउंसिल नगर पालिक निगम, प्रियंका गुप्ता, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने तीर्थ यात्रियों को सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

### ओडिशा सीमा पर तैनात सीआरपीएफ जवान ने की आत्महत्या

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़-ओडिशा अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र में स्थित सोनाबेड़ा के समीप प्राप्त जानकारी के अनुसार ढेकूनपानी स्थित सीआरपीएफ कैंप में पदस्थ जवान गोपीनाथ सबर ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनते ही कैंप में मौजूद अन्य जवान मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक जवान की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। मृतक जवान की पहचान ओडिशा के खरियार क्षेत्र अंतर्गत खरधरा गांव निवासी गोपीनाथ सबर के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही कोमना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आंतरिक जांच के बाद ही घटना के पीछे की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### कांग्रेस की 'वोट चोर-गद्दी छोड़' रैली आज

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने 'वोट चोरी' के खिलाफ चलाए गये अपने अभियान के तहत रविवार 14 अप्रैल को यहां रामलीला मैदान में होने वाली 'वोट चोर - गद्दी छोड़' महा रैली की तैयारी पूरी कर ली है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक वीडियो जारी कर बताया कि रैली की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यादव ने रैली स्थल रामलीला मैदान से जारी संदेश में लोगों से बड़ी संख्या में इस रैली में शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा मेरी अपील है कि इस रैली में शामिल होकर 'वोट चोरी' के खिलाफ आवाज को बुलंद कीजिए और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करिए।

## संसद पर हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि: शीर्ष नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का लिया संकल्प



पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

संसद पर वर्ष 2001 में किये गये आतंकवादी हमले की 24 वीं बरसी पर देश के शीर्ष नेतृत्व ने इस हमले का मुकाबला करते हुए प्राण न्योच्छावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संकल्प लिया। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन परिसर में शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी तथा शहीदों के परिजनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा, मैं देश के साथ मिलकर उन बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ, जिन्होंने हमारी संसद की पवित्रता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े रहने के हमारे राष्ट्र के संकल्प की एक स्थायी याद दिलाता है। बिरला ने कहा, देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता मात्र औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि यह सशक्त संदेश है कि भारत किसी भी प्रकार की आतंकवादी मंशा के आगे कभी नहीं झुकेगा। मोदी ने शहीद सुरक्षा कर्मियों के शौर्य को स्मरण करते हुए कहा, आज के दिन हमारा देश 2001 में संसद पर हुए जघन्य हमले में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को याद करता है। गंभीर खतरे के सामने उनका साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा अद्भुत थी। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। गांधी ने कहा, देश के सम्मान की रक्षा करने वाले शहीद जवानों को कोटि कोटि नमन और विनम्र श्रद्धांजलि। भारत आपका यह बलिदान हमेशा याद रखेगा और इससे देश प्रेम की प्रेरणा लेता रहेगा। गौरतलब है कि 13 दिसंबर 2001 को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने संसद भवन पर हमला करने का प्रयास किया था। इस हमले को नाकाम करते हुए संसद भवन की ड्यूटी पर तैनात नौ वीर जवान शहीद हो गये थे।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र नये भवन में आज सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। पहले दिन राज्य सरकार की दीर्घ कालीन विकास रणनीति छत्तीसगढ़ विजन 2047 पर चर्चा होगी। यह सत्र 17 दिसम्बर तक चलेगा जिसमें कुल 4 बैठकें प्रस्तावित है। कांग्रेस ने पहले दिन की कार्रवाई के बहिष्कार का ऐलान किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रचन अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन 15 दिसम्बर को होगा। प्रथम अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा-पारण के लिए 16 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की गई है। इस सत्र के लिए सदस्यों से अभी तक प्राप्त प्रश्नों की कुल 628 सूचनायें प्राप्त हुई है, जिनमें से तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 393 और अतारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 295 है। इस सत्र में 96.17 प्रतिशत प्रश्न आनलाईन प्राप्त हुए हैं। प्रश्नकाल और ध्यानाकर्षण नहीं होने के कारण विपक्ष कांग्रेस ने सदन की कार्रवाई का बहिष्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि विजन डाक्युमेंट पेश करने से पहले उनसे परामर्श नहीं लिया गया।

## चुनाव आयोग हर विधानसभा क्षेत्र में रोजाना 100 मतदाताओं की सुनवाई करेगा

पायनियर संवाददाता ✓ कोलकाता
www.dailypioneer.com



चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया के तहत रोजाना हर विधानसभा क्षेत्र से कम से कम 100 मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाने का फैसला किया है। ये सुनवाई आयोग द्वारा नियुक्त सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) करेंगे, जो अंतिम मतदाता सूची जारी होने से पहले मतदाता डेटा की जांच करने की कोशिश का हिस्सा है। आयोग ने इस मकसद के लिए पहले ही हर विधानसभा क्षेत्र में 10 एईआरओ तैनात कर दिए हैं। पश्चिम बंगाल में 294 विधानसभा सीटें हैं, इसलिए पूरे राज्य में कुल 2,940 एईआरओ अभी काम कर रहे हैं। आयोग इसके अलावा 1,000 से 1,500 और एईआरओ की नियुक्ति की प्रक्रिया में है। इन अतिरिक्त अधिकारियों को भी मामलों की संख्या और सत्यापन की गति के आधार पर सुनवाई करने के लिए काम पर लगाया जा सकता है। आयोग ने शुरुआत में हर दिन हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 50 मतदाताओं की सुनवाई करने की योजना बनाई थी। शुक्रवार को हालांकि राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के ऑफिस में हुई एक समीक्षा बैठक के बाद लक्ष्य को बढ़ा दिया गया। यह तय किया गया कि तय समय सीमा के भीतर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए हर क्षेत्र में रोजाना कम से कम 100 मतदाताओं की सुनवाई करनी होगी। यह फैसला बड़ी संख्या में ऐसे फॉर्म को देखते हुए महत्वपूर्ण है, जिन पर शुरुआती जांच के दौरान सवाल उठे हैं। यह देखने में आया है कि लगभग 30 लाख मतदाताओं ने फॉर्म जमा किए हैं, जबकि उनका 2002 की मतदाता सूची से कोई लेना-देना नहीं है, जो आखिरी बार था जब राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया किया गया था।

## राहुल गांधी ने पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों को किया संबोधित



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की। गांधी ने पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा आयोजित बैठक में विभाग की सलाहकार परिषद तथा कार्यकारी समिति के सदस्यों को संबोधित किया। बैठक में गांधी के अलावा पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल सहित कई प्रमुख नेता मौजूद थे। इस बैठक का आयोजन अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने किया। बैठक में रविवार को यहां होने वाली पार्टी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली की रणनीति को लेकर भी चर्चा की गयी।

## केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी होंगे उत्तर प्रदेश में भाजपा के नए अध्यक्ष



**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश में भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। चौधरी ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में एकमात्र उम्मीदवार के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र में मुख्यमंत्री भी चौधरी के प्रस्तावकों में से एक थे। इसके बाद कागजात की जांच की जाएगी, और औपचारिक घोषणा रविवार दोपहर को होने की उम्मीद है। पंकज चौधरी वर्तमान में वित्त मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वह लोकसभा में संसद सदस्य भी हैं।

## भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने के ट्रम्प के फैसले के खिलाफ प्रतिनिधि सभा के तीन सदस्यों ने पेश किया प्रस्ताव

वार्ता ✓ वाशिंगटन
www.dailypioneer.com



अमेरिका में कांग्रेस के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के तीन सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत से सामानों के आयात पर लगाये गये 50 प्रतिशत तक शुल्क को समाप्त करने के लिए प्रस्ताव पेश किया है। अमेरिकी सांसदों ने पेश किये गये इस प्रस्ताव में इन शुल्क को 'अवैध' बताया और कहा है कि इससे अमेरिकी श्रमिकों और उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचेगा। साथ ही अमेरिका-भारत संबंधों में भी तनाव पैदा होगा। यह प्रस्ताव रिप्रेजेंटेटिव डेबोरा रॉस, मार्क वेसी और राजा कृष्णमूर्ति ने पेश किया। इससे पहले सीनेट में ब्राजील पर लगाये गये इसी तरह के टैरिफ को वापस लेने और आपातकालीन शक्तियों के तहत व्यापार शुल्क लगाने के राष्ट्रपति के अधिकार को सीमित करने के लिए दोनों पार्टियों ने मिलकर प्रयास किया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस कदम का मकसद 27 अगस्त को भारतीय सामानों पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क को रद्द कराना है। गौरतलब है कि अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत कई भारतीय उत्पादों पर टैरिफबढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।

## कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

सूरजपुर जिले के नयनपुर क्षेत्र में मित्तल कोल्ड स्टोरेज परिसर की दीवार अचानक गिरने से वहां काम कर रहे चार मजदूर मलबे के नीचे दब गए। हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मजदूर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया तथा एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल है, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कोल्ड स्टोरेज में निर्माण अथवा मरम्मत से जुड़ा कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक दीवार भरभराकर गिर गई, जिससे वहां मौजूद मजदूरों को संभलने का मौका नहीं मिला और मलबे के नीचे दब गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य तत्काल शुरू किया गया और मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन और पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। घायल मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है।

## नक्सल उन्मूलन के बाद विकास की ठोस पहलः दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचेगा डिजिटल नेटवर्क

# 513 नए 4जी टावरों से शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय समावेशन को मिलेगा बल : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



डिजिटल भारत निधि के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में बीएसएनएल के माध्यम से 513 नए 4जी मोबाइल टावर स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे नक्सल प्रभावित और दूरस्थ अंचलों में शांति, सुरक्षा और विकास के साझा प्रयासों का महत्वपूर्ण प्रतिफल बताया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह निर्णय नक्सल उन्मूलन की दिशा में चल रहे प्रभावी प्रयासों की एक मजबूत कड़ी है। सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाई और प्रशासनिक समन्वय से जिन क्षेत्रों में स्थायित्व स्थापित हुआ है, वहां अब विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 4जी मोबाइल टावरों की स्थापना से सुदूर और दुर्गम इलाकों में रहने वाली जनता को पहली बार सुलभ और विश्वसनीय मोबाइल एवं इंटरनेट सेवाएं प्राप्त होंगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, प्रशासनिक सेवाओं और आपातकालीन संचार की सुविधा सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी का यह विस्तार वित्तीय समावेशन की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा। मोबाइल नेटवर्क के सशक्त होने से बैंकिंग सेवाएं, डीबीटी, यूपीआई, बीमा, पेंशन और अन्य डिजिटल सेवाओं की पहुंच आम नागरिकों तक सहज रूप से सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह पहल डिजिटल इंडिया के उस मूल उद्देश्य को साकार करती है, जिसमें अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने का संकल्प निहित है। इससे स्थानीय युवाओं को डिजिटल माध्यमों से नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित राज्यों के लिए सुरक्षा के साथ-साथ विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार भी इस विजन के अनुरूप केंद्र के साथ मिलकर राज्य के प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय छत्तीसगढ़ को डिजिटल रूप से सशक्त, सुरक्षित और समावेशी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### पीएम सूर्यघर योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता को नई मजबूती : सीएम विष्णुदेव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण सतत विकास, पर्यावरण संतुलन और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है। ऊर्जा का विवेकपूर्ण, जिम्मेदार और कुशल उपयोग न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती से निपटने का भी प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्यघर योजना स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को जन-जन तक पहुँचाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से घरेलू स्तर पर सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे बिजली व्यय में कमी के साथ-साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे ऊर्जा बचत को अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएं, ऊर्जा-सक्षम उपकरणों का अधिकाधिक उपयोग करें और छोटे-छोटे सामूहिक प्रयासों के माध्यम से छत्तीसगढ़ को हरित, स्वच्छ और विकसित राज्य बनाने में सक्रिय योगदान दें।


## प्रदेश में भीषण ठंड का कहर जारी कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में लोगों को भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है। लगातार चल रही तेज और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी रायपुर में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसी बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, कबीरधाम, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर और बालोद में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। आपको बता दें कि आमतौर पर इतनी गिरावट 15 दिसंबर के बाद आती थी, लेकिन इस साल दिसंबर की शुरुआत से ही ठंड ने कंपकंपी बढ़ा दी है। शहर में सुबह-सुबह शीतलहर के साथ कोहरा और ओस की चादर सड़कों पर दिखाई देती है। फिलहाल बढ़ती ठंड को देखते हुए स्थानीय लोगों ने अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है, जबकि कई इलाकों में लोग खुद अलाव जला रहे हैं।

# नया भारत सिर्फ बातों से नहीं सशक्त इरादों से बना : शेखावत

एजेंसी ≺ बाड़मेर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि नया भारत केवल घोषणाओं और भाषणों से नहीं, बल्कि सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व से बना है। शेखावत बाड़मेर जिले के बाखासर में ठाकुर बलवंत सिंह बाखासर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत इरादों के कारण ही भारत सामरिक शक्ति के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सका है। वर्ष 2014 के बाद भारत जिस तरह रणनीतिक रूप से सशक्त हुआ है, उससे दुनिया का कोई भी देश भारत की ओर आंख उठाकर देखने का साहस नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौर में आतंकवादी हमले आम बात थे। आतंकवादियों ने अक्षरधाम, रघुनाथ मंदिर और हनुमान मंदिर जैसे पवित्र स्थलों को निशाना बनाया लेकिन तब की सरकारें संयुक्त राष्ट्र में यह पत्र लिखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेती थी कि पड़ोसी देश हमारे यहां प्रायोजित आंतकवाद को बढ़ावा दे रहा है, लेकिन 2014 के बाद मोदी के नेतृत्व में जब नया भारत उभरा, तब से आतंकवादी ऐसी दुस्साहसिक हरकतें करने से पहले सौ बार सोचने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने यदि उरी, पुलवामा और पहलगाम में हमले का दुस्साहस किया भी तो भारतीय सेना ने उन्हें करारा जवाब दिया। उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा के बाद एयर स्ट्राइक के जरिए भारत ने दुनिया को अपनी सैन्य क्षमता का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंक के आकाओं को यह साफकर दिया गया कि यह नया भारत है, जो न झुकता है, न सहता है, बल्कि घर में घुसकर मारता है। शेखावत ने कहा कि भारत सीमा क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर रहा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ स्वदेशी हथियार निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान विश्व में इस्तेमाल हुई गोलियों का लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन भारत की आयुध फैक्ट्रियों में हुआ था, लेकिन बाद में इस क्षमता को जानबूझकर कमजोर किया गया। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सामरिक आत्मनिर्भरता के उस खोए हुए आत्मविश्वास को फिर से स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक था। जबकि भारत शीर्ष 10 हथियार निर्यातक देशों में शामिल हो चुका है। भारत अब आधुनिक मिसाइलें, बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम, विमान और तेजस जैसा स्वदेशी लड़ाकू फाइटर जेट बना रहा है, जिसे खरीदने के लिए दुनिया के कई देश कतार में खड़े हैं।


## महाराष्ट्र सरकार शिवाजी महाराज से संबंधित पाठ्य सामग्री विस्तार के लिए एनसीईआरटी से करगी बात

एजेंसी ≺ नागपुर
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री पंकज भोयर ने आश्वासन दिया है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पाठ्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज से संबंधित ऐतिहासिक सामग्री का विस्तार करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के साथ चर्चा शुरू की जाएगी। मंत्री ने यह आश्वासन भी दिया कि छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में एक कथित अपमानजनक नाटक को यूट्यूब से हटाने के प्रयास किए जाएंगे। विधायक सत्यजीत तांबे ने आपत्ति जताते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रेरक और व्यापक इतिहास को सीबीएसई स्कूल पाठ्यक्रम में केवल 68 शब्दों तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने शिवाजी महाराज की विरासत के प्रति उदासीन रहने के लिए शिक्षा विभाग की आलोचना की। सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों दलों के सदस्यों ने इस मुद्दे के उठाए जाने के बाद अपनी चिंता व्यक्त की है। शिवसेना के नेता किशोर दराडे ने सीमित शब्द संख्या को महान मराठा शासक का अपमान बताया और यूट्यूब से छत्रपति संभाजी महाराज से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री को हटाने की मांग की। मंत्री पंकज भोयर ने इन चिंताओं का जवाब देते हुए कहा कि मराठों के इतिहास को 'द राइज़ ऑफ द मराठाज़' विषय के माध्यम से विस्तृत किया गया है, जिसमें लगभग 2,200 पृष्ठ शामिल हैं।

# झारखंड में पहली बार बैलेट पेपर से चुनी जाएगी शहर की सरकार, ईवीएम की कमी बनी वजह

एजेंसी ≺ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड में नगर निकाय चुनाव पहली बार बैलेट पेपर के जरिए कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर यह अहम निर्णय लिया है। अब तक राज्य में जब भी नगर निकाय चुनाव हुए हैं, उनमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। बैलेट पेपर से मतदान होने के कारण चुनाव प्रक्रिया अपेक्षाकृत अधिक जटिल होगी और मतदान से लेकर मतगणना तक निर्वाचनकर्मियों को अतिरिक्त सावधानी और मेहनत करनी पड़ेगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने यह फैसला ईवीएम की अनुपलब्धता के कारण लिया है। आयोग के पास उपलब्ध ईवीएम की आयु पूरी हो चुकी है और जरूरत के मुताबिक मशीनें उपलब्ध नहीं हैं। दूसरे राज्यों से ईवीएम लेने की कोशिश भी सफल नहीं हो सकी। बिहार समेत झारखंड के पड़ोसी राज्यों ने ईवीएम उपलब्ध कराने में असमर्थता जता दी है। वहीं, ईवीएम बनाने वाली कंपनी ने नई मशीनें उपलब्ध कराने के लिए करीब एक वर्ष का समय मांगा है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आयोग ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने का निर्णय लिया। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया, इस बार नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से होगा। मेरे पास जो ईवीएम हैं, उनकी आयु समाप्त हो चुकी है। दूसरे राज्यों ने भी ईवीएम देने से इनकार कर दिया है। नई ईवीएम के लिए कंपनी ने एक साल का समय मांगा है। इन सभी वजहों से बैलेट पेपर के जरिए मतदान कराने का निर्णय लिया गया है। नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं को दो अलग-अलग रंगों के बैलेट पेपर दिए जाएंगे। अध्यक्ष पद के लिए एक रंग का बैलेट पेपर होगा, जबकि वार्ड सदस्य के लिए अलग रंग का। मतदान के दौरान मतदाता दोनों बैलेट पेपर पर अपने मत दर्ज करेंगे और उन्हें अलग-अलग बैलेट बॉक्स में डालना होगा। इससे मतों की पहचान और गणना में आसानी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, बैलेट बॉक्स की पर्याप्त संख्या उपलब्ध है। जिलों में मतदान केंद्रों की संख्या के आधार पर बैलेट बॉक्स का आकलन कर लिया गया है। पुराने ब्लैक बॉक्स की रंगाई-पुताई का काम भी शुरू कर दिया गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके। इधर, बैलेट पेपर की छपाई को लेकर भी आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। आमतौर पर बैलेट पेपर की छपाई कोलकाता में कराई जाती थी, लेकिन इस बार स्थानीय स्तर पर रांची में ही प्रिंट कराने का निर्णय लिया गया है।

# जालंधर जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते से 46 हज़ार से ज़्यादा मामले सुलझाये गये

एजेंसी ≺ जालंधर
www.dailypioneer.com



नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, पंजाब स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के निर्देशों के अनुसार और जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए जालंधर के कुशल मार्गदर्शन में, न्यायिक कोर्ट कॉम्प्लेक्स, जालंधर, फिल्लौर और नकोदर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में सभी प्रकार के सिविल मामले, वैवाहिक मामले, समझौता योग्य मामले, ट्रैफिक चालान और बैंकों, वित्तीय संस्थानों, बीएसएनएल, पीएसपीसीएल और राजस्व मामलों आदि के मुकदमे से पहले के मामले उठाये गये। जिला एवं सत्र न्यायाधीश निर्भय सिंह गिल ने बताया कि जालंधर, फिल्लौर और नकोदर में 25 बेंच गठित की गयीं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में कुल 47702 मामले उठाये गये और 46813 मामलों का निपटारा समझौते के माध्यम से किया गया। लोक अदालत में 35 करोड़ 82 लाख 19 हज़ार 255 रुपये के अवार्ड तय किये गये। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से लोगों को शीघ्र न्याय मिल पाता है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है और लोक अदालत के फैसले के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की जा सकती। फैसला दोनों पक्षों के बीच समझौते के आधार पर दिया जाता है। लोक अदालतें भाईचारे को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, आवेदक द्वारा भुगतान की गई कोर्ट फीस भी वापस कर दी जाती है। गिल ने बताया कि नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी और पंजाब स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के निर्देशों के अनुसार, डीएलएसए ने जिले में नशा मुक्ति के बारे में एक महीने का अभियान शुरू किया है। इस महीने के दौरान स्कूल/कॉलेज/गांव और सामुदायिक केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

## तमिलनाडु रिकॉर्ड जीएसडीपी वृद्धि के साथ भारत का पहले नंबर का राज्य बना : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु ने बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए सर्वकालिक रिकॉर्ड के साथ सकल राज्य घरेलू उत्पाद में ऐतिहासिक रूप से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसी के साथ वह इस मामले में भारत का नंबर एक राज्य बनकर उभरा है। इस अभूतपूर्व वृद्धि की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इसका श्रेय सत्ताधारी डीएमके के द्रविड़ियन मॉडल गवर्नेंस को दिया और कहा कि तमिलनाडु न तो क्षेत्रफल के हिसाब से, न ही जनसंख्या के लिहाज से बड़ा राज्य है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार से कोई बड़ा समर्थन न मिलने के बावजूद तमिलनाडु ने यह रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है, जिसने पिछले तीन वर्षों में स्थिरता और विकास में वृद्धि दोनों देखी है। इस तथ्य की पुष्टि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने की है। उन्होंने बताया कि राज्य की अर्थव्यवस्था वित्तीय वर्ष 2021-25 तक 10.5 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ चुकी है और महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात जैसे बड़े राज्यों से तुलना करने पर कुल वृद्धि 31.19 लाख करोड़ रुपये तक है। उन्होंने कहा कि अगर द्रविड़ियन मॉडल 2.0 अपना कार्यकाल 2031 में पूरा करता है।


## 2,000 किमी लंबी नौसेना प्रोत्साहन यात्रा 2025 समाप्त

एजेंसी ≺ चेन्नई
www.dailypioneer.com

भारतीय नौसेना की नौ दिनों की प्रोत्साहन यात्रा 2,000 किमी से अधिक की दूरी तय करके चेन्नई में आईएनएस अड्यार लौट आई। छह महिंद्रा थार गाड़ियों में सवार होकर बहादुर अधिकारी, नाविक और उनके परिवार के सदस्यों ने तमिलनाडु और पुडुचेरी की यात्रा की और देशभक्ति, अवसर और जिम्मेदारी का एक ऐसा संदेश फैलाया जो हर भारतीय के दिल को छूता है। गत 4 दिसंबर को निकला यह काफिला चेन्नई, वेल्लोर, कृष्णागिरी, कोयंबटूर, कोडाइकनाल, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, रामेश्वरम, तिरुचिरापल्ली और पुडुचेरी की सड़कों पर चला और फिर शान से बेस पर लौटा। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि हर मील के साथ वे भारतीय नौसेना का गौरव और देश के युवाओं के लिए एक संदेश लेकर चल रहे थे। मिशन इंस्पायर, कनेक्ट, एम्पावर के साथ यह रैली सिर्फ एक ड्राइव नहीं थी एक आंदोलन था। भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को इस यात्रा ने उजागर किया और टीम ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी जीतों को याद करते हुए सीधे दिल से जुड़ने पर ध्यान केंद्रित किया। टीम ने शैक्षिक आउटरीच के हिस्से के रूप में आठ संस्थानों (पांच कॉलेज और तीन स्कूल) का दौरा किया, जिससे 5,000-6,000 छात्रों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के जीवन को छुआ।

## भीषण आगजनी से दो घर जलकर राख, आग बुझाने गये युवक की मौत

**मधुबनी।** बिहार में मधुबनी जिले के घोघरडीहा प्रखंड अंतर्गत सांगी पंचायत के वार्ड संख्या-12 महुलिया मुस्लिम टोला में रात भीषण अगलगी की घटना में जुम्मन अंसारी और मुर्तुजा अंसारी का घर और मवेशियों का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया।



इस घटना में घर में रखे अनाज, कपड़े, गहने समेत मवेशी घर में बंधी 15 बकरियां भी जलकर राख हो गईं। आग बुझाने के दौरान पड़ोसी मो. सलाउद्दीन अंसारी (30) गंभीर रूप से झुलस गये। परिजन उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोघरडीहा ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। घटना की सूचना पर अंचल अधिकारी शशांक सौरव, मुखिया संतोष शाह समेत कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम होने पर आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपये की सहायता राशि मिल सकती थी, लेकिन मृतक के पिता ने धार्मिक कारणों से इनकार कर दिया।

## नौ दिन से लापता युवक का शव खेत में पानी की डिग्गी में मिला

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र में चक श्यामसिंहवाला में नौ दिन पहले घर से निकले युवक का शव शुक्रवार को गांव के नजदीक ही एक खेत में बनी पानी की डिग्गी में मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राकेश मेघवाल (25) घर से बिना किसी को कुछ बताये कहीं चला गया था। तलाश करने पर उसकी जैकेट गांव के नजदीक अरविंद सिहाग के खेत में बनी पानी की डिग्गी के बाहर मिली।



इस पर उसके डिग्गी में होने की संभावना को देखते हुए गोताखोरों से उसकी तलाश करवाई गयी, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने बताया कि शाम उसका शव उसी डिग्गी में पानी में उभरकर ऊपर आ गया। सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस वापस डिग्गी पर पहुंची और लाश को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वाराणसी के स्कूल में काशी तमिल संगमम् का भव्य आयोजन

**वाराणसी।** वाराणसी में लंका क्षेत्र स्थित नगवां स्थित इण्टरनेशनल हिन्दू स्कूल में काशी तमिल संगमम् का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में भाषाई प्रेम जगाते हुए उन्हें तमिल भाषा एवं संस्कृति से परिचित कराना था। कार्यक्रम में तमिल भाषा एवं वहाँ की सांस्कृतिक झलकियाँ छात्रों द्वारा शानदार ढंग से प्रस्तुत की गईं। छात्रों द्वारा शिव आराधना पर आधारित नृत्य प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार मिश्र ने ओहायो, यूएसए से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संदेश में कहा कि काशी तमिल संगमम् 2025 प्रधानमंत्री द्वारा प्रायोजित एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। यह आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मैत्री को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम का शुभारंभ तमिल प्रतिनिधियों तथा विद्यालय की प्रबंधक संध्या मिश्रा, प्रधानाचार्य सतोष कुमार तिवारी एवं सलाहकार जयंती सामत द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

## जामताड़ा में केवल एसआईआर से काम चलने वाला नहीं है, यहां एनआरसी भी लागू होगा : भानु प्रताप शाही

एजेंसी ≺ जामताड़ा
www.dailypioneer.com

झारखंड के जामताड़ा जिले पहुंचे भाजपा नेता भानु प्रताप शाही ने बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर बड़ा बयान दिया है। शाही ने कहा मैं पार्टी के प्रदेश के उपाध्यक्ष हूं और बड़ी जिम्मेवारी से कह रहा हूं खासकर जामताड़ा में केवल एसआईआर से काम चलने वाला नहीं है, यहां एनआरसी भी लागू होगा। 1 से 2 महीने के बाद अप्रैल आते आते तक एसआईआर फिर सीएसए लागू जामताड़ा में लागू करेंगे और इस पर चाहे जितना विवाद होने पार्टी के तरफसे कह रहा हूं, जामताड़ा में एनआरसी लागू होगा और जो लोग चाहे वह 50 सालों से हो 60 सालों से चाहे वह एक समुदाय के लोग बंगलादेश से जमाई टोला बसाए हुए हैं, उनको पकड़ पकड़ के बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। जामताड़ा को जामताड़ा रहने दिया जाएगा। शाही ने कहा कि जामताड़ा, मधुपुर और पाकुड़—तीनों क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या 50 हजार से अधिक है। शाही ने स्पष्ट किया कि घुसपैठ की जांच के लिए एसआआर, सीएए और एनआरसी—तीनों प्रक्रियाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके मंत्री बनने के बाद कथित तौर पर बांग्लादेशियों को जन्म प्रमाण पत्र भी मिलने लगे हैं।

## राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह में भाग लेंगे राजनाथ और चंद्रबाबू नायडू

पायनियर संवाददाता ≺ अयोध्या
www.dailypioneer.com



राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह में 31 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू यजमान के रूप में शामिल होगे और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित सभी मंदिरों पर ध्वजारोहण करेंगे। राममंदिर पर ध्वजारोहण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया था। अब राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के द्वितीय वर्षगांठ पर शेष मंदिरों पर ध्वजारोहण होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की अहम बैठक श्रीमणिराम दास छावनी में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें प्रतिष्ठा द्वादशी के आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र सहित अन्य ट्रस्टी मौजूद रहे। ट्रस्ट की बैठक में जाने से पहले राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में पुराने मंदिर का स्मारक बनाया जाएगा और राम मंदिर आंदोलन में बलिदान देने वाले कारसेवकों और महापुरुषों का भी स्मारक बनेगा। उन्होंने बताया कि राम मंदिर की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। बाउंड्री वॉल में 25 वॉच टावर बनाए जाएंगे।

# जितिन प्रसाद से बातचीत के बाद किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत के युवाओं की वापसी का रास्ता साफ


एजेंसी ≺ पीलीभीत
www.dailypioneer.com



केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत संसदीय क्षेत्र के युवाओं के परिजनों ने दिल्ली में उनके आवास पर जाकर भेंट की। मुलाकात के बाद जितिन ने भारतीय दूतावास के सचिव से सीधी बात कर फंसे हुए युवकों के शीघ्र वापसी की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने के निर्देश दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह बताया कि जितिन की इस पहल के बाद चिंतित परिजन संतुष्टि के साथ प्रसन्न हुए। मंत्री ने पीड़ित परिजनों को किर्गिस्तान में फंसे युवाओं की पंद्रह दिनों में संभवतः वापसी का आश्वासन भी देकर विदा किया। पीड़ितों को दिल्ली आवास पर जितिन प्रसाद के पास ले जाकर क्रांतिकारी विचारमंच के नेता देव स्वरूप पटेल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने भेंट कराई। दोनो नेताओं ने संयुक्त रूप से मीडिया को बताया कि दिल्ली मिलने गए पीलीभीत पीड़ितों के परिजनों ने मंत्री जितिन को बताया कि उनके परिवार के युवक पिछले काफी समय से किर्गिस्तान में फंसे हुए हैं। उन्हें रूस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर किर्गिस्तान भेजा गया था। वहां उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें समय पर वेतन भी नहीं मिल रहा है। जितिन प्रसाद ने तत्काल किर्गिस्तान स्थित भारतीय दूतावास के सेक्रेटरी से फोन पर संपर्क कर फंसे हुए नागरिकों और उनके परिजनों की पूरी स्थिति से उन्हें अवगत कराया। जितिन प्रसाद ने दूतावास के सचिव को इन सभी युवाओं को सुरक्षित और जल्द भारत वापस बुलाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएँ शीघ्र पूरी कराने का निर्देश दिया। इस प्रकरण में पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव भी उत्तर प्रदेश के गृह सचिव को विस्तृत रिपोर्ट भेज चुके हैं। दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, लेखराज भारती, डॉ. सौरभ शर्मा, देव स्वरूप पटेल और किर्गिस्तान में फंसे युवाओं के परिजन भी उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार के दो वर्ष के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं : डॉ. मीणा

एजेंसी ≺ अलवर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के कृषि मंत्री और अलवर जिला प्रभारी डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने कहा है कि वह राज्य सरकार के दो वर्ष के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। डॉ मीणा ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की सरकार सभी वर्गों के लिए अच्छा काम कर रही है। हनुमानगढ़ में एथेनॉल फैक्ट्री को लेकर चल रहे किसान आंदोलन पर उन्होंने कहा कि यह करार वर्ष 2022 में कांग्रेस के शासनकाल में हुआ था। यह एशिया की सबसे बड़ी परियोजना है जिस पर 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे और रोजगार भी उपलब्ध होगा। इसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगेगा। डॉ. मीणा ने विपक्ष के नेताओं पर आरोप लगाया कि किसानों को आंदोलन के लिए उकसाया गया, उन्हें भड़काया गया, क्योंकि किसान अपनी जगह सही हो सकते हैं। उनको सही तथ्यों की जानकारी नहीं दी गयी। पिछली सरकार को किसानों को इस कंपनी को लेकर सभी जानकारी को बताया जाना चाहिए। किसानों को अंदेशा है कि यहां का गंदा पानी निकलेगा खेती खराब करेगा। प्रदूषण बढ़ेगा यह जो शंकाएं किसानों की हैं उन्हें दूर सरकार को करना और किसानों को समझाया जाएगा। अगर कहीं भी कोई चीज कमी है तो उसमें सुधार भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह चार बार हनुमानगढ़ गये थे, किसानों ने इस संबंध में उनसे बात भी नहीं की। उन्होंने बताया कि हर समस्या का हल संवाद से निकलता है और वहां के प्रतिनिधि जयपुर आकर मिलें और रास्ता जरूर निकलेगा। मुख्यमंत्री से सलाह के लिये समय लेकर उनसे बात करेंगे और अगर प्रतिनिधिमंडल वहां से नहीं आता है तो सरकार के नुमाइंदे वहां जाकर बात करेंगे। डॉ. मीणा ने कहा कि उन्हें सब पता है की कौन माहौल बिगड़ रहा है। इसमें कौन-कौन से तत्व इसमें शामिल हैं। विधायक और सांसद के खिलाफ मुकदमे के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके ऊपर भी जनहित से संबंधित 138 मामले चल रहे हैं। सरिस्का को लेकर दो मामले दर्ज हुए थे। सरिस्का बचाने को लेकर उन्होंने आंदोलन किया था। सवाई माधोपुर में बजरी के खिलाफ भी आंदोलन हुआ था, जिसमें भी उनके खिलाफ मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि जनहित के मामलों में उनके खिलाफ मामले दर्ज हैं और सरकार इन मामलों को लेकर क्या करेगी क्या नहीं करेगी वह तो सरकार ही बताएगी। किसानों को खाद के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसानों को खाद मिल रही है और उस पर पूरी तरह निगरानी कर रही है। चाहे निजी दुकानदार खाद बेच रहा है या सहकारी समिति द्वारा खाद बेचा जा रहा है। सब पर निगरानी है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि गड़बड़ी जरूर है, क्योंकि कुछ लोग इसका स्टॉक करके राज्य से दूसरे राज्य में बेच रहे हैं। अब तो सबसे बड़ी बात है कि किसानों ने भी जमा किया है। यह समझ से परे है कि किसानों ने क्यों जमा किया है। हो सकता है कि उनके दिमाग में यह बात हो कि आगे कभी खाद न मिले।

## अजित पवार ने रायगढ़ में महायुति सहयोगियों के बीच बढ़ते तनाव को शांत करने के लिए कदम उठाया

एजेंसी ≺ नागपुर
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के सहयोगी दलों शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच रायगढ़ जिले में बढ़ते तनाव को कम करने के लिए उपमुख्यमंत्री एवं एनसीपी नेता अजित पवार ने मध्यस्थता की है। उन्होंने दोनों पक्षों के नेताओं से संयम बरतने और विवादों को बढ़ाने से बचने की अपील की। महायुति को मजबूत और एकजुट रखने के प्रयास में पवार ने शिवसेना के नेताओं भरत गोगावले और उदय सामंत से संपर्क किया तथा उन्हें मतभेदों को बढ़ने न देने की सलाह दी। उन्होंने इस मुद्दे पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे से भी चर्चा की। रायगढ़ जिले में वर्तमान में शिवसेना के तीन विधायक हैं, भरत गोगावले, महेंद्र दलवी और महेंद्र थोरवे। इन नेताओं और एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के बीच संबंधों में कथित तौर पर खटास है, जिससे जिले में राजनीतिक गतिरोध पैदा हो गया है। नतीजतन, रायगढ़ को अभी तक पालक मंत्री नहीं नियुक्त किया गया है। हाल की नगर पंचायत चुनावों के दौरान दोनों गुटों के नेताओं ने एक-दूसरे पर खुलेआम आरोप लगाये, जिससे दरार और गहरी हो गयी। शिंदे गुट ने तटकरे खेमे पर विधायक महेंद्र दलवी की नोटों की गड्डियों के साथ विवादास्पद तस्वीरें प्रसारित करने का भी आरोप लगाया है। दोनों गठबंधन सहयोगियों के बीच विरोध से आगामी स्थानीय निकाय चुनावों पर असर पड़ने की आशंका के कारण पवार को मध्यस्थ बनकर आगे आना पड़ा, ताकि रायगढ़ जिले में महायुति की संभावनाओं को और नुकसान न पहुंचे।

# खनिज तस्कर जिले में मासूम बच्चों के लिए खोद रहे हैं मौत का गड्ढा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले मे गौड खनिज उत्खनन करने वाले खनिज तस्कर इतने बेखौफ है कि जिला मुख्यालय में हफ्ते भर पहले ही हुई गड्ढे में डूब कर मासूम बच्चे की मौत से भी सबक नहीं ले पा रहे हैं, अंधाधुन अवैध गौण खनिज उत्खनन के चलते मनमानी तरीके से कहीं पर भी उत्खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं वहीं जिले मे खनिज माफिया अवैध गौड खनिज उत्खनन करते इतने बेखौफ है कि 15 से 20 फिट जमीन के निचे खुदाई करने मे भीं गुरेज नहीं करते एक तरफ खनिज माफिया करवा रहा उत्खनन , दूसरी तरफ उन गड्ढे में डुबकी लगाते दिखे मासूम बच्चे ऐसा ही एक नजारा कोंडागांव जिले से लगे कोपाबेड़ा में नजर आया जहाँ एक खनीज माफिया के द्वारा बाकायदा चेन माउंटेन का प्रयोग करते हाइवा गाड़ियों से गौड खनिज उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था बड़ी बात यह थी कि एक तरफ खनिज माफिया की उत्खनन मशीन चल रही थी तो वहीं पर उस मशीन के खुदाई से निर्मित गड्ढे में नव ननिहाल मासूम बच्चे डुबकियां लगा रहे थे जिसकी सूचना राहगीरों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों व मीडिया कर्मियों को दी गई, वहीं सूचना पर राजस्व विभाग के आला अधिकारी अमला सहित मौके पर पहुंचा था बताया जा रहा है कि उक्त भूमि रूप राय पिता मेहतर का है वहीं उक्त गडढा जिस पर बच्चे नहा रहे थे वों गड्ढा खनिज परिवहन करने वाले भू माफिया के द्वारा बर्तन धोने के लिए खोदा गया था बड़ी बात यह है कि खनिज उत्खनन के दौरान भी छोटे बच्चे उस गड्ढे में डूबकियां लगा लग रहे थे जहाँ उन्हें रोकने वाला भी कोई नहीं था जिसके चलते बड़ी घटना की बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता था। मौके पर पहुंची डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया ने बताया कि मामले पर जांच की जा रही है नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बाईचुंग भूटिया की उपस्थिति से बस्तर में छाया उत्साह

जगदलपुर। संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का भव्य समापन समारोह इस बार एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना। इस अवसर पर भारतीय फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में से एक, बाईचुंग भूटिया ने कार्यक्रम में शिरकत की, जिनकी उपस्थिति ने पूरे माहौल में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया। अपने चहेते खिलाड़ी को अपने बीच पाकर बस्तर के नौजवान खिलाड़ी अत्यधिक उत्साहित और रोमांचित हो उठे। बाईचुंग भूटिया, जिन्हें भारतीय फुटबॉल में सिक्किमी स्निपर के नाम से जाना जाता है, विशेष रूप से संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के समापन अवसर पर जगदलपुर पहुँचे थे। उन्होंने केवल अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, बल्कि खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से उनका उत्साह बढ़ाया और खेल के प्रति उनके समर्पण तथा जुनून की सराहना की। बाईचुंग भूटिया का नाम भारतीय फुटबॉल के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। वह यूरोपियन क्लब (इंग्लैंड के बरी फुट बॉल क्लब) के लिए खेलने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने थे, जिसने भारतीय प्रतिभा के लिए वैश्विक द्वार खोले। लंबे समय तक भारतीय राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने और 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का उनका रिकॉर्ड प्रेरणास्रोत है। खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार और देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया है।

# नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अमृत मिशन 2.0 के तहत किया जा रहा पाइप लाइन बिछाने का कार्य



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अमृत मिशन 2.0 के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य शहर में किया जा रहा है उपरोक्त स्थल में पाइप लाइन बिछाने का कार्य व्यस्त आवाजाही को ध्यान में रखते हुए रात्रि कालीन शिफ्ट वाइस कार्य किया गया और पाइपलाइन का फीलिंग एंड डस्ट फीलिंग के कार्य किया गया हाइड्रो टेस्टिंग के बाद रेस्टोरेशन का कार्य जल्दी प्रारंभ करने के बाद सड़क मरम्मत का कार्य भी साथ में ही किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने इस योजना के तहत विकास कार्य में नागरिकों को परेशानी होने की संभावना व्यक्त करते हुए अमृत मिशन 2.0 योजना कोण्डागांव में जल आपूर्ति का काम तेजी से कार्य करने कहाँ गया है एवं कोंडागांव नगर के नागरिक को जल्द ही कोंडागांव बांध से मिलने वाला शुद्ध और सुरक्षित पेयजल के माध्यम से सीधे उनके घरों तक पहुंचेगा भारत सरकार की मिशन अमृत 2.0 योजना के तहत कोंडागांव में 102 करोड रुपए की लागत से जलप्रदय को योजना तेजी से आकर ले रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लगभग 54: कार्य पूर्ण कर लिया गया है और आगामी वर्ष के भीतर इस लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्धारण किया गया है इस योजना के तहत को साथ ठंड बढ़ जो कि नगर से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित है सेजल लाकर उसे 9 एमएलडी क्षमता वाले आधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में शुद्ध किया जाएगा इसके पश्चात यह जल नगर में मौजूद पांच मौजूद पानी टंकी और निर्माण अधीन दोनों हुआ है टंकियां के माध्यम से नागरिकों तक पहुंचाया जाएगा जिसके तहत् कोंडागांव शहरी क्षेत्र में 9895 नल कनेक्शन दिया जाना है जिसके तहत् 4000 कनेक्शन दिया जा चुका है।

# सरस्वती साइकिल योजना के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल एड़का में छात्राओं को किया गया निःशुल्क साइकिल वितरण



पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एड़का में कक्षा 9वीं की 50 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने छात्राओं से पाठ्यक्रम, शिक्षण प्रक्रिया एवं आगामी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए और सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संतनाथ उसेंडी, जनपद पंचायत सदस्य मंगली कावड़े, उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति राजू दुग्गा, प्राचार्य जितेंद्र देवांगन, पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड पंच चरण पांडे, प्रभु पाण्डे, भुवेक चंद चक्रधारी, परसूशोरी, सरिता कोर्राम सहित ग्रामवासी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पखांजूर में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत आयोजित

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com





तालुका विधिक सेवा समिति, पखांजूर के तत्वावधान में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन पखांजूर में किया गया। लोक अदालत में कुल 1836 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया, जबकि 64 प्रकरण लंबित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्सुकता देखने को मिली। बड़ी संख्या में पक्षकार अपने-अपने मामलों के समाधान की उम्मीद लेकर लोक अदालत पहुंचे। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, पखांजूर विजय कुमार मिंज ने बताया कि लोक अदालत में आए पक्षकारों ने सिविल मामलों में आपसी सहमति और राजीनामे के माध्यम से अपने विवादों का समाधान किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय की लंबी प्रक्रिया और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए लोगों ने लोक अदालत में विशेष रुचि दिखाई। मिंज ने बताया कि इस लोक अदालत में धारा 138 के प्रकरण, घरेलू विवाद एवं हिन्दू विवाह अधिनियम से संबंधित मामलों का भी निराकरण किया गया। इनमें एक महत्वपूर्ण प्रकरण में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद का सफल समाधान हुआ। दोनों पति-पत्नी काफी समय से अलग रह रहे थे। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता गोपाल शील एवं राजेश नायर द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश और कानूनी परामर्श दिए जाने के बाद आपसी सहमति से विवाद का समाधान हुआ, जिसके पश्चात पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ घर लौटे। न्यायाधीश मिंज ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द भी बना रहता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि पारिवारिक एवं आपसी विवादों के समाधान के लिए लोक अदालत जैसे वैकल्पिक न्याय मंचों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं विधिक सेवा समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एफआरए क्लस्टर ग्राम मयूर डोंगर में तीन दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण सम्पन्न




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मछली पालन विभाग जिला कोंडागांव द्वारा 03 दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण का आयोजन एफ़. आर. ए. क्लस्टर ग्राम मयूर डोंगर में 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में ग्राम मयूरडोंगर एवं ग्राम चारगाव के कुल 40 कृषक लाभान्वित हुए। प्रशिक्षण में मछली पालन की वैज्ञानिक विधियों से मछली पालन की जानकारी के साथ-साथ विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ज्ञात हो कि वर्ष 2018-19 में समन्वित कृषि को आगे बढ़ाने एवं कृषि, मुर्गीपालन, मछली पालन एवं उद्यानिकी फसल को बढ़ावा देने और आजीविका विकसित के लिए 110 एकड़ में क्लस्टर में कृषि के क्षेत्र में विकास की संकल्पना से यह पहल शुरू किया गया है, जिसमें मछली पालन भी शामिल है। इसके तहत कृषकों को तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम मे सरपंच मयूर डोंगर जयलाल नेताम, विशेषज्ञ योगेश कुमार देवांगन, शासकीय उच्चतर मा. वि. मयूर डोंगर के प्राचार्य जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन उपस्थित रहे।

# परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित रखने के लिए कोंडागांव पुलिस प्रतिबद्ध है : एसपी पंकज चंद्रा

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com




आरक्षक संवर्ग भर्ती चयन समिति, पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोंडागांव की ओर से एडिशनल एसपी के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए यह स्पष्ट किया है कि 09 दिसंबर को प्रकाशित आरक्षक भर्ती परिणाम जिला नारायण पुर की सूची में आवेदन संख्या में कंप्यूटर एरर के कारण एक तकनीकी त्रुटिवश आवेदन संख्या की पुनरावृत्ति हो गई थी। त्रुटि केवल आवेदन संख्या के कॉलम में हुई थी जिसे जानकारी मिलते ही तत्काल त्रुटि सुधार कर लिया गया था । इसमें व्यापम द्वारा जारी उम्मीदवारों के नाम तथा रोल नंबर पूरी तरह सही व समान थे इनमें कोई त्रुटि नहीं हुई थी। परीक्षा परिणाम, चयन प्रक्रिया तथा मेरिट से संबंधित सभी सूचनाएँ यथावत एवं पूर्णतः सही हैं। चयनित अभ्यर्थियों के परिणामों में कोई परिवर्तन नहीं है। चयन सूची की उपरोक्त तकनीकी त्रुटि को अविलंब सुधार उपरांत ही त्रुटि रहित चयन सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय और पुलिस लाइन के नोटिस बोर्ड में प्रकाशित की जा चुकी है। अतः सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि इस तकनीकी त्रुटि को लेकर किसी प्रकार की चिंता, भ्रम में ना आए न ही अफवाहो पर विश्वास करें। सभी संबंधित हितधारकों की जानकारी और हित में, त्रुटि के सुधार के उपरांत अंतिम चयन सूची पुनः संलग्न की जा रही है. कोंडागांव जिला पुलिस प्रशासन संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रजत जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत चिंगनार के 95 वृद्धजनों का हुआ सम्मान




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जनपद पंचायत फरसगांव के ग्राम पंचायत चिंगनार में हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत भोंगापाल और जाकरी के 95 वृद्धजनों को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य, ग्राम सरपंच पंच गण और मितानीन उपस्थित थे। रजत जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत के 25 वृद्धजनों का डी.एल.सी. कार्य भी पूर्ण किया गया। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई और नशा मुक्ति के बारे में नुकसान की जानकारी प्रदान की गई एवं 01 वैशाखी, 02 श्रवण यंत्र, 50 वृद्धजनों का छड़ी प्रदान किया गया। मितानीन के द्वारा मलेरिया का जांच किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण, मितानीन एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी ललिता लकड़ा एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

**दीदी हैं तो भरोसा है : ग्रामीण**

# रोजगार सहायक ने पीएम आवास की राशि में की हेराफेरी, ग्रामीणों ने की आयोग सदस्य से शिकायत

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



जिले के विकास खण्ड छिंदगढ़ के ग्रामपंचायत मारेंगा में पीएम आवास के हितग्राहियों के कथनानुसार वहां के पंचायत कर्मियों ने उनकी मजदूरी की राशि का गबन कर लिया है जिसकी शिकायत करने दो दर्जन से अधिक ग्रामीण जिला मुख्यालय में जाकर दीपिका शोरी सदस्य,छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग से की है । दीपिका ने उनकी बातों को गम्भीरता पूर्वक सुना व तत्काल कलेक्टर देवेश ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर से बात की व सभी ग्रामीणों लेकर जिला पंचायत पहुंच कर सीईओ से भेंट कर इस प्रकरण को विशेष प्राथमिकता में रखते हुए तत्काल निराकरण करने हेतु कहा। सीईओ मुकुंद ठाकुर ने तत्काल इस प्रकरण की जांच हेतु चार सदस्यीय टीम गठित कर उचित जांच करके हितग्राहियों को जल्द न्याय प्राप्त हो इस विषय में कर्मचारियों को निर्देशित किया साथ उक्त पंचायत के रोजगार सहायक के कार्यकाल के समस्त कार्यों की बारिखी से जांच कर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही करने की बात की। गोपाल नाग, घासीराम बघेल,मनीराम नाग, रानुराम नाग, लालाराम, भीमाराम, धनसिंह, महादेव, रामूराम, घासीराम, महादेव, सोमारू, सोनेराम, सोमाराम, बुधराम, शिवकुमार, चेतन नाग, बुधराम व धनसिंह नाग ने कहा कि हम लोग बहुत परेशान हैं गरीब लोग हैं अपने ही आवास में मजदूरी किया, पर आजतक मजदूरी नहीं मिली जब हम लोगों ने जनपद छिंदगढ़ में एक हितग्राही के आवास का मस्टररोल निकाला तो पता कि हमारी मजदूरी अन्य लोगों के बैंक खाते में डाल दिया गया है जिन्होंने कोई काम ही नहीं किया था, तब हम लोगों ने दीपिका दीदी से मिलकर राशि दिलाने की निवेदन किया, दीदी ने भी कार्यवाही करते हुए कलेक्टर एवं सीईओ से बात की व कार्यवाही करवाने की बात की, हम सभी को दीदी हैं तो भरोसा है।

## अमृत योजना के तालाब में मजदूरी के बदले मिली साउंड सिस्टम–ग्रामीण

इस शिकायत साथ ही ग्रामीणों ने रोजगार सहायक की एक अन्य कार्य की शिकायत करते हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार के समय अमृत योजना के तहत हमारे ग्राम में हम सबने बहुत ही मेहनत करते हुए अमृत तालाब में मजदूरी की थी परन्तु सम्पूर्ण मजदूरी की जगह जिम्मेदार लोगों ने हमें 40 हजार का एक साउंड सिस्टम पकड़ा दिया व मजदूरी आजतक नहीं दी।

## मजदूरों से छल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा होगी दण्डात्मक कार्यवाही : दीपिका

इस विषय पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने कहा कि मजदूरों से छल कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जांच के दौरान अगर किसी भी प्रकार से अनियमितता निकल कर आती है तो समस्त जिम्मेदारों पर दण्डात्मक कार्यवाही होगी।

# अनंतपुर थाना क्षेत्र के कोटवारों का बैठक थाना को तत्काल सूचना देने दी समझाईश



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

थाना क्षेत्र के कोटवारों का मीटिंग लिया गया मीटिंग में कोटवारों को मुसाफिर रजिस्टर बनाकर गांव में बाहर से आने-जाने वाले फेरी वालों, कबाड़ी सामान खरीदने वाले, कुर्सी बेचने वाले, बाहर से मजदूरी के लिए आने वालों का नाम दर्ज करने एवं सभी कोटवारों को गांवों में होने वाली घटना, विवाद, आदि के बारे में थाना को तत्काल सूचना देने समझाईश दिया गया। आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, अगर कोई अनजान व्यक्ति आपसे खाते की जानकारी मांगे, तो तुरंत थाना अनंतपुर पुलिस को सूचित करें, सुरक्षा ही बचाव है, अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने, थाना क्षेत्र के सभी कोटवारों को सतर्क रहने एवं गांवों में मुनियादी करने हिदायत दिया गया।

# पीएम, सीएम का नाम कम, निर्वाचित जनप्रतिनिधि का नाम ज्यादा चल रहा

## मामला-कमार परिवारों के उत्थानार्थ हेतु चलाई जा रही योजना का

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समूचे देशवासियों के लिये अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। उनमें जनमन योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं जिसका क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा शत प्रतिशत करवाये जाने का लक्ष्य रखते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। करोड़ों, अरबों रूपये की लागत से चलने वाली इन योजनाओं को लेकर तमाम प्रशासनिक अधिकारी लगे हुए हैं। लेकिन धमतरी जिला एक ऐसा जिला है जहां भोलेभाले कमार परिवारों के नाम पर जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम को एक सत्तापक्ष के निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा अपने निजी लागत से कराये जाने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है जिससे उस क्षेत्र में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का नाम छोड़ कमार परिवारों के बीच उक्त नेता की जय-जयकार हो रही है जिससे पार्टी के लोगों में भी कानाफूसी हो रही है। लेकिन मजाल है कि उक्त नेता पर अब तक कोई जांच कार्यवाही नहीं हुई है। पूर्ववर्ती सरकार के समय एक तत्कालीन कलेक्टर द्वारा कुछ वर्ष पूर्व डीएमएफ, सीएसआर फंड के दुरूपयोग की शिकायत पीएमओ कार्यालय तक की गई थी। इसकी जांच मुख्य सचिव को करने पत्र प्रेषित किया गया। लेकिन उन्होंने सेवा



निवृत्ति तक इसकी जांच न करते हुए इसे आयुक्त रायपुर संभाग को प्रकरण प्रेषित कर दिया जिन्होंने जांच के लिये कलेक्टर धमतरी को ही ज्ञापन प्रेषित करते हुए वास्तविकता प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा था किंतु इस प्रकरण में अंतिम जांच क्या हुई, इसका कुछ पता नहीं चला जबकि सिहावा विस क्षेत्र के जागरूक लोगों ने श्रृंगि ऋषि के पुराने भवन को तोड़ने का विरोध करते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के निर्माण में की गई घपलेबाजी का भारी विरोध करते हुए इसकी शिकायत प्रेषित की थी जिसमें कहा गया था कि तत्कालीन कलेक्टर ने निर्माण कार्य के लिये राशि आहरित की थी। लेकिन इसे डिस्मेंटल कार्य में लगा दिया। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में ऐसी अनेक गंभीर शिकायतें पूर्ववर्ती सरकार के समय भी तेजी के साथ मीडिया की सुर्खियों में रही। लेकिन न तो इस प्रकरण की जांच हुई और न ही करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाली स्कूल में आई दरारों का किसी ने संज्ञान लिया। चूंकि सिहावा विस क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, वहां होने वाले ऐसे कार्यों को लेकर फाईलें दबा दी जाती हैं। सिहावा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव का ऐसा ही मामला परिलक्षित हो रहा है जहां पीएम जनमन योजनांतर्गत कमार जाति के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी कर उनका जीवन स्तर उठाये जाने को लेकर शासन द्वारा स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए जिला प्रशासन समूचे योजनाओं को अमलीजामा पहना रहा है। लगातार उक्त क्षेत्र का भ्रमण कर वास्तविकता की भी जानकारी ली जा रही है। लेकिन इसी क्षेत्र के एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा उपरोक्त समूचे योजनाओं में शासन, प्रशासन द्वारा होने वाले खर्च को अपनी ओर से किये जाने वाला खर्च बताकर सस्ती वाहवाही लूटी जा रही है। भोलेभाले कमार परिवारों को यह नहीं मालूम कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूर्ण करवाई जा रही है। वे तो यही जान रहे हैं कि हमारे क्षेत्र के नेता द्वारा यह सब कार्य कराकर हमारे जीविकोपार्जन को बदलते हुए आम नागरिकों की तरह जीवन यापन करने के लिये यह राशि खर्च की जा रही है। हद तो यह है कि इस मामले की जानकारी जागरूक नागरिकों को होने के बाद उन्होंने इसकी शिकायत मीडिया के लोगों को की जिन्होंने स्थल मुआयना कर उक्त क्षेत्र में जाकर संबंधित क्षेत्र की वास्तविकता उजागर की, इसके बाद भी शासन ऐसे अपने ही पार्टी के नेता से संज्ञान तक नहीं लिया। वहां कमार परिवारों में पीएम, सीएम का नाम कम, तथा उक्त बड़बोले नेता का नाम अधिक चल रहा है। पार्टी स्तर के नेता भी उक्त नेता के बड़बोले बोल को लेकर उस पर कोई बंदिश लगाने तैयार नहीं हैं।

# बैंक में फंसी राशि की वापसी हेतु विशेष पहल जिले में आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान का शुभारंभ

## वित्त मंत्रालय द्वारा दावा रहित जमा राशि के लिए जिला स्तरीय शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दावा रहित जमा राषि के लिए जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिले में नागरिकों की अनक्लेम्ड बैंक राशि, फिक्स्ड डिपॉज़िट, बीमा दावे, पीएफ एवं अन्य निष्क्रिय वित्तीय संपत्तियों की वापसी को सरल बनाने के उद्देश्य से आज जिला पंचायत सभाकक्ष में 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। जिले में कुल 29 हजार 91 खातों में कुल 6.1 करोड़ की राशि जमा है। इस शिविर में एसबीआई गरियाबंद शाखा द्वारा विजय कुमार दुबे को 6 हजार 92 रूपये का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस शिविर में जमा राशि 23 लाख 17 हजार रूपये के कुल 53 खातों को सक्रिय किया गया। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य नागरिकों को उनकी जमा लेकिन अप्राप्त वित्तीय संपत्तियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सरल प्रक्रिया के माध्यम से उनकी राशि वापस दिलाना है। इस कार्यक्रम के दौरान रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया के महाप्रबंधक अमरेंद्र गुप्ता ने बताया कि 10 वर्ष या अधिक समय से निष्क्रिय बैंक खातों और अन्य वित्तीय संपत्तियों को अब यूडीजीएएम के पोर्टल के माध्यम से खोजा और दावा किया जा सकता है। उन्होंने ने बताया कि तीन आसान चरणों में राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया हैं। प्रथम चरण बैंक के किसी भी शाखा में जाए भले ही वह आपकी नियमित शाखा न हो, दूसरा चरण केवाईसी दस्तावेज जैसे आधार, पोसपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस के साथ फार्म जमा करें, तीसरा चरण सत्यापन के बाद ब्याज सहित मूलधन प्राप्त कर सकते है। जिसमें आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची सहित अनक्लेम्ड संपत्तियों की पहचान संबंधी विस्तृत जानकारी आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वाट्सअप नम्बर 99990-41935 में सम्पर्क कर सकते है। कलेक्टर बीएस उइके ने कहा, नागरिकों की जमा पूंजी उनका वैधानिक अधिकार है। जानकारी के अभाव में वर्षों से लंबित वित्तीय राशि को लौटाने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र नागरिक अपनी जमा राशि से वंचित न रहे। उन्होंने जिले के सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे दावे की प्रक्रिया को सहज एवं पारदर्शी बनाते हुए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित हो सकें। बैंक अधिकारियों ने बताया कि कई नागरिक दस्तावेज़ों की कमी, पुराने खातों की स्थिति या जानकारी के अभाव के कारण अपनी राशि वापस नहीं ले पाते। अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिकों को दस्तावेज़ सत्यापन, दावा दर्ज करने और राशि प्राप्त करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पुराने बैंक खातों, परिवारजनों के निष्क्रिय खातों एवं अन्य वित्तीय अभिलेखों की जाँच कर निकटतम बैंक शाखा या यूजीडीएएम पोर्टल के माध्यम से अपनी लंबित राशि का दावा अवश्य करें, ताकि उनकी जमा पूंजी सुरक्षित रूप से उन्हें वापस मिल सके। इस दौरान जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक विनीत मोहन खरे, जिला कोषालय अधिकारी प्रेमचंद खलखो सहित जिले के समस्त बैंको के प्रबंधक, प्रतिनिधि एवं खाते धारक उपस्थित थे।

# मोखापुटका में रासेयो का 7 दिवसीय विशेष शिविर

## शिविर के दौरान होंगे विभिन्न संरचनात्मक कार्य, रासेयो स्वयंसेवकों को मिलेगा व्यवहारिक शिक्षा




पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

रामचंडी महाविद्यालय सरायपाली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा जिला संयोजक मालती तिवारी के निर्देशन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एनके भोई के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रधान के नेतृत्व में ग्राम मोखापुटका में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष शिविर का मुख्य विषय स्वच्छ भारत के स्वच्छ युवा रखा गया हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और रासेयो लक्ष्य गीत से हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एनके भोई ने की ,शिविर के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मोखापुटका के सरपंच लोचन भावना पटेल, विशिष्ट अतिथि गांव के गौटीया जगदानंद चौधरी व उपसरपंच शिवनारायण पटेल व ध्वज कुमार पटेल उपस्थित रहे।

### युवाशक्ति को राष्ट्र निर्माण में लगाने का माध्यम है रासेयो

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी भरत कुमार प्रधान ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि लगभग 60 स्वयंसेवक अगले सात दिनों तक गांव में स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और साक्षरता कार्यक्रमों पर काम करेंगे। मुख्य अतिथि लोचन भावना पटेल ने अपने संबोधन में युवाओं के जोश और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक योजना नहीं है, यह युवाओं को अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाने का एक शक्तिशाली मंच देता है। मेरा मानना है कि आज के ये स्वयंसेवक कल के जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

### सामुदायिक सहभागिता से सकारात्मक बदलाव के होंगे साक्षी

अध्यक्षीय उदबोधन में डॉ भोई ने स्वयंसेवकों को अनुशासन का पालन करते हुए शिविर के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में मिडिल स्कूल मोखापुटका के प्रधानपाठक धनश्याम पटेल, प्राइमरी स्कूल के प्रधानपाठक अंजू पटेल तथा बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत के पंचगण ताबीजलाल सिदार, लीला साहू, ललिता पटेल, लवन साहू, शंभूनाथ साहू रोजगार सहायक सहित ग्रामीणजन, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण व छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने 'जय हिन्द' के नारे के साथ अपनी सेवा भावना का प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान ग्राम सुधार, वृक्षारोपण और प्राथमिक स्वास्थ्य जांच जैसी गतिविधियाँ प्रमुख रूप से आयोजित की जाएँगी।

# फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ : रबी वर्ष 2025 26 में फसल बीमा हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

रबी वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों के बीमा हेतु अधिसूचना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी कर दी गई है। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से गेहूं सिंचित/असिंचित, चना, राई-सरसों एवं अलसी को इस योजना के तहत शामिल किया गया है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित है। जारी अधिसूचना के अनुसार प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम दर इस प्रकार है-गेहूं सिंचित 585 रू., गेहूं असिंचित 420 रू, चना 600 रू., राई-सरसों 420 रू., अलसी 285 रू.। फसल बीमा से किसानों को ओलावृष्टि, अतिवृष्टि, सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति की भरपाई का मजबूत सुरक्षा कवच मिलता है। कृषि विभाग द्वारा इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

### किसान भाइयों से अपील

उप संचालक कृषि ने सभी किसानों से अधिक से अधिक फसल बीमा कराने का आग्रह किया है, ताकि फसल क्षति की स्थिति में उन्हें उचित मुआवजा प्राप्त हो सके। बीमा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए किसान कृषि विभाग के मैदानी अमले, संबंधित बैंक शाखाओं एवं बीमा कंपनी के अधिकृत अभिकर्ताओं से संपर्क कर सकते हैं।

# नई चेतना 4.0 के तहत मदनपुर क्लस्टर में जेंडर समानता कार्यक्रम आयोजित



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के मदनपुर क्लस्टर में नई चेतना राष्ट्रीय अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण जेंडर (लैंगिक समानता) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत वसुंधरा संकुल संगठन मदनपुर में जेंडर अभियान अंतर्गत नई चेतना 4.0 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उददेश्य महिलाओं और समुदाय को जेंडर समानता के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम चैतन्य संस्था और बिहान योजना अंतर्गत क्लस्टर की महिलाओं की उपस्थिति में शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और परिचय के साथ हुई, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली। मुख्य गतिविधियाँ रंगोली कॉम्पिटिशन महिलाओं ने जेंडर समानता के विषयों पर आधारित रंगोलियाँ बनाई, जिससे रचनात्मक रूप से संदेश दिया गया। दीदी के गोठ (चर्चा) समूह की महिलाओं के बीच जेंडर अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। जेंडर गीत और वीडियो जागरूकता बढ़ाने के लिए जेंडर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए और संबंधित वीडियो दिखाए गए। सांप-सीढ़ी की मजेदार गतिविधि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जीवन चक्र में लिंग आधारित भेदभाव से संबंधित साँप-सीढ़ी की गतिविधि थी, जिसे वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सभी महिलाओं ने इस मजेदार गेम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीढ़ी चढ़ना सीढ़ी चढ़ने पर प्रतिभागियों को जेंडर समानता से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देनी थी, जो महिलाओं को शिक्षा और आर्थिक रूप से सशक्त बनाती हैं। साँप आना वहीं, साँप आने पर उन्हें समाज की रूढ़िवादी सोच और उससे होने वाले भेदभाव की जानकारी देनी पड़ी। यह गेम बहुत ही मनोरंजक और ज्ञानवर्धक रहा, जिसने जटिल विषय को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया।

# डांडेसरा में मखाना खेती का शुभारंभ, ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित ग्राम डांडेसरा के छोटी .छोटी डबरियों में मखाना पौधरोपण की औपचारिक शुरुआत स्व.सहायता समूह शैलपुत्री एवं नई किरण की महिलाओं द्वारा की गई। नई फसल की शुरुआत से क्षेत्र में उत्साह एवं उत्सुकता का वातावरण देखने को मिला है। महिला समूहों को पूर्व में मखाना उत्पादन, प्रबंधन एवं हार्वेस्टिंग का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं के लिए नए आय-सृजन के अवसर उपलब्ध होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा डांडेसरा पहुंचे और महिला समूहों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने नई खेती की शुरुआत पर बधाई देते हुए कहा कि मखाना इस क्षेत्र की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप बेहद उपयुक्त फसल है। कलेक्टर ने बताया कि मखाना की खेती हेतु दो से तीन फीट पानी पर्याप्त है। फसल छः माह में तैयार हो जाती है। यह धान की तुलना में अधिक लाभकारी है। मखाना न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है,



बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत पोषक है, जिसमें विटामिन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन एवं जिंक प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि धमतरी में मखाना की आधुनिक खेती किसानों तथा महिला स्व.सहायता समूहों के लिए आय बढ़ाने का नया मार्ग बनेगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि मखाना को धान के बेहतर विकल्प के रूप में बड़े पैमाने पर अपनाया जाए। उन्होंने तालाबों को मखाना खेती के अनुकूल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में आयोजित धमतरी कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ को मखाना बोर्ड में शामिल करने की घोषणा की गई थी जिससे राज्य में मखाना उत्पादन को राष्ट्रीय स्तर का सहयोग प्राप्त होगा। इसके पूर्व जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम राखी, दरगहन एवं सरसोंपुरी को मखाना खेती के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया गया है। इन गांवों में मखाना उत्पादन प्रगति पर है तथा फसल की हार्वेस्टिंग भी प्रारंभ हो चुकी है। कार्यक्रम में उप संचालक उद्यानिकी पूजा कश्यप साहू, उप संचालक कृषि मोनेश साहू एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ गजेन्द्र चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह पहल धमतरी जिले को मखाना उत्पादन के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगी।

# अब तक 40,874 किसानों से 19 लाख क्विंटल धान की खरीदी



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाया गया है। जिले की कुल 74 प्राथमिक सहकारी समितियों में अब तक 1,29,188 किसानों के 12,576.91 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है। 15 नवंबर 2025 से आरंभ उपार्जन प्रक्रिया के तहत अब तक 40,874 किसानों से 19,03,630 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसका कुल मूल्य 451.50 करोड़ रुपये है। किसानों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। आगामी 15 दिसंबर के लिए 3,035 किसानों को 13,806.62 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन जारी किए गए हैं। समितियों में सुव्यवस्थित परिवहन, ट्रॉली पार्किंग, तौल मशीनों की उपलब्धता एवं बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित कराई गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी खरीदी केंद्रों में रजिस्ट्रेशन से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया पारदर्शी रहे तथा प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के सभी पंजीकृत किसानों का धान समय पर और समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएए जिससे किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा एवं परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बी.एस. उईके की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर उइके ने जिले में बैंकिंग गतिविधियों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को हितग्राहीमूलक बैंकिंग ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश सभी बैंकिंग अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने बैठक में जिले के सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय विभागों द्वारा प्रकरण प्रेषित किए जाते हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करें। कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन एवं पशुपालन विभाग द्वारा भेजे गए केसीसी के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करे। कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक आवेदनों को शाखा लेवल में लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा जिन बैंक शाखा का ऋण अनुपात कम है उन्हें ऋण अनुपात निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा गया। साथ ही प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि क्षेत्र,



एमएसएमई ऋण वार्षिक लक्ष्य पूरा करने को कहा गया। कलेक्टर उइके ने जनकल्याणकारी योजनाओं, पीएम जनधन योजना अंतर्गत खोले गए बैंक खातों में आधार एवं मोबाईल सीडिंग तथा रूपे कार्ड वितरण की प्रगति की समीक्षा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने बैंक शाखा स्तर ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पंजीयन करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अग्रणी बैंक प्रबंधक, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग, एनआरएलएम प्रतिनिधि, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी ग्रामोद्योग, आदिवासी स्वरोजगार एवं अंत्योदय स्वरोजगार विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। कलेक्टर उइके ने बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत खोले गये बैंक खातों में आधार सीडिंग तथा रूपे कार्ड वितरण के प्रगति की समीक्षा की। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति, अंत्यावसायी स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना की जिले में प्रगति की समीक्षा कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के आवश्यक निर्देश दिये। जिला अंत्यावसायी के कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता ने बैठक में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्यूदय योजना (पीएम-अजय) के बारे में भारत सरकार की केंद्र प्रायोजित सामाजिक कल्याण योजना की जानकारी साझा की जिसका मुख्य उददेश्य अनुसूचित जाति समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इसमें अनु. जाति के समुदाय के आजीविका में वृद्धि, कौशल एवं स्वरोजगार विकसीत करना, शिक्षा में सामुदाय की भागीदारी बढ़ाना तथा अनु. जाति के मुख्य आबादी वाले गाँवों में बुनियादी सुविधाओं को सुधार कर जीवन स्तर उन्नत बनाने की दिशा में आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, एजीएम दीपेश तिवारी, एजीएम पंकज सोनटेके, एलडीएम विनीत मोहन खरे, जिला कोषालय अधिकारी प्रेमचंद खलखो, अंत्यावसायी विभाग के कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता, जिला व्यापार एवं उद्योग प्रमुख दिनबंधु ध्रुव, खादी

# जशपुर में बनेगा अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बड़ी सौगात

## 20.53 करोड़ की मिली स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी का मतलब ऐसी अकादमी से है जहाँ खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और बेहतरीन सुविधाएं (जैसे हॉस्टल, इनडोर/आउटडोर रेंज) मिलती हैं, ताकि वे राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में जशपुर जिले को एक और बड़ी सौगात मिली है। जिले के बगीचा विकासखंड के पंडरा पाठ में अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी (आर्चरी सेंटर) के निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण हेतु एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड से 20.53 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। नई तीरंदाजी अकादमी बनने से जिले के ग्रामीण और आदिवासी युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएँ मिलेंगी। यह पहल आने वाले समय में जशपुर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतिभाओं का हब बनाने में निर्णायक साबित होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें विश्व पटल तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता का यह एक और बड़ा उदाहरण है। अकादमी के बनने से जशपुर न केवल खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाएगा, बल्कि यह देश के युवा तीरंदाजों के लिए एक उत्कृष्ट प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभरेगा। यह पहल खेलों के विकास और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा हैं। तीरंदाजी अकादमी के निर्माण में एनटीपीसी लिमिटेड अपनी कॉर्प्रोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) योजना के अंतर्गत वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा। यहां आउटडोर और वातानुकूलित इनडोर तीरंदाजी रेंज, हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग सेंटर, छात्रावास जैसे निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। जशपुर के युवाओं में इस घोषणा को लेकर उत्साह का माहौल है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# अवैध धान पर संयुक्त टीम की कार्यवाही,605 बोरी अवैध धान जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी एवं अवैध धान पर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को तहसील पलारी एवं भाटापारा में कोचिये से 605 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम लछनपुर में साहेब लाल साहू से 200 बोरी अवैध धान जप्त कर ग्राम कोटवार के सुपुर्दगी में दिया गया। इसी तरह तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम तरेंगा में बिचौलिया मनोज साहू के गोदाम से 405 कट्टा अवैध धान जप्त कर गोदाम को सील किया गया।

# कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने लखनपुर-उदयपुर क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

## लखनपुर-उदयपुर क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ उदयपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने विधानसभा क्षेत्र लखनपुर और उदयपुर में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय संपर्क सुविधाएं मजबूत होंगी तथा ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। मंत्री ने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए कहा कि सभी आवश्यक परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा किया जाएगा। उदयपुर विकासखंड के चैनपुर-खमरिया मार्ग पर रेहंड नदी में उच्च स्तरीय पुल और पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 11 करोड़ 86 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री अग्रवाल ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमिपूजन किया, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को नदी पार करने में होने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिलेगी। पुल बनने के बाद स्थानीय बाजारों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच आसान हो जाएगी। ग्राम पंचायत लाटोरी में 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया का भी भूमिपूजन किया गया। इस समारोह में स्थानीय सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। यह पुलिया क्षेत्रीय संपर्क को और सशक्त बनाएगी, जिससे किसानों और ग्रामीणों को दैनिक कार्यों में सुगमता मिलेगी। मंत्री राजेश अग्रवाल ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार आपकी उपज का एक-एक दाना खरीदेगी और उचित मूल्य दिलवाएगी। यदि किसी समिति में कर्मचारी द्वारा अवैध वसूली, परेशानी या अनुचित व्यवहार होता है, तो टोल-फ्री नंबर पर शिकायत करें। शिकायत मिलते ही तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के विकास के प्रति समर्पण जताते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण विकास के लिए कटिबद्ध है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज रायपुर के 120 सीटर छात्रावास का किया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के 120 सीटर अनुबंधित छात्र-छात्रावास का विधिवत उदघाटन किया। शांति नगर क्षेत्र में निर्मित इस छात्रावास के शुरू होने से मेडिकल छात्रों को आवास संबंधी सुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी। उदघाटन अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस नए अनुबंधित छात्रावास के शुरू होने से छात्रों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अध्ययन के अनुकूल वातावरण मिलेगा, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज के स्थाई छात्रावास का भी निर्माण शीघ्र पूर्ण होगा। यह छात्रावास मूलभूत सुविधाओं से युक्त है, जिसमें स्वच्छ कमरे, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे दूर-दराज़ से आने वाले विद्यार्थियों को विशेष लाभ होगा। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने स्वास्थ्य मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस छात्रावास की सुविधा मिलने से उनकी पढ़ाई संबंधी दुविधा दूर हो गई है और अब वो बेहतर वातावरण में अच्छे से अपनी पढ़ाई और चिकित्सकीय कार्य कर पाएंगे। कार्यक्रम के दौरान रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, छात्र एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के कृषि विकास में पूर्ण सहयोग देगा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि विज्ञान केन्द्रों की समस्याओं का जल्द निराकरण होगा

## कुलपति डॉ. चंदेल ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक से मुलाकात की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. मांगीलाल जाट से मुलाकात कर उन्हे विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रस्तार गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ. चंदेल ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. जाट से विश्वविद्यालय एवं इसके अंतर्गत संचालित विभिन्न महाविद्यालयों की अधिमान्यता के संबंध में चर्चा की और महाविद्यालयों को शीघ्र अधिमान्यता प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों से संबंधित विषयों एवं समस्याओं से डॉ. जाट को अवगत कराया तथा कृषि विज्ञान केंद्रों से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु अनुरोध किया। इस संबंध में डॉ. जाट ने कहा कि देश भर में संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों की समस्याओं की निराकरण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा गंभीर विचार मंथन किया जा रहा है, उन्होंने इनके जल्द ही सुलझने की उम्मीद जताई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे अनुसंधान एवं विस्तार कार्यो की सराहना की और आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के किसानों की समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महानिदेशक डॉ. जाट ने आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में कृषि के विकास के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने पर जोर दिया और कहा कि इस कार्य योजना के क्रियान्वयन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। डॉ. जाट ने कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन डाक्यूमेंट में कृषि फसलों को केवल पेट भरने का साधन ना मानते हुए इन्हें पोषण तथा स्वास्थ्य रक्षा का स्त्रोत माना गया है। डॉ. जाट ने कहा कि विभिन्न कृषि फसलों की मानव स्वास्थ्य एवं पोषण में उपादेयता जानने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं (आई.सी.ए.आर.) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई.सी.एम.आर) मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने विभिन्न फसलों की पोषकता बढ़ाने हेतु इनके बायोफोर्टिफिकेशन पर जोर दिया। डॉ. चंदेल ने जानकारी दी कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विभन्न फसलों के बायोफोर्टिफिकेशन पर काफी कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलपति डॉ. चंदेल ने डॉ. जाट को छत्तीसगढ़ आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होनें सहर्ष स्वीकार किया।

# धान खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं, बढ़ गई समिति प्रबंधकों की चिंता

पायनियर संवाददाता ➤ अमलेश्वर
www.dailypioneer.com



पाटन ब्लॉक के धान खरीदी केंद्रों में धान के उठाव नहीं होने से समिति प्रबंधकों की चिंता बढ़ गई है। पहले किसानों को टोकन पाने के लिए जददोजहद करनी पड़ी, और अब धान का उठाव न होने से कई केंद्रों में खरीदी बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन ने 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की, लेकिन किसानों को ऑनलाइन टोकन लेने में परेशानियां आ रही हैं। 30% ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था भी समस्या का समाधान नहीं कर पा रही।अब ऑनलाइन टोकन 31 जनवरी 2026 तक करने की जानकारी सामने आ रही है जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। वही खरीदी केंद्रों में धान जाम होने लगा है, जिससे आने वाले समय में खरीदी प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। पिछले साल की तरह इस बार भी अगर धान का उठाव समय पर नहीं हुआ, तो कई केंद्रों में खरीदी बंद करनी पड़ सकती है। पिछले साल रानीतराई में खरीदी केंद्र के बाहर लेना पड़ा और सुरपा में तो स्कूल में खरीदी की गई वही सांतरा सोसायटी में तो हप्पते भर खरीदी ही बंद हो गई थी। लेकिन शासन-प्रशासन इस ओर से मौन है। जानकारी के मुताबिक, डीईओ (डिलीवरी ऑर्डर) तो कट रहा है, लेकिन ज्यादातर राइस मिलों के नजदीक के केंद्रों के लिए। दूरदराज के केंद्रों तक परिवहन गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही, शायद उनके लिए डीईओ नहीं कट रही। समिति प्रबंधकों का दर्द अब साफ दिख रहा है– धान के उठाव न होने पर सुखद (सूखा) आने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे समितियों को आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है।

# स्थापना के 14 साल बाद मिला हाई स्कूल खोकसा को पूर्णकालिक प्राचार्य

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय हाई स्कूल खोगसा को स्थापना के 14 साल बाद इसी विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ व्याख्याता पंचानन्द ठाकुर के रूप में पूर्णकालिक प्राचार्य मिला इससे समस्त स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान समारोह में शिक्षक गण चितरंजन गढ़तिया, सहायक शिक्षक टीकम त्रिपाठी, श्रीमती उमा पटेल प्रधान पाठक, रतना पटेल रोहित कुमार भट्ट, महावीर बोई बनखंडी, एनपी नायक (प्रधान पाठक) डीपी बंजारे, रुपलाल चौहान, सीके चौरसिया, शाला नायक नुतिका, निशा निषाद एवं बाल कैबिनेट के समस्त पदाधिकारी गण पुष्पगुच्छ एवं साल श्रीफल से नव पदोन्नत प्राचार्य का सम्मान किया गया किया गया। सभी शिक्षकों ने बारी बारी से उनके सम्मान में उनके साथ पिछला अनुभव को एवं उनके सादगी एवं शांत स्वभाव की प्रशंसा की । कार्य म का संचालन संकुल समन्वयक नंदकुमार चौहान ने किया एवं आगामी दिनों में शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री शिक्षक गुणवत्ता अभियान के अनुरूप कार्य करने हेतु शिक्षकों को अनुरोध किया एवं ऑनलाइन अटेंडेंस जाति प्रमाण पत्र एवं अपार आईडी निर्माण में सभी को सहयोग करने हेतु प्रेरित किया जिससे हमारा संकुल वांछित लक्ष्य को प्राप्त कर सके । अंत में प्राचार्य ने आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।

## रिएक्शन मिनिएचराइज़ेशन में उभरते ट्रेंड्स पर रोशनी डाली गई

# आईआईटी भिलाई में ऑर्बिटल केमसाइ सिम्पोजियम 2025 ने ग्लोबल साइंटिफिक एक्सीलेंस दिखाया

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



आईआईटी भिलाई के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट ने ऑर्बिटल केमसाइ सिम्पोजियम 2025 को सफलतापूर्वक ऑर्गनाइज़ किया, जिसमें जाने-माने साइंटिस्ट, एल्युमनाई और स्टूडेंट्स एक दिन के साइंटिफिक एक्सचेंज के लिए एक साथ आए। कैंपस में हुए इस सिम्पोजियम में इनवाइटेड लेक्चर, एल्युमनाई इंटरेक्शन और केमिकल साइंसेज और इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च के फ्रंटियर एरिया में स्टूडेंट प्रेजेंटेशन का एक रिच सीक्वेंस था। इवेंट की शुरुआत केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के एसोसिएट हेड डॉ. आर. मायल मुरुगन और सिम्पोजियम के कन्वीनर डॉ. अरूप मुखर्जी ने पार्टिसिपेंट्स का वेलकम किया और सालाना ऑर्बिटल केमसाइ सीरीज़ के पीछे के विज़न को आउटलाइन किया। इसके बाद प्प्ज् भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश ने इनॉगरल एड्रेस दिया, जिसमें उन्होंने एक मज़बूत रिसर्च इकोसिस्टम और इंटरनेशनल कोलेबोरेशन को बढ़ावा देने के लिए इंस्टीट्यूट के कमिटमेंट पर ज़ोर दिया। टेक्निकल प्रोग्राम की शुरुआत प्रो. पीटर कॉम्बा (यूनिवर्सिटी ऑफ हीडलबर्ग, जर्मनी) के एक खास लेक्चर से हुई, जिन्होंने क्यूरियोसिटी-ड्रिवन फंडामेंटल साइंस, इनोवेशन और ट्रांसफर, मेटल आयन-बेस्ड केमिस्ट्री के उदाहरण पर बात की। सेशन में साइंटिफिक मोमेंटम को प्रो. होल्गर गोहल्के के एक असरदार लेक्चर के साथ जारी रखा गया, जिसमें उन्होंने एंजाइमोलॉजी और एग्रीकल्चरल साइंस में मॉलिक्यूलर मशीन लर्निंग के एप्लीकेशन पर बात की। प्रो. प्रोसेनजीत डॉ, आईआईईएसआर बरहामपुर। लंच के बाद प्रो. सी. वी. शास्त्री (आईआईटी गुवाहाटी) ने छोटे मॉलिक्यूल एक्टिवेशन के लिए बाइफंक्शनल कैटलिस्ट और एल्डिहाइड ऑक्सीडेशन में मेटल-ऑक्सीजन स्पीशीज पर अपनी इनवाइट टॉक से प्रोग्राम को और बेहतर बनाया। उनकी गहरी बातचीत ने एक इंटेलेक्चुअली दिलचस्प दिन के लिए माहौल तैयार किया। सुबह के सेशन में डॉ. दीप चौधरी ने एलुमनाई टॉक भी किया, जिसमें उन्होंने मैंगनीज-बेस्ड कैटेलिटिक ट्रांसफर हाइड्रोजनेशन पर अपनी हालिया रिसर्च के साथ-साथ दूसरी स्टूडेंट टॉक भी पेश कीं। पूरे दिन ग्यारह स्टूडेंट प्रेजेंटेशन की एक सीरीज़ ने प्प्ज् भिलाई के स्कॉलर्स की अलग-अलग रिसर्च ताकत को दिखाया, जिसमें एडवांस्ड कैटेलिटिक सिस्टम, पॉलीमेरिक स्मार्ट मटीरियल, मेडिकल इमेजिंग के लिए मेटल कॉम्प्लेक्स, कम्प्यूटेशनल मैकेनिस्टिक स्टडीज़, विज़िबल-लाइट ट्रांसफॉर्मेशन और कार्बन-बेस्ड इलेक्ट्रोड और बिस्मथ पेरोव्स्काइट्स सहित एनर्जी मटीरियल शामिल थे। उनके योगदान ने मॉडर्न केमिकल साइंस और मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च में इंस्टीट्यूट की बढ़ती मौजूदगी को दिखाया। इसके बाद प्रो. ई. ज्ञानमणि (आईआईटी रुड़की) ने माइक्रोड्रॉपलेट-असिस्टेड ऑर्गेनिक सिंथेसिस पर एक टॉक दी, जिसमें रिएक्शन मिनिएचराइज़ेशन में उभरते ट्रेंड्स पर रोशनी डाली गई। सिम्पोजियम में एक वाइब्रेंट पोस्टर सेशन और नेटवर्किंग इंटरैक्शन भी होस्ट किए गए, जिससे युवा रिसर्चर्स को कीमती एक्सपोज़र और मिलकर काम करने के मौके मिले। इवेंट का समापन ऑर्गनाइज़िंग कमिटी के क्लोजिंग रिमार्क्स के साथ हुआ, जिसमें सभी अटेंडीज़ की एक्टिव पार्टिसिपेशन और इनसाइटफुल कंट्रीब्यूशन की तारीफ़ की गई। ऑर्बिटल केमसाइ सिम्पोजियम 2025 ने हाई-क्वालिटी रिसर्च और इंटरनेशनल साइंटिफिक एंगेजमेंट के लिए एक उभरते हुए सेंटर के तौर पर प्प्ज् भिलाई की भूमिका को फिर से कन्फर्म किया, जो केमिकल साइंस कम्युनिटी के अंदर नॉलेज एक्सचेंज और फ्यूचर कोलेबोरेशन के लिए एक डायनामिक प्लेटफॉर्म देता है।

**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क. 202509210100009
अ/21 (1) वर्ष 2024-2025
ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 02

**// ईश्तहार //**

सर्व शाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फगुवा राम ध्रुव पिता बुधियार जाति गोड निवासी ग्राम ढाबाडीह तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा मौजा ढाबाडीह प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. लटुवा तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 441/7 शामिल 443/3 रकबा 0.365 हे. भूमि को अनावेदक राकेश वैष्णव पिता स्व. सुरेन्द्र वैष्णव निवासी रिसदा तहसील बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 6,00,000/- रूपये (अक्षरी छः लाख रूपये) प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, बयाना राशि 1,00,000/- (अक्षरी एक लाख रूपये) आवेदक द्वारा प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत् छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र बी-1, खसरा पांचसाला, ईकरारनामा, तलवाना सहित संलग्न कर कलेक्टर महोदय, बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार के माध्यम से प्रकरण इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 19/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा त्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बलौदाबाजार

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)**

कमांक/20606/निविदा/2025-26/ रायपुर, दिनांक 11/12/2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के केन्द्रीय ग्रंथालय के लिए विभिन्न विषयों की मेडिकल शोध पत्रिकाओं (प्रिन्ट) के क्रय हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा की अंतिम तिथि - 12/01/2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि - 12/01/2026 समय सायं 04:00 बजे

**स्थान :** अधिष्ठाता कार्यालय, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर छ.ग.

G-252605423/3

## संपादकीय

# राहुल फिर घेरे में
## संसद में कांग्रेस की किरकिरी

राहुल गांधी एक बार फिर घेरे में आ गए हैं। अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा के साथ विवादों में रहने वाले राहुल गांधी को भाजपा ने निशाने पर लिया है। भाजपा ने यह प्रहार गांधी द्वारा संसद में दोनों विषयों पर हुई बहसों के दौरान अपनी पार्टी के सदस्यों के प्रदर्शन की सराहना किये जाने और सत्ता पक्ष के घबराने के दावे के बाद किया। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'झूठ की दुकान' करार देते हुए कहा कि वह और उनके अन्य साथी संसद में वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सत्ता पक्ष द्वारा विपक्षी कांग्रेस का पर्दाफाश किए जाने पर नजरे चुरा रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, 'राहुल गांधी कहते हैं कि विपक्ष ने भाजपा सदस्यों की धज्जियां उड़ा दीं। इसके विपरीत, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सत्ता पक्ष के सदस्यों ने वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर हुई बहसों के दौरान कांग्रेस को सबूतों के साथ बेनकाब किया, तब राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य सदस्य नजरे चुरा रहे थे।' भाजपा प्रवक्ता ने सीधे तौर पर कहा कि देश ने यह भी देखा कि जैसे ही शाह ने मोदी सरकार के देश से 'घुसपैठियों' को बाहर निकालने के 'संकल्प' को 'दोहराया', पूरा विपक्ष लोकसभा से 'भाग गया'। इतना ही नहीं चुनाव सुधारों पर सदन में चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के आरोपों का ''तर्कों और सबूतों'' के साथ खंडन किया।

इसके चलते विपक्ष की बोलती बंद हो गई। भाजपा ने दावा किया, 'कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है जिसके बचने की कोई संभावना नजर नहीं आती। सभी कांग्रेस नेता पार्टी के भविष्य के बारे में बात करते रहते हैं। मामले ने तब तूल पकड़ा जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्ष संसद में सत्तापक्ष पर हावी रहा। संसद में राहुल गांधी के बयान पर जो ती खी प्रतिक्रि या हुई उससे विपक्ष सकते में आ गया। भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि देश ने यह भी देखा कि जैसे ही शाह ने मोदी सरकार के देश से 'घुसपैठियों' को बाहर निकालने के 'संकल्प' को 'दोहराया', पूरा विपक्ष लोकसभा से 'भाग गया' ।उन्होंने कहा, 'पूरे देश ने देखा कि 'घुसपैठियों' के मुद्दे पर राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों को किस तरह कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा।'इस दौरान अमित शाह ने संसद में दोनों विषयों पर बहस के दौरान 'सबूतों के साथ' बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रगीत के मूल संस्करण में वंदे मातरम की पंक्तियों को लेकर कैसे 'समझौता' किया था ।चुनाव सुधारों पर सदन में चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के आरोपों का 'तर्कों और सबूतों' के साथ खंडन किया।

# डिजिटल अरेस्ट ठगीः लाखों लोगों के जीवन में अंधेरा

**मनोज कुमार अग्रवाल**



लाखों लोगों व परिवारों के जीवन भर की कमाई को डिजिटल अरेस्ट के जरिए लूट कर उनके जीवन में अंधेरा कर दिया गया। यह कैसी विडंबना है कि जब तक देश में कथित डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अनुमानित तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक ठगी की जा चुकी है, कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, की साल से यह सिलसिला जारी है तब सरकार और जिम्मेदार सिस्टम की नींद खुली है और अपराधियों पर शिकंजा कसने की बड़ी मुहिम शुरू हो पा रही है। वह भी सरकार के बजाय शीर्ष अदालत की पहल पर।

इन दिनों देश में डिजिटल अरेस्ट के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं. सरकार के तमाम प्रयास के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के कारण बुजुर्गों बड़ी संख्या में ठगी का शिकार हो रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि इस मामले में अदालत जरूरी निर्देश जारी करेगी. न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि हर हैरानी की बात है कि देश में पीड़ितों से लगभग 3000 करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगे जा चुके हैं. यह सब हमारे देश में ही हो रहा है. अगर हम इस मामले में ठोस और सख्त आदेश नहीं देंगे तो समस्या और गंभीर हो जाएगी>आपको बता दें कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य साइबर अपराधों की जांच बाद में करें, डिजिटल अरेस्ट की जांच को अपनी प्राथमिकता बनाए। कोर्ट ने केंद्रीय बैंक से पूछा है कि क्या एआई की मदद से साइबर ठगों के खाते फ्रीज हो सकते हैं? कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि यदि किसी गंभीर डिजिटल अपराध का दायरा भारत से बाहर को सीमा में हो तो वह इंटरपोल की मदद ले सकती है। दुखद है कि साइबर अरेस्ट के मामलों में सबसे अधिक निशाना बुजुर्गों को ही बनाया जाता है, जिन्हें डिजिटल लेन-देन को गंभीर जानकारी नहीं होती। बुजुर्गों को निशाना बनाने का यह प्रतिशत 78 से 82 फीसदी बताया जाता है। कई जगह यह प्रतिशत 99 फीसदी तक है। वहीं जनवरी से अप्रैल 2024 में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के 46 फीसदी मामलों के तार म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से जुड़े रहे हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में डिजिटल गिरफ्तारी साइबर अपराध के सबसे कुटिल रूप में बनकर उभरी है। यह अपराध न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये, बल्कि कानून प्रवर्तन तंत्र में जनता के विश्वास के लिये भी बड़ा खतरा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन घोटालों की देशव्यापी जांच सीबीआई को सौंपने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय समय के अनुरूप सार्थक हस्तक्षेप है। इसी क्रम में कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अपराधों की जांच के लिये सीबीआई को सहमति दें। दरअसल, न्यायालय ने इस हकीकत को स्वीकार किया है कि साइबर अपराधी राज्यों की सीमाओं का लाभ

उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर टुकड़ों-टुकड़ों में जांच सीमा पार के साइबर अपराधियों के नेटवर्क को बढ़ावा देती है दरअसल, साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिये भोले-भाले लोगों व बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वे कानून प्रवर्तन अधिकारी पुलिस और जज बनकर मोटी रकम देने के लिये उन्हें ब्लेकमेल और आतंकित करते हैं ।हालांकि अदालत ने कहा कि इस मामले से निपटने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी हो गया है. सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने एक अलग यूनिट की स्थापना की है और इस मामले से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाया जा रहा है. साथ ही डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए कई अन्य कदम उठाए गए हैं. डिजिटल अरेस्ट को लेकर हुई सुनवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय और सीबीआई ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी. केंद्र सरकार की ओर से पेश दलील के सुनने के बाद अदालत ने कहा कि मामला काफी गंभीर है और इस मामले में अदालत उचित आदेश पारित करेगी. मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी. गौरतलब है कि एक वरिष्ठ नागरिक दंपति ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के पत्र लिखकर बताया था कि 1 से 16 सितंबर के बीच उनसे 1.5 करोड़ रुपए की ठगी सीबीआई, इंटेलिजेंस ब्यूरो तो कभी न्यायपालिका के अधिकारी बनकर की गयी. धोखेबाजों ने फोन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपर्क किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे वसूलने का काम किया. इतना ही नहीं उन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश दिखाए. मामला सामने आने के बाद अंबाला में दो एफआईआर दर्ज की गयी. जांच में पाया गया कि वरिष्ठ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने के लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है. अदालत ने 17 अक्टूबर को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की और केंद्र सरकार और सीबीआई से जवाब देने को कहा. अदालत ने इस मामले में अटार्नी जनरल से भी सुझाव लेने का आदेश दिया ।उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति से एक करोड़ रुपये कीठगी के बाद अदालत ने इस व्यापक समस्या का स्वतः संज्ञान लिया। उन्हें धमकाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेशों का इस्तेमाल किया गया। यह बेहद परेशान करने वाली स्थिति है कि साइबर अपराधी सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को खतरे में डाल रहे हैं ।तभी शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है, देश की केंद्रीय एजेंसी को इस मामले की तह तक तुरंत पहुंचना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों में एफआईआर दर्ज करने और धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज करने की पूरी छूट दी गई है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत बैंक अधिकारियों की कथित मिलीभगत की जांच का अधिकार भी दिया गया। इसके अलावा दूरसंचार विभाग को भी सिम कार्ड के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिये कहा गया है। निश्चित रूप से कोर्ट की सार्थक पहल के बाद यदि ये सभी उपाय सिरे चढ़ते हैं तो इस गंभीर अपराध के खिलाफ एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दे पाना संभव होगा। कोर्ट ने विश्वास जताया है कि केंद्रीय एजेंसी बिना किसी भय या पक्षपात के जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। इसमें राज्य सरकारों की सक्रियता व सजगता भी सीबीआई को अपराध की तह तक पहुंचने में मददगार साबित हो सकती है। यह भी जरूरी है कि एजेंसी की कार्रवाई में लालफीताशाही और राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। इसके साथ ही नागरिकों को भी ऐसे अपराधों के प्रति सजग रहना होगा। जागरूकता सतर्कता उन्हें अपराधियों के चंगुल में फंसने से बचा सकती है। ऐसी किसी कॉल के आने पर उन्हें रुककर विचार करना चाहिए और हड़बड़ी में बैंक से जुड़ी कोई जानकारी देने से बचना चाहिए।

ठग खुद को केंद्रीय एजेंसियों या पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर पीड़ितों को फर्जी आरोपों में फंसाने की धमकी देते थे। इसके बाद डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर उनसे बैंक खातों से बड़ी रकम ट्रांसफर कराई जाती थी। साइबर सेल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अब तक 35 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये आरोपी गुजरात, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पकड़े गए हैं। राजनांदगांव की 79 वर्षीय शीला सुवाल को आरोपितों ने सीबीआई अधिकारी और जज बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से डराया। मनी लॉंडिंग केस में फांसाने की धमकी दी। निर्दोष साबित करने रकम जज के खाते में ट्रांसफर करने को कहा। महिला ने उगों के बताए गए विभिन्न खातों में 79,69,047 रुपये ट्रांसफर कर दिए। एक अन्य मामले में ठगों ने फारेक्स व ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताकर व्यापारी को फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग साइट का लिंक भेजा। पहले 15 हजार का छोटा मुनाफा देकर व्यापारी का विश्वास हासिल किया, फिर बड़े मुनाफे का लालच देकर 1,21,53,590 रुपये निवेश के नाम पर जमा कराए। दोनों मामलों में तीन आरापितों को पकड़ा गया है। पुलिस का कहना है कि अधिकांश मामलों में उप विदेशी कॉल सेंटरों की तरह काम करते हुए इंटरनेट कालिंग और फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करते थे। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी संदिग्ध काल या डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों पर विश्वास न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सीजेआई ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में एससी ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट मामलों में लगभग 3 का पता चला है।

अभी तक डिजिटल अरेस्ट कर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है आज भी लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रहीं हैं जिनमे लोगों को मोबाइल काल पर तरह तरह से धमका कर पैसा ठगी किया जा रहा है लोग जीवन भर की खून पसीने की कमाई चंद मिनटों में गंवा कर सुसाइड करने के लिए विवश हो रहे हैं। सरकार को ऐसे अपरोक्ष हत्यारों ठगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# कोर्टेवा ने जलवायु दबावों के बीच भारत में बायोलॉजिकल्स पर जोर बढ़ाया

**कनिंघम ने कहा- 'बायोकंट्रोल्स वह समाधान हैं जिसकी किसानों को सबसे अधिक आवश्यकता है। अभी तक किसी ने इसे बड़े पैमाने पर हल नहीं किया है।' उन्होंने बताया कि कंपनी ऐसे माइक्रोबियल समाधानों पर निवेश बढ़ा रही है जो या तो कीटों पर सीधे हमला करते हैं या पौधों की रक्षा क्षमता को मजबूत बनाते हैं।**

कोर्टेवा भारत को बायोलॉजिकल्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार मानती है, खासकर प्राकृतिक खेती और जीन-एडिटिंग प्रौद्योगिकियों के लिए सरकारी समर्थन को देखते हुए, कोर्टेवा की एशिया-पसिफ़िक अध्यक्ष

कॉर्टेवा एग्रीसाइंसभारत में अपने बायोलॉजिकल्स पोर्टफोलियो का विस्तार तेज कर रही है। जलवायु परिवर्तन और कीट-प्रतिरोध की बढ़ती चुनौतियों के बीचबायोकंट्रोल्सऔरबायोस्टिमुलेंट्सजैसे प्राकृतिक फसल सुरक्षा समाधानों की मांग बढ़ रही है, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ।कंपनी मानती है कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और जीन-संपादन तकनीकों के लिए सरकारी समर्थन के कारण भारत बायोलॉजिकल्स के लिए एक प्रमुख बाज़ार है। एशिया-पसिफ़िक अध्यक्षब्रूक कनिंघमने भारत दौरे के दौरान पीटीआई को यह जानकारी दी।

कनिंघम ने कहा, ''बायोकंट्रोल्स वह समाधान हैं जिसकी किसानों को सबसे अधिक आवश्यकता है। अभी तक किसी ने इसे बड़े पैमाने पर हल नहीं किया है।''उन्होंने बताया कि कंपनी ऐसे माइक्रोबियल समाधानों पर निवेश बढ़ा रही है जो या तो कीटों पर सीधे हमला करते हैं या पौधों की रक्षा क्षमता को मजबूत बनाते हैं।

**जलवायु परिवर्तन से बायोलॉजिकल्स की मांग में तेजी:** जलवायु परिवर्तन के चलते कीटों की तेजी से आवाजाही और सूखा, बाढ़ तथा गर्मी जैसे तनाव बढ़ रहे हैं। ऐसे मेंबायोस्टिमुलेंट्स, जो मिट्टी से लेकर पौधों को मजबूत बनाते हैं, भारतीय किसानों के लिए महत्वपूर्ण उपकरण बन रहे हैं ।कनिंघम ने कहा, ''यह रसायनों का विकल्प नहीं, बल्कि एकीकृत कीट प्रबंधन का हिस्सा है।''उन्होंने बताया कि रासायनिक समाधान आज भी फलों में 80% और सब्जियों में 50% तक नुकसान को रोकते हैं ।कंपनी बायोलॉजिकल्स को पारंपरिक फसल सुरक्षा का पूरक मानती है, ताकि कीट-प्रतिरोध और पर्यावरणीय स्थिरता-दोनों चुनौतियों का समाधान हो सके।

**भारत के लिए बायोलॉजिकल्स क्यों महत्वपूर्ण:** भारत के किसानदुनिया की 1.4 अरब आबादीकोसिर्फ 2.4% वैश्विक कृषि भूमिपर भोजन उपलब्ध कराते हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा और निर्यात लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बायोलॉजिकल्स को महत्वपूर्ण माना जा रहा है ।ब्राज़ील फिलहाल तीव्र कीट दबाव के कारण बायोलॉजिकल्स के अपनाने में सबसे आगे है, लेकिन भारत अपनी नीतिगत दिशा के चलते विशेष अवसर प्रदान करता है। प्राकृतिक खेती और जीन-संपादन तकनीकों को समर्थन देकर भारत देश को उन्नत बीज, फसल सुरक्षा और बायोलॉजिकल्स तकनीकों के लिए तैयार कर रहा है ।कनिंघम ने कहा, ''भारत दुनिया को भोजन और ऊर्जा देने के लिए एक निर्णायक मोड़ पर है।''उन्होंने बताया कि देश के15 करोड़ छोटे किसान, जिनके पास अक्सर 2 हेक्टेयर से कम भूमि होती है, बायोलॉजिकल्स से औसतन15-



20% अधिक उत्पादनप्राप्त कर सकते हैं-विशेषकर वे किसान जिनके पास केवल0.3 हेक्टेयरभूमि है।

भारत में1,500-2,000 करोड़ रुपयेका कारोबार करने वाली कंपनी अपने2026 के 4.1 अरब डॉलर ऑपरेटिंग एइक्ळउ्ब लक्ष्यको हासिल करने में भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण मानती है। एशिया-प्रशांत में भारत कॉर्टेवा का सबसे बड़ा बीज बाज़ार है, और यह क्षेत्र कंपनी की वैश्विक आय में लगभग 10% योगदान देता है।

**साझेदारियां:** कनिंघम ने बताया कि कॉर्टेवा अपने राजस्व का8%शोध एवं विकास में लगाती है-जो वार्षिक रूप से लगभग1.4 अरब डॉलर, यानीप्रतिदिन 4 मिलियन डॉलरहोता है। कंपनी नई बायोलॉजिकल्स तकनीकें विकसित करने में लागत और समय कम करने के लिएअकका उपयोगकर रही है।

1972 से भारत में मौजूद कोर्टेवाकंपनी तेलंगाना में दो प्रमुख शोध हब संचालित करती है, जो भारतीय किसानों के लिए विश्व-स्तरीय तकनीक विकसित कर रहे हैं। कंपनी बायोलॉजिकल्स के अपनाने को तेज करने के लिए स्थानीय नवोन्मेषकों के साथवितरण समझौतों, संयुक्त फ&ऊ इक्विटी निवेश और संयुक्त उद्यमोंके माध्यम से साझेदारी कर रही है। कनिंघम ने कहा, ''1 अरब डॉलर से अधिक फ&ऊ होने के बावजूद हम अकेले नवाचार नहीं कर सकते। इसलिए विशेषज्ञता, नियामक ज्ञान और विनिर्माण क्षमता के लिए हम स्थानीय इनोवेटर्स के साथ साझेदारी कर रहे हैं।''

**नियामकीय अड़चनें अब भी चुनौती:** भारत मेंउर्वरक नियंत्रण आदेश (ऋछड) के तहत अनुमोदन की प्रक्रिया अभी भी धीमी है, जबकि ऑस्ट्रेलिया जैसे बाज़ारों में यह तेज़ है। कनिंघम ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर समरूप विनियमों की कमी बड़ी चुनौती है। हमें विज्ञान-आधारित, डेटा-चालित और पूर्वानुमेय ढांचे की ज़रूरत है। गैर-विज्ञान आधारित या अप्रत्याशित निर्णय फ&ऊनिवेश को औचित्यपूर्ण बनाना मुश्किल करते हैं।''कंपनी निवेश आकर्षित करने और किसानों तथा स्थानीय नवाचार की सुरक्षा-दोनों के बीच संतुलन बनाने वाले विनियमों की वकालत करती है। वह एशिया-पसिफ़िक के 17 बाज़ारों में सरकारों व नियामकों के साथ मिलकर समान ढांचे विकसित करने पर काम कर रही है।

**भारत में विकास रणनीति का केंद्र: बायोलॉजिकल्स:** कंपनी की बायोलॉजिकल्स रणनीति उसके व्यापकएकीकृत कीट प्रबंधन (कढट) दृष्टिकोण का हिस्सा है। कॉर्टेवा ने मक्का और सरसों में जलवायु-सहिष्णु हाइब्रिड पेश किए हैं और धान व मोटे अनाज में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। फसल सुरक्षा में कंपनी पारंपरिक रसायन और बायोलॉजिकल्स-दोनों समाधान देती है, ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें।

कंपनी का अनुमान है कि उसके नवाचार किसानों की 20-30% तक आय बढ़ासकते हैं, वह भी बिना लागत बढ़ाए। कनिंघम ने कहा, ''उपज जैसे लाभों का 'पाई' सभी पक्षों में इस तरह बांटना होता है कि सबको फायदा हो। इसके बिना न किसानों के लिए गणित बैठता है, न हमारे लिए।'' कनिंघम, जो 2022 के अंत में कॉर्टेवा से जुड़ीं और जून में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की ज़िम्मेदारी संभाली, ने कहा कि उन्होंने अपने पहले छह महीनों में भारत के विभिन्न हिस्सों का विस्तृत दौरा किया है। उन्होंने कहा, ''यह टेक्नोलॉजी के लिए निर्णायक समय है। अगले 25 वर्षों में दुनिया में 2 अरब और लोग जुड़ेंगे, साथ ही जलवायु परिवर्तन और कीट-प्रतिरोध-इन सबके बीच तकनीक ही एकमात्र समाधान है।''कृषि क्षेत्र में आने से पहले कनिंघम 15 वर्ष निवेश बैंकिंग में कार्य कर चुकी हैं। कॉर्टेवा भारत और एशिया-पसिफ़िक में बायोलॉजिकल्स को अपनी विकास रणनीति का केंद्रीय स्तंभ बना रही है।

## आप की बात

### डबल इंजन सरकार की मदद से चमक रहा है उत्तर प्रदेश, विकास की रफ्तार हुई तेज

उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। इस दौरान मोदी सरकार के कार्यकाल में और योगी सरकार की बेहतर नीतियों ने 11 सालों में इस राज्य को चमका दिया है। कानून व्यवस्था से लेकर आर्थिक प्रगति की जो झलक अब प्रदेश में देखने को मिल रही है वह काहिबलेतारीफ है ।प्रदेश उर्वर भूमि, पर्याप्त जल संसाधन और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण राज्य कृषि और अवसंरचना के क्षेत्र में अग्रणी बना है। देश की कुल कृषि योग्य भूमि में उत्तर प्रदेश का हिस्सा 11 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय खाद्यान्न आपूर्ति में प्रदेश का योगदान 21 प्रतिशत है। उधर राज्य में पिछले आठ वर्षों में एमएसपी का भुगतान सीधे किसानों को मिल रहा है जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। सिंचाई के क्षेत्र में हर खेत को पानी उपलब्ध कराने, माइक्रो इरीगेशन, नहरों के नेटवर्क, सौर पंप और जल संरक्षण के अभियानों को गति दी गई है। ड्रोन डोजिंग, खरपतवार नियंत्रण, स्वॉइल टेस्टिंग और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ा गया है। किसानों को उद्यमिता से जोड़ने के लिए फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल मंडी और ई नाम जैसे प्रयासों ने बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। एक्सप्रेसवे और लॉजिस्टिक्स पार्कों के माध्यम से राज्य विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। इसके लिए डबल इंजन सरकार के प्रयासों की सराहनान बेझिझक की जा सकती है।

प्रांजल, लखनऊ

### खात्मे की ओर है नक्सलवाद ध्वस्त होता जा रहा नेटवर्क

केंद्र व राज्य सरकार के प्रयासों और संकल्प ने अब नक्सलवाद को खात्मे के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। पिछले छह महीनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में नक्सलियों के गुट ने ताबड़तोड़ जिस अंदाज में खुद घुटने टेके उससे साबित हो गया कि केंद्र सरकार अब इस तरहल उग्रवाद को जड़ से खत्म करने पर आमादा है। नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले छत्तसगढ़ और झारखंड इलाके में लगातार चल रहे अभियानों ने लाल सलाम के इस नेटवर्क की धज्जियां उड़ाकर रखी दीं। इसीक्र म में पिछले एक सप्ताह से चल रहे सरेंडर सीन के बीच सुकमा जिले में शुक्रवार को कुल 33 लाख रुपये के इनामी 10 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। ए इस तरह से क्षेत्र में सुरक्षाबलों के लिए नक्सवादियों के स्लीपर सेल की तलाश है। उसका मानना है कि जब तक स्लीपर सेल नेटनर्क को पूरी तरह मटियामेट नहीं कर दिया जाता नक्सलवाद के समूल नाश का दावा बेमानी होगा। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले कई महीनों के दौरान अपने हर बयान में नक्सलवाद को पूरी तरह मिटाने की बात कही और दोहराई भी।

सुरेंद्र सिन्हा, रायपुर

### वित्त मंत्रालय का प्रयास सराहनीय लेकिन जागरूकता भी बेहद जरूरी

वित्त मंत्रालय ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समय पर निपटान के आधार पर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों की रैंकिंग शुरू की है। इस पहल का मकसद शिकायत निवारण व्यवस्था में सुधार लाना है। जून में शुरू की गई इस पहल से इन वित्तीय संस्थानों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैंकों और बीमा कंपनियों द्वारा शिकायत निपटान में लगने वाले समय पर ध्यान देकर ग्राहक और संबंधित संगठनों के बीच पारदर्शी संचार और संगठनों में ग्राहक सेवा प्रशिक्षण में वृद्धि के माध्यम से शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया गया है। साथ ही,वित्तीय सेवा विभाग ने दिसंबर 2025 से 'वित्तीय संस्थान संवाद कार्यक्रम' शुरू किया है, जिसके अंतर्गत प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (सीपीजीआरएएम) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर चुनी गई संस्थाओं के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इस सराहनीय प्रयास का लाभ आम आदमी को मिलेगा लेकिन इसको लेकर जागरूकता भी जरूरी है।

सुकृति, नई दिल्ली

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा में सम्मिलित हुए विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कृषि उपज मंडी परिसर बेमेतरा में पौष कृष्ण द्वितीया से दशमी (6 से 14 दिसंबर) तक आयोजित भव्य गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा पूरे जिले में आध्यात्मिक आस्था, संस्कृति और सनातन मूल्यों का अनुपम संगम बन गई है। इस पावन अवसर पर शनिवार को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम में शामिल हुए।विधायक साहू ने दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती (सपाद लक्षेश्वर धाम, सलधा) से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने यज्ञ की परिक्रमा कर जिले की शांति, उन्नति, सुख-समृद्धि, सद्भाव एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना की तथा शिवमहापुराण की दिव्य कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र शर्मा शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन राजू देवांगन गोपी देवांगन सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि बेमेतरा के लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि हमारी कृषि मंडी परिसर में इतने भव्य और पावन स्वरूप में शिवमहापुराण कथा एवं गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। ऐसे धर्म आयोजन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं और हमें हमारी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ते हैं। आधुनिकता और भौतिक प्रगति के साथ-साथ धर्म, संस्कार और आस्था से जुड़े रहना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे सनातन धर्म ने हमें ऐसे महान संत और धर्मगुरु दिए हैं, जो समय-समय पर समाज को सही दिशा दिखाते हैं। मज्ज्योतिमर्यानंद महाराज का ज्ञान, उनकी वाणी और तेज मन को शुद्ध कर नई चेतना का संचार करता है। साहू ने श्रीमद भागवत गीता के श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है, तब-तब ईश्वर धर्म की स्थापना हेतु अवतरित होते हैं। संभव है कि हमारे धर्मगुरु ही ईश्वर के किसी स्वरूप में हमें मार्गदर्शन देने आते हों। विधायक साहू ने कहा कि ऐसे पवित्र धर्म मंच व्यक्ति को आत्मिक रूप से मजबूत बनाते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं। उन्होंने जिले, ग्राम एवं नगर के सभी परिवारों और श्रद्धालुओं के लिए सुख-शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन सपाद लक्षेश्वर धाम निर्माण सेवा समिति, बेमेतरा इकाई द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति ने विधायक दीपेश साहू की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को और मजबूती मिलती है। यह दिव्य आयोजन बेमेतरा जिले के लिए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरण का महापर्व बनकर उभर रहा है।

# शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया अग्निवीरों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2024-2025 के लिये ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधी एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने 19 अभ्यर्थियों का चयन हुए अग्नि वीरों का सम्मान किया। एनआईएस कोच पीटीआई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी विनोद नायर एवं पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई बालक दास डहरे के कुशल निर्देशन में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया था। प्रशिक्षण प्राप्त कर 19 अभ्यर्थियों का चयन अग्निवीर में, 01 अभ्यर्थी इंडियन नेवी, 01 अभ्यर्थी वायुसेना एवं 08 अभ्यर्थी छ.ग. पुलिस में कुल इस प्रकार 29 अभ्यर्थी चयनित हुए। ट्रेनिंग पूरा करने वाले अग्निवीरों एवं हाल ही में छ.ग. पुलिस में चयनितों का सम्मान शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव जी के सेवा सदन निवास में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। उन्होनें सभी को अनुशासित होकर मेहनत करने के लिये प्रोत्साहित किया। साथ ही साथ युवाओं को प्रशिक्षण संबंधित हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। ज्ञातव्य हो कि अभी विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक व्ही. के. केडिया के कुशल निर्देशन में 01 नवम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक दो माह का पुनः अग्निवीर शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। इस वर्ष भी 50 लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रतिदिन एनआईएस कोच विनोद नायर, पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई बालक दास डहरे के कुशल निर्देशन में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अग्निवीरों एवं वर्तमान में छ.ग. पुलिस में चयनित युवाओं को अग्निवीर प्रशिक्षणार्थियों ने बड़े ही जोश से फूलमाला से सम्मान किया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवदयाल धृतलहरे, हर्ष साहू, मीन निषाद, नीरज देशमुख, राहुल, तुषार, निखिल, रविकिशोर, खोमेश, अमित, यश, युवराज आदि का विशेष योगदान रहा। अग्निवीर ट्रेनिंग पूरा कर आने वाले करण पटेल, इंद्र कुमार, गजेन्द्र ठाकुर, सुनील साहू, लोकेन्द्र, मनीष साहू, तामेश्वर, योगेन्द्र कुमार साहू, लक्ष्मीकांत पारकर, डामेश यादव, मोनेश निषाद, शुभम साहू (इंडियन नेवी) शुभम, विवेक कुमार, गौरव कुमार साहू, प्रभात साहू, विकास मिश्रा, पल्लव साहू, टिशू यादव, नयन निषाद, तुषार कुमार, स्वप्रिल दुबे (भारतीय वायुसेना) तथा छ.ग. पुलिस में चयनित युवा संजय निषाद, लिलेश साहू, जनकलाल, लोमश साहू, निशा ठाकुर, नेहा साहू, खिलेश्वर पटेल, ललिता यदु शामिल है।

# बेमेतरा ने दिये इस साल 4 अग्निवीर और 8 पुलिस जवान, अब तक कुल 26 जवान देश को समर्पित

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा ने तीसरे बैच के 4 अग्निवीरो के प्रशिक्षण पश्चात प्रथम नगर आगमन पर निकाली शोभा यात्रा रैली, रैली पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर होते हुए माता भद्रकाली मंदिर, भारत माता चौक होते हुए जय स्तंभ चौक में सम्पन्न हुआ। लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा राष्ट्र भक्ति का इतिहास रचते हुए जहां निरंतर जिले के युवा साथी निशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अग्निवीर में भर्ती होकर देश की विभिन्न दुर्गम स्थानों अपनी सेवा दे रहे है। हाल ही में चयन हुए युवा अपने 21 सप्ताह का कठिन ट्रेनिंग पूरा कर बेमेतरा नगर का प्रथम आगमन किए जिसमें लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा द्वारा उन्हें सम्मानित कर नगर भ्रमण का आयोजन किया जिससे भारतीय सेना में अपने बच्चे भेजने का लोगों के प्रति विशेष भाव प्रकट होते नजर आए, जिले के अन्य युवा भी प्रेरित हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा के अध्यक्ष प्रशिक्षक रिटायर्ड सूबेदार हरीश अवस्थी। संस्थापक व मुख्य प्रशिक्षक पवन कुमार, लक्ष्य के प्रथम बैच के अग्नि वीर नारायण साहू व लक्ष्य के प्रशिक्षणार्थी जिले के युवा साथी उपस्थित रहे। साथ ही इस भव्य नगर भ्रमण से डॉ चंदन गोकुल बंजारे प्रभावित होकर अग्निवीरो को शुभकामनाएं देने रैली के अंत तक बने रहे। लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा के मुख्य मार्गदर्शक लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा, नायक उत्तम ध्रुव और तारकेश्वर साहू, टिकेश्वर साहू सीआरपीएफ, चंद्रहाश चौहान भा.सेना ने इस रैली से खुश होकर जवानों के लिए संदेश प्रेषित कर शुभकामना दिए। लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा द्वारा निशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण से अब तक पूरे 18 जवान सेना में। और अभी जिला पुलिस बल के परिणाम में 8 उम्मीदवारो का पुलिस बल ने चयन हुआ हैं।

# पीएम आवास योजना की प्रगति पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल की अधिकारियों, एजेंसियों की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम कमिश्नर सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रगति का गहन मूल्यांकन करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए। कमिश्नर ने बीएलसी तथा एएचपी घटक के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की और सभी एजेंसियों को कहा कि इस माह के अंत तक कार्यप्रगति में सुधार लाएँ तथा योजना के अनुरूप कार्यों में तेजी लाकर उन्हें समय पर पूर्ण करें। इसके साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को डेली फॉलो-अप करने के निर्देश दिए, ताकि आवास निर्माण एवं अनुमोदन कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो। सरस्वती नगर फ्लैट के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि निर्धारित अवधि में हर हाल में सरस्वती नगर साइट का कार्य पूरा कराया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द फ्लैट में शिफ्ट कराया जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी, सब-नोडल राजेश ठाकुर, इंजीनियर हरिशंकर साहू, समस्त सीएलटीसी एक्सपर्ट और एजेंसियों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने उद्यानों, वाटर एटीएम एवं साफ-सफाई का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई जोन-5 अंतर्गत उद्यान, वाटर एटीएम, पेवर ब्लाक सहित डोम शेड का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा सेक्टर 04 सड़क 36 स्थित उद्यान एवं मा कर्मा उद्यान का निरीक्षण किया गया। उद्यानों की साफ-सफाई व्यवस्थित पाया गया एवं आवश्यक संधारण संबंधी कार्य हेतु उप अभियंता शंकर सुमन मरकार को निर्देशित किये है। असमाजिक तत्वों द्वारा उद्यान के गेट की चोरी कर लिया गया है। संबंधित के खिलाफ थाने में प्राथमिकी सूचना दर्ज कराने जोन आयुक्त एवं उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किये है। सड़क 26 स्थित उद्यान में असमाजिक तत्वों द्वारा रात्रि में आकर नशा किया जाता है, स्थानीय निवासियों द्वारा आयुक्त को समस्या से अवगत कराया गया। निगम आयुक्त द्वारा आगामी समय में सार्वजनिक स्थलों एवं उद्यानों में नशा करते पाये जाने पर अज्ञात के खिलाफ कार्यवाही करने पुलिस हेल्प लाईन नंबर 100 या 112 पर शिकायत दर्ज करा सकते है। सेक्टर 4 के सड़क किनारे स्थानीय नागरिक द्वारा कचरा जलाया जा रहा था, जिसे तत्काल बुझाने कहा गया और समझाइस दिया गया है। आयुक्त द्वारा शहर में कचरा जलाने एवं फैलाने वाले के खिलाफ बड़ी चालानी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। आयुक्त द्वारा एस.एन.जी. स्कूल के पास विधायक निधि मद अंतर्गत 4 लाख की लागत राशि से वाटर एटीएम लगाया गया है, जिसका अवलोकन किये। वाटर एटीएम वर्तमान में बंद पाया गया, जिसे चालू कराने निर्देशित किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास के लाटरी से 145 हितग्राही हुए लाभान्वित



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) घटक की लाटरी नगर निगम भिलाई सभागार कक्ष में आयोजित की गई। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद नोहर वर्मा, सत्या देवी जायसवाल एवं आवास विभाग के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 145 हितग्राहियों की लाटरी निकाली गई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में कुल निर्मित/निर्माणाधीन मकानों की संख्या 1749 है, जिसमें से 1053 आवासों आबंटित किया जा चुका है। शेष 696 मकानों में वन्दे मातरम कुरूद 26 मकान, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद 11 मकान, सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया 1 मकान, रजत बिल्डर्स शांति नगर 3 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया 45 मकान, माईल स्टोन के पीछे खम्हरिया 59 मकान का आबंटन लाटरी पद्धति के माध्यम से किया गया। इसमें भूतल के आवेदकों की संख्या 31 एवं अन्य तल के आवेदकों की संख्या 114 कुल 145 आवेदकों को आवास आबंटित किया गया है। लाटरी पश्चात शेष 551 आवासो का आबंटन आगामी समय में किया जाना है। लाटरी के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, युक्ति देवांगन, मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं जॉच शिविर का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सरोज नंद दास, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के मार्गदर्शन में एवं अनिता कोशिमा रावटे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की उपस्थिति में माननीय नालसा एवं सालसा के निर्देशानुसार विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत गुनरबोड़ स्थित श्री श्याम शक्ति फ्लाई एस ब्रिक्स व ईंट भट्ठा एवं नवीन निर्माणाधीन न्यायालय भवन में स्वास्थ्य विभाग के टीम के साथ स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित कर वहां कार्यरत मजदूरों की स्टॉफ नर्स दीपांजली डेनियल द्वारा बीपी, शुगर जाँच, दीपा शर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा नेत्र जॉच आवश्यकतानुसार दवाई उपलब्ध कराया तथा उन्हें नियमित रूप से टिटनेश का टीका प्रत्येक छःमाही में लगवाने, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने एवं शासन की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यकम से मिल रहे स्वास्थ्य संबंधी लाभ का उपयोग करने एवं रूटिन स्वास्थ्य जाँच कराने के संबंध में चर्चा किया गया। इसके अतिरिक्त वृद्धाश्रम कंतेली, वृद्धाश्रम कोबिया, बेमेतरा में भी वृद्ध जनों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत-बीजाभाठ स्थित ईंट भट्ठा एवं तालुका स्तर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेचानमेटा, वि. खण्ड साजा, जिला-बेमेतरा में भी अधिकार मित्रों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में लोगों को नालसा एवं सालसा द्वारा चलाये जा रहे योजनाएं एवं अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीना हिरवानी द्वारा नेशनल ट्यूबरकुलोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम, नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम एवं प्रदूषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया।

# सागिनकछार में 22 से श्रीमद भागवत महोत्सव पंडित मनोज शर्मा करायेंगे भक्तिकथा का रसपान

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अंचल के ग्राम सागिनकछार में श्रीमद भागवत कथा महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। 22 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित भक्ति के महोत्सव में आध्यात्मवेत्ता भागवताचार्य पंडित मनोज शर्मा, भंडारपुर खैरागढ़ अमृत कथा का रसपान करायेंगे। महोत्सव अंतर्गत दोपहर 12 बजे से अपरान्ह तक भक्ति धारा प्रवाहित होगी। आयोजक साहू परिवार के मेघेश्वर साहू व सुरुज साहू ने बताया कि माता स्व सुमित्रा साहू व पिता स्व रघुनाथ साहू के आशीर्वाद से आयोजित भागवत कथा में 22 दिसंबर को कलश यात्रा व गौकर्ण कथा, 23 को वराह अवतार कथा, 24 को सतीमोह व ध्रुव चरित्र, 25 को गजमोक्ष नरसिंह अवतार, 26 को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म व श्रीराम जन्म, 27 को गोवर्धन पूजा व रुकमणी विवाह, 28 को द्वारिका लीला व सुदामा चरित्र, 29 को परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी व शोभायात्रा तथा 30 दिसंबर को गीता, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति व महाप्रसादी होगा।

# जिला शिक्षा अधिकारी पहुंचे विभिन्न स्कूलों में

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने जिले के दुर्ग विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला कुथरेल में पदस्थ समस्त शिक्षक निर्धारित समय पर संस्था में उपस्थित पाये गये। छात्र-छात्राओं को मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन प्रदाय करने व नियमित अध्यापन कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये। शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में प्रार्थना के समय चन्द्रहास साहू सहायक शिक्षक के द्वारा एक छात्र से दैनिक समाचार का वाचन कराया जा रहा था जिसे अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा दोहराया जा रहा था। इस गतिविधियों से बच्चों में दैनिक समाचार पत्र पने की आदत के साथ साथ सामान्य ज्ञान की वृद्धि भी हो रही हैं। साहू द्वारा कराई जा रही इस गतिविधि की जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई। शासकीय प्राथमिक/उ.मा.वि. अण्डा के निरीक्षण दौरान सभी स्टाफ उपस्थित पाये गये। 31 दिसम्बर 2025 तक प्राथमिक वर्ग में कक्षा स्तरीय ज्ञान कराये जाने, विद्यालय में स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये गये है। सेजेस निकुम का निरीक्षण दौरान निशी चन्द्राकर एवं जुबेर सहायक शिक्षक संविदा, शाला समय तक अपने कार्य पर उपस्थित नही पाये गये। छात्र-छात्राएं नियत समय का पालन नही करते तथा शाला समय पर इर्द गिर्द घुमते पाये गये जिससे संस्था प्रमुख का छात्राओं पर नियंत्रण का अभाव पाये गये हैं। शास. प्राथमिक / माध्यमिक शाला आमटी का निरीक्षण दौरान हेमन्त कुमार टांडिया, पंचराम देवांगन शिक्षक रमेश कुमार देशमुख सहायक शिक्षक विलम्ब से शाला पहुंचे। 31 दिसम्बर 2025 तक कक्षा स्तरीय ज्ञान कराये जाने, विद्यालय में स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये गये है। शास.उ.मा.वि. रसमड़ा के निरीक्षण दौरान स्वच्छता का अभाव पाया गया जिस पर शाला/शाला परिसर को स्वच्छ रखने के अध्यापन कार्य पर विशेष जोर देने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान नियत समय पर अनुपस्थितों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी 01 जनवरी से बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी भी दी। निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक / पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने, बारहाखड़ी, पहाड़ा पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित किये जाने तथा नियत समय पर अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिये।

# जिला चिकित्सालय बेमेतरा में रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा अंतर्गत जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज जिन्हें विभिन्न कारणों से रक्त की कमी से जूझ रहे लोगों को देखते हुएं ब्लड बैंक में रक्तपूर्ति आवश्यक है जिससे हितग्राहियों को समय पर रक्त दिया जा सके अतः रक्तपूर्ति को लेकर कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू के मार्गदर्शन पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है इसी क्रम में स्व. फनेंद्र मिश्रा की स्मृति में जन्मदिवस के शुभ अवसर पर जिला चिकित्सालय बेमेतरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया है जिसमें 15 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने रक्तदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण और जीवनदायी कार्य है, जो किसी भी व्यक्ति की जिंदगी को बचाने में मदद कर सकता है। रक्तदान करने से न केवल रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

### रक्तदान के फायदे

जीवन बचाना रक्तदान करने से किसी भी व्यक्ति की जिंदगी को बचाया जा सकता है, जो रक्त की कमी के कारण खतरे में है। रक्तदान करने से रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है, जो किसी भी व्यक्ति के लिए आवश्यक होता है। रक्तदान करने से रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है, क्योंकि यह रक्त को शुद्ध करता है और रक्तचाप को नियंत्रित करता है। रक्तदान करना एक समाज सेवा है, जो किसी भी व्यक्ति की जिंदगी को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। इस रक्तदान शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा पार्षद रश्मि फनेंद्र मिश्रा, नीतू कोठारी पार्षद, पार्षद राजू साहू, पार्षद रीता पांडे और सभी उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक से पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर पी.आर. पोपटानी, विजय कुमार दोरे एम.एल.टी., भूपेंद्र कुर्रे, एम.एल.टी., धनु वर्मा एम.एल.टी, कुलेश्वरी साहू, ब्लड बैंक परामर्शदाता, हरि शंकर कुमार एम.एल.टी., सारिको वार्ड आया ने सेवाएं प्रदान की। रक्तदाताओं में राकेश कुमार शर्मा, रश्मि मिश्रा, मुस्कान मिश्रा, वतन मिश्रा, निर्मला शर्मा, प्रदीप ठाकुर, टिकेश्वर साहू, प्रांजल तिवारी, दीपिका रोहरा, गुरनीत सिंह, सत्यम सिंह ठाकुर, रवि रोहरा, रामदयाल यादव इन सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया जिला अस्पताल बेमेतरा के द्वारा सभी सहयोगी को और इस पुनीत कार्य को लेकर रक्तदाताओं को बहुत बहुत धन्यवाद दिया गया।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01.01.2026 के संदर्भ में चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया को 7 दिन के लिए बढ़ा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम की तिथियाँ बदल गई हैं। संशोधित तिथियों के अनुसार अब घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य 18 दिसंबर तक चलेगा। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन (ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी) 23 दिसंबर (मंगलवार) को किया जाएगा। आपत्ति और दावा दर्ज करने की संशोधित अवधि मंगलवार, 23 दिसम्बर से गुरूवार, 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सुनवाई और सत्यापन का कार्य 23 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। सभी संबंधितों को आयोग द्वारा जारी इन निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

# पीडीएस दुकानों पर कई माह से मिल रहे सड़े चावल

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र में सड़े हुए चावल पीडीएस दुकान में वितरण को लेकर जैजैपुर विधायक जिला प्रतिनिधि उमाशंकर चंद्रा ने विधानसभा क्षेत्र के पीडीएस दुकानों में वितरण किए जा रहे गुणवत्ताहीन सड़े चावल वितरण कराने के लिए भेजने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए लिखित शिकायत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह को आवेदन देते हुए जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उमाशंकर चंद्रा ने बताया जिले में नान सरकारी गोदामों से विधान सभा क्षेत्र के पीडीएस दुकानों में कई माह से सड़ा हुआ चावल भेजा जा रहा है। हमारे द्वारा अनेकों बार दूरभाष के माध्यम से खाद्य अधिकारी कलेक्टर नान अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई, परंतु सुधार नहीं आने पर लिखित शिकायत देकर पीडीएस वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को सड़ा चावल बांटा जा रहा, ऐसे दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर गरीबों को भरपेट भोजन मिले इसके लिए पीडीएस दुकान से मुफ्त चावल एवं एक रुपए किलो में गरीबों को चावल बांटने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। परंतु शासन की योजनाओं को अधिकारी, नान गोदाम निरीक्षक के द्वारा सड़े हुए चावल को पीडीएस दुकानों में भेज कर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने में लगे हैं। वहीं राइस मिलों से गोदाम में स्टेक लगाने से पहले अनेकों जांच निभाई जाती है। परंतु अधिकारी कमीशन लेकर राइस मिलरों के सड़े हुए चावल को पीडीएस दुकान के माध्यम से वितरण किया जा रहा है सड़े चावल खाने के लिए गरीब मजबूर हो चुके है, ग्रामवासियों ने इस सड़े हुए चावल को लेकर कलेक्टर से लिखित शिकायत करते हुए बताया

> नान सरकारी गोदामों में सड़े-गले चावल का वितरण किया जा रहा है। अधिकारी को फोन पर जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर हमारे द्वारा आंदोलन किया जाएगा।
>
> **उमाशंकर चंद्रा**
> **जैजैपुर जिला विधायक प्रतिनिधि**

लगभग कई माह हो गया इसी प्रकार से सड़ा हुआ चावल गांव के पीडीएस दुकान में बट रहा है। समूह एवं दुकान संचालक द्वारा आवाज उठाई जाती है तो कहा जाता है कि जो है उसे ले जाओ नहीं तो तुम्हारा दुकान निरस्त कर दिया जाएगा। सक्ती में पीडीएस दुकान में उपभोक्ता ने बताया कि हम गरीबों को सड़ा चावल पीडीएस दुकानों से लगभग 7 माह से वितरण किया जा रहा। चावल के बोरे में सड़ा हुआ चावल दिखाते हुए बताया हम गरीबों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीबों को भरपेट भोजन मिल सके, परंतु वितरण प्रणाली में लगे हुए अधिकारी ऐसे सड़े चावल को भेज कर मोदी के सपनों को चूर करने में लगे हैं।

# जंगली सुअर के लिए बिछाये करंट की चपेट में आकर दो की मौत

**साथियों ने वारदात छिपाने शव छिपाया, चार संदेही पुलिस हिरासत में, एक की तलाश जारी**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com







रायगढ़ जिले में जंगली सुअर के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई। आरोपियों ने घटना के बाद दोनों शवों को अलग-अलग छुपा दिया था। इस मामले में पुलिस ने चार संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है वहीं एक अन्य की तलाश में जुट गई है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिला मुख्यालय से तकरीबन 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम छोटे रेगड़ा पुनीलाल यादव 51 साल एवं संदीप उरांव 24 साल 9 दिसंबर की सुबह 4 बजे घर से निकले थे और उसके बाद से लापता थे। परिजनों ने चक्रधर नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाते हुए अपने स्तर पर उनकी पतासाजी की जा रही थी। गांव के लोगों ने बताया कि बीती रात गांव में कुछ लोग चर्चा कर रहे थे कि जंगली सुअर के लिये बिछाये गए करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई और उन्हीं में से एक युवक ने आज सुबह घटना स्थल संबलपुरी नाला किनारे के पास स्थित बगीचा टिकरा ले जाकर गांव वालों को दोनों का शव दिखाया। बताया जा रहा है कि दोनों की मौत कहीं और हुई थी और शव को झाड़ियों में लाकर छिपाया गया था।

### गिरोह बनाकर करते थे शिकार

बताया जा रहा है कि छोटे रेगड़ा के सात ग्रामीण पुनीलाल यादव, संदीप उरांव, राजू उरांव, विकास उरांव, जय किशन, रमेश उरांव के अलावा आकाश उरांव मिलकर लंबे अर्से से क्षेत्र के जंगल में 11केव्ही करंट प्रवाहित तार बिछाकर अवैध तरीके से जंगली सुअर का शिकार करते आ रहे थे। इसी बीच करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से दो शिकारियों की मौत हो गई।

### चार संदेही हिरासत में

जंगली सुअर के शिकार के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से दो ग्रामीणों की मौत हो जाने के बाद जहां पूरे गांव में सनसनी फैल गई वहीं पुलिस इस मामले में चार आरोपियों राजू उरांव, विकास उरांव, जय किशन, रमेश उरांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है वहीं एक अन्य आकाश उरांव की पतासाजी की जा रही है।

### पिछले साल भी हुई थी ऐसी घटना

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि यह गिरोह पिछले लंबे अर्से से इसी तरह अवैध तरीके से करंट प्रवाहित तार बिछाकर जंगली सुअर का शिकार करते आ रहे थे। पिछले साल ही रमेश उरांव के बेटे सूरज उरांव की इसी तरह लामीदरहा के जंगल में जंगली सुअर के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से मौत हो गई थी।

### मामले की जांच जारी : जीएल साहू

चक्रधर नगर थाना प्रभारी जीएल साहू ने बताया कि 09 दिसंबर से दो ग्रामीणों के लापता होने की सूचना परिजनों ने थाने में दर्ज कराई थी। उन्हें जानकारी मिली संबलपुरी नाला के पास दोनों की लाश मिली है। पुलिस ने इस मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

# ढिमरापुर चौक में पलटा ट्रैक्टर: 7 लोग दबे मजदूरों का चीख पुकार सुन दौड़े लोग



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिमरापुर पुल के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रेत से भरा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार कुल सात श्रमिक घायल हुए हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, दो श्रमिकों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि शेष पाँच को मामूली आघात पहुँचा है। मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर रेत परिवहन करते हुए ढिमरापुर से उर्दना की ओर जा रहा था। पुल के पास सामने से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके परिणामस्वरूप ट्रैक्टर पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रैक्टर के पलटते ही पाँच श्रमिक वाहन से दूर जा गिरे, जबकि दो श्रमिक पलटे हुए ट्रैक्टर और रेत के नीचे दब गए थे। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया और दबे हुए श्रमिकों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुँचा। सभी घायल श्रमिकों को त्वरित उपचार के लिए रायगढ़ स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, गंभीर रूप से घायल दोनों श्रमिकों के पैरों में चोटें आई हैं और उनका सघन उपचार जारी है। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी, सुखनंदन पटेल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया, हमें ढिमरापुर रोड पर ट्रैक्टर पलटने की जानकारी मिली थी। कुल सात लोग इस ट्रैक्टर में सवार थे, जिनमें से दो को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वाहन चालक और घायलों के नाम की पहचान की जा रही है। घटना के विस्तृत कारणों और लापरवाही की जाँच जारी है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने निकाली प्रभावशाली बैटन मार्च, वार्षिक खेल दिवस 2025-26 की तैयारियां तेज

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com







संभाग के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल द्वारा आगामी वार्षिक खेल दिवस 2025-26 को सफल और यादगार बनाने के उद्देश्य से विद्यालय के छात्र परिषद ने पूरे नगर में एक प्रभावशाली बैटन मार्च एवं प्रचार यात्रा निकाली। मार्च के दौरान परिषद के सदस्यों ने नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर पहुँचकर गणमान्य नागरिकों द्वारा मशाल प्रज्वलित कराई। इनमें शामिल रहे जिला पुलिस अधीक्षक मनेंद्रगढ़ रत्ना सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ए. टोप्पो, जिला शिक्षाधिकारी आर. पी. मिरे, थाना प्रभारी दीपेश सैनी, प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मनेंद्रगढ़। इन सभी गणमान्यों ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुए स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और युवाओं को खेल दिवस में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। प्रचार यात्रा का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण से हुआ, जहाँ प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। अनुशासित पंक्तियों में आगे बढ़ते हुए छात्र-छात्राएँ विद्यालय के ध्वज, बैटन और स्कूल बैंड के साथ खेल भावना, स्वास्थ्य जागरूकता तथा निष्ठा के संदेशों से पूरे नगर के वातावरण को जीवंत करते रहे। यह बैटन मार्च नगर की मुख्य सड़कों, बाजार चौक, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय इलाकों से होकर गुज़रा। परिषद के सदस्यों ने नागरिकों से संवाद कर उन्हें वार्षिक खेल दिवस की विशेषताओं से अवगत कराया और आमंत्रण पत्र वितरित किए। छात्रों की ऊर्जा, शिष्टाचार और संवाद क्षमता ने सभी को प्रभावित किया। विद्यालय के खेल प्रभारी राजेंद्र मंडल ने बताया कि इस वर्ष के खेल दिवस में एथलेटिक्स, टीम प्रतियोगिताएँ, योग प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैटन मार्च केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि छात्रों में नेतृत्व कौशल, सामाजिक उत्तरदायित्व और टीमवर्क को मजबूत करने का प्रयास भी है। प्रचार यात्रा एवं बैटन मार्च के सफल समापन के साथ विद्यालय में तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। विद्यालय परिवार ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें और खेल दिवस को उत्साह, उमंग और एकता का प्रतीक बनाएँ।

# लायंस क्लब का नि:शुल्क नि:संतान दंपत्ति जांच शिविर आज

**चांपा।** स्थानीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब चांपा एवं आर.एल. हॉस्पिटल रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक लायंस इंग्लिश स्कूल में निःशुल्क निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में हॉस्पिटल की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया अग्रवाल द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जायेंगी। शिविर का लाभ उठाने के लिए आने वाले मरीज को अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट साथ लाना आवश्यक है। यह जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी एवं सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने नगर तथा आस-पास के लोगों से शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

# कांस्टेबल भर्ती के रिजल्ट में गड़बड़ी की शिकायत होगी एसपी कार्यालय में, पुलिस ने जारी किए मोबाइल नंबर



**सक्ती।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय शक्ति ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर बताया है कि शक्ति जिले में कांस्टेबल भर्ती के परीक्षा परिणामों को लेकर यदि किसी भी व्यक्ति को कोई भी शिकायत हो तो वे सूचना जारी दिनांक से तीन दिवस तक की अवधि के लिए जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय शक्ति के मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है, जो कि हेल्पलाइन नंबर 9479273971, 9479279155, 9479272858 होंगे एवं जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय शक्ति द्वारा जारी सूचना में बताया गया है कि उपरोक्त हेल्पलाइन नंबर 12, 13, 14 दिसंबर तक केवल तीन दिन के लिए उपलब्ध रहेगा।

# छात्रों को मिला कैरियर और मोटिवेशनल का मार्गदर्शन



**बलरामपुर।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण शैक्षणिक विकास, कैरियर मार्गदर्शन और सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य से काका लरंगसाय स्टेडियम, शंकरगढ़ में मोटिवेशनल सेमिनार एवं कैरियर मार्गदर्शन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के नवाचारी पहल चौंपियन ऑफ चेंज के अंतर्गत जिले के युवाओं में आत्मविश्वास, लक्ष्य-निर्धारण, समय प्रबंधन और दृढ़ निश्चय जैसी गुणों को मजबूत करना है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता निरंतर अभ्यास, निरंतर सीखना और आत्ममूल्यांकन ही उत्कृष्टता का आधार है।उन्होंने समय-सारणी में पढ़ाई को अधिक स्थान देने, कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने और लक्ष्य को हमेशा स्पष्ट रखने की सलाह दी। अन्य वक्ता के रूप में अधिकारियों ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी नियमित मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास सफलता की पहली सीढ़ी है। इस दौरान क्षेत्र से अग्निवीर में चयनित हुए टेकराम, नीलेश को शाल एवं खेल-कूद, कलात्मक ज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष चिंतामणि भगत, जिला पंचायत सदस्य गीता पैकरा, एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो, जिला शिक्षा अधिकारी एम.आर.यादव, तहसीलदार गजराज सिंह, थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल सहित अधिकारी-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अवैध 120 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव की सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में सभी धन उपार्जन केदो में किसानों के धान को प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है, तथा शासन ने अवैध धान को लेकर जहां कड़े निर्देश दिए हैं, तो वहीं शक्ति जिले में भी कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के निर्देश पर लगातार संबंधित विभाग द्वारा अवैध धान को लेकर नजर बनाए हुए हैं, एवं सूचना मिलने पर कार्रवाई की जा रही है, इसी श्रृंखला में कलेक्टर सक्ति के निर्देशानुसार खाद्य और मंडी विभाग के संयुक्त जांच दल दल ने अवैध धान परिवहन करते एक वाहन को पड़कर कार्रवाई की है, तथा इस टीम में जिला खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह, खाद्य निरीक्षक अजित कुजूर, खाद्य निरीक्षक जीतेन्द्र दिनकर और मंडी सचिव प्रेम भारद्वाज, मंडी निरीक्षक ओम प्रकाश गोड़, मंडी उपनिरीक्षक मुकेश करून शामिल थे एवं उपरोक्त टीम के द्वारा खिलेश्वर गबेल पिता मनीराम गबेल वाहन क्रमांक सीजी 11 एआर 9186 मे अवैध परिवहन करते हुए 300 बोरी वजन 120.00 क्विंटल धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया और वाहन को पुलिस सुपुर्द किया गया है, अब तक सक्ति जिला मे सक्ति मंडी अंतर्गत खाद्य और मंडी विभाग द्वारा अवैध धान का भण्डारण करते हुए 1054 क्विंटल धान का जब्ती प्रकरण बनाया गया है।

# बिलासपुर रेल हादसा-डीआरएम समेत 2 अफसर हटाए गए सीआरएस की रिपोर्ट आते ही एक्शन, उमेश कुमार होंगे नए डीआरएम

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर ट्रेन हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई थी। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेल हादसे की सीआरएस की प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद बिलासपुर के डीआरएम राजमल खोईवाल और प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर राजीव कुमार बरनवाल को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर वेस्टर्न रेलवे के उमेश कुमार को डीआरएम बनाया गया है। रेल मंत्रालय ने रेल संरक्षा आयुक्त ब्रजेश कुमार मिश्रा को हादसे की जांच का जिम्मा सौंपा था। सीआरएस की 30 पेज की विस्तृत प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेन संचालन में गंभीर चूक, सिग्नल नियमों की अनदेखी, लोको पायलट के गलत निर्णय क्षमता और रेलवे सिस्टम की कई तकनीकी खामियों की वजह से हादसा हुआ है। ये रिपोर्ट आने के बाद बिलासपुर के डीआरएम राजमल खोईवाल और प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर राजीव कुमार बरनवाल का ट्रांसफर कर दिया गया है। रेलवे बोर्ड ने आदेश जारी किया। इससे पहले मामले में प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर सुबोध चौधरी और सीनियर डीओपी मसूद आलम को हटाया जा चुका है। 4 नवंबर को गेवरारोड से बिलासपुर आ रही बिलासपुर स्टेशन से 6 किलोमीटर पहले लालखदान में खड़ी मालगाड़ी को जबरदस्त टक्कर मार दी थी। इस हादसे में लोको पायलट समेत 12 यात्रियों की मौत हो गई थी। जबकि, 20 से अधिक यात्री घायल हो गए थे।रेलवे ने इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच कराने की घोषणा की थी, जिसके बाद इस मामले में सीआरएस बीके मिश्रा ने तीन अलग-अलग चरण में जांच की। उनकी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में साइको टेस्ट में फेल लोको पायलट से मेमू चलवाने की वजह से हादसा होने सहित कई खामियां बताई गई है।रेल हादसे के बाद अब तक 4 सीनियर अधिकारियों को हटाया जा चुका है, घटना के दूसरे ही दिन वे जांच करने पहुंचे और तीन दिन तक रहे। उसके बाद उन्होंने प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर, प्रिंसिपल चीफ मेडिकल ऑफिसर और प्रिंसिपल चीफ मेकेनिकल इंजीनियर को कोलकाता बुलवाकर पूछताछ की थी।तीसरी बार में उन्होंने असिस्टेंट लोको पायलट का बयान खुद लिया। इससे पहले जिस अफसर ने बयान लिया था उसमें उन्हें खामी नजर आई थी। चूंकि लोको पायलट विद्यासागर साइको टेस्ट में फेल था उसके बाद भी प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर राजीव कुमार बरनवाल और सीनियर डीओपी मसूद आलम ने उसे मेमू चलाने की ड्यूटी दे दी थी।

# महानगर के तर्ज पर विकसित होता रायगढ़ शहर, स्मार्ट सुविधाओं और बड़े प्रोजेक्ट्स से बदल रही तस्वीर

**वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने शहर में जारी करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का किया व्यापक निरीक्षण**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में मशहूर रायगढ़ शहर अपनी मूल आत्मा और भावनाओं के साथ स्मार्ट सुविधाओं और बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ छत्तीसगढ़ के अन्य महानगर की तर्ज पर शहर विकास की नई गति पकड़ चुका है। महानगर की तर्ज पर सुविधाओं से लैस और योजनाबद्ध शहर बनाने की दिशा में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। सुबह से कई घंटों तक चला यह दौरा शहर के विभिन्न शहर के हिस्सों में हो रहे विकास के स्तर और प्रगति को परखने पर केंद्रित रहा। राज्य के वित्त मंत्री इन दिनों अपने निर्वाचन क्षेत्र रायगढ़ के प्रवास पर है। वित्त मंत्री ने नगर निगम क्षेत्र में कई घंटों तक विभिन्न परियोजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ को महानगर जैसी सुविधाएँ देना हमारी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। बेहतर सड़कें, सुरक्षित जलस्रोत, आधुनिक मनोरंजन स्थल और मजबूत शैक्षणिक ढांचा, इन्हीं सबके आधार पर भविष्य का विकसित रायगढ़ निर्मित होगा। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ने निर्माण की गुणवत्ता को उच्च रखने तथा कार्यों को तेज रफ्तार से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ अब अपनी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान की मूल अवधारणाओं के साथ केवल विकसित शहर नहीं, बल्कि एक भावी महानगर के रूप में आकार ले रहा है। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री सबसे पहले ईतवारी बाजार स्थित ऑक्सीजोन पहुंचे। शहर के हृदय स्थल में बन रहा यह हरा-भरा आधुनिक उद्यान नागरिकों को स्वच्छ, शांत और सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा। यहां लोग सुबह-शाम सैर, योग और व्यायाम जैसी गतिविधियाँ सहजता से कर सकेंगे। इसके बाद वे नालंदा परिसर पहुंचे, जहां 40 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण तेजी से जारी है। यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए एक शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित की जा रही है, जिसमें आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय स्तर की ई-बुक सुविधा उपलब्ध होगी। इसके बाद मंत्री ने रायगढ़ स्टेडियम में बन रहे सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निरीक्षण किया। लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से तैयार हो रहा यह ट्रैक युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराएगा। स्टेडियम से आगे बढ़ते हुए उन्होंने 4.5 करोड़ रुपये से बन रहे स्विमिंग पूल की प्रगति भी देखी, जहां आधुनिक तैराकी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इसी क्रम में वे मिट्ठूमुड़ा तालाब के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्य स्थल भी पहुंचे, जहाँ 3 करोड़ 70 लाख की लागत से तालाब को एक आकर्षक पर्यटन तथा विश्राम स्थल के रूप में बदला जा रहा है। इसके बाद कबीर चौक में तैयार हो रहे 13 करोड़ के दूसरे बड़े ऑक्सीजोन और ऐतिहासिक पहाड़ मंदिर परिसर में प्रस्तावित विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने पहाड़ मंदिर चढ़कर हनुमान मंदिर का दर्शन कर स्थल निरीक्षण किया। पहाड़ मंदिर परिसर को पर्यटन की दृष्टि से और विकसित करने के प्रयासों पर भी चर्चा की गई। शहर में प्रवेश मार्गों पर स्थित ओवरब्रिजों पर हो रहे भित्तिचित्र एवं कलात्मक पेंटिंग कार्य की गुणवत्ता की भी वित्त मंत्री ने सराहना की।

# बचपन प्ले स्कूल में कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन




पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में कक्षा एल.के.जी एवं यू.के.जी के छात्र-छात्राओं के लिए कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एल.के.जी 'अ' से अरफिया मेमन एवं सिद्धी देवानी प्रथम शिवांश तिवारी द्वितीय तवीशी तिवारी एवं कनिष्क शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा एल.के.जी 'ब' से रियांश अग्रहरि एवं रूत्वी दगावकर प्रथम जबजोत कौर, काश्वी रजक, रक्षिता यादव एवं सृष्टि तल्लानी द्वितीय आस्वी अग्रवाल एवं अवीश्री मुखर्जी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा एल.के.जी 'स' से विहाना फरमानिया एवं आरिका दर्शन प्रथम इशिका पटेल, समायरा सिंह, आस्वी कनौजिया द्वितीय शौविक चंद्र दास एवं सैवी तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह यू.के.जी 'अ' से स्पृहा अग्रवाल एवं अद्वैत दास प्रथम लीरिशा जैन, शिवार्थ जायसवाल द्वितीय प्रांसी सिंह, अभिज्ञा सिंह, भूमि सिंह चौहान तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा यू.के.जी 'ब' से वेदिका अग्रवाल एवं वृंदा पोद्दार प्रथम वैष्णवी यादव एवं अर्पिता अग्रवाल द्वितीय हरषिल छत्तानी तृतीय स्थान पर रहे। तथा यू.के.जी 'स' से शाश्वत डे एवं ख्याति दुबे प्रथम वीरजा ताम्रकार, धनिश कोरी द्वितीय ओजस्वी बोथरा, गरिमा सिंह एवं आशवी वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल, उच्चारण क्षमता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बच्चों ने अलग-अलग तरह की नैतिक, पौराणिक एवं ज्ञानवर्धक कहानियां बड़े उत्साह के साथ प्रस्तुत की। संस्था की डायरेक्टर ज्योति ताम्रकार ने बच्चों को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि स्टोरी टेलिंग बच्चों की कल्पना शक्ति को बढ़ाने का सुंदर माध्यम है। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करते रहेंगे। संस्था की काउंसलर सोनाली दास ने बताया कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कक्षा एल.के.जी एवं यू.के.जी के शिक्षिकाओं वैष्णवी जायसवाल, राशि गुप्ता, आरिका खान, फरहीन बानो, प्रीति तथा रश्मि प्रसाद, प्रियंका सिंह, शिल्पी सिन्हा, रुचि सेन, सबा परवीन, महक सोनी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# शासकीय महाविद्यालय पेंड्रावन-धमधा के भूमिपूजन में शामिल हुए उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com




जिले के धमधा तहसील अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय पेंड्रावान (धमधा) के नवीन भवन के लिए भूमिपूजन प्रदेश के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के इस महाविद्यालय भवन के बन जाने से क्षेत्र के बारहवी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू, राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे एवं सुरेंद्र कौशिक उपस्थित थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा ने कहा कि जीवन की सफलता केवल शिक्षा की डिग्री पाने से नही है अपितु संस्कृति और संस्कार को आत्मसात कर जीवन जीना है। उन्होंने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति का सराहना करते हुए सांस्कृतिक दल के लिए 5100 रूपए प्रोत्साहन राशि अपने तरफ से प्रदान करने की घोषणा की। मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को क्रमशः पूरी कर रही है। प्रदेश में सरकार शांति और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने बस्तर में नक्सली उन्मूलन में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की विजन के साथ 2047 तक प्रदेश को विकसित राज्य बनायेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा ने पेंड्रावान और बोरी महाविद्यालय में अहाता निर्माण का भरोसा दिलाया, वहीं उन्होंने महाविद्यालय के विज्ञान प्रायोगिक सामग्री खरीदी के लिए 5 लाख रूपए की घोषणा की।

क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि गांव वालों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को प्रदेश सरकार द्वारा समय से पहले पूरी करने की पहल से अवगत कराते हुए प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को रेखांकित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य उषाकिरण अग्रवाल ने महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों एवं मागों से मंत्री को अवगत कराया। सरपंच प्रतिमा सिन्हा ने स्वागत उदबोधन में ग्राम एवं क्षेत्र की जनता की विभिन्न मांगों की ओर मुख्य अतिथि मंत्री वर्मा का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत की सशक्त नींव : विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा माय भारत बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में नगर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित युवा शक्ति उत्सव सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के प्रथम दिवस में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पार्षद नीतू कोठारी, विकास तंबोली, निखिल साहू, लक्की साहू, सिमरन ताम्रकार, पार्षद प्रतिनिधि रोशन, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, राजू देवांगन, गोपी देवांगन सहित समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, खेल विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि लगभग पाँच वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए सांसद खेल महोत्सव की संकल्पना देशभर में खेल, फिटनेस और अनुशासन को बढ़ावा देने वाला एक सशक्त जनआंदोलन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बेमेतरा जिले में पहली बार सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन होना जिले के लिए गर्व का विषय है। इस महोत्सव के माध्यम से लाखों विद्यार्थी, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक खेल गतिविधियों से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विधायक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए खेल महोत्सव गुजरात की शुरुआत की थी और प्रधानमंत्री बनने के बाद भी वे देश के युवाओं को खेल, प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाओं एवं प्रतियोगिताओं के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। इसी सोच का परिणाम है कि खेल अब केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद से जीवन में अनुशासन, आत्मसंयम, धैर्य और संघर्ष की भावना विकसित होती है।

# शहादत दिवस पर आयोजित व्याख्यान माला में शामिल हुईं देवकी



पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस 10 दिसम्बर को कमल नारायण शर्मा स्मारक भवन रायपुर मे आयोजित ब्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सभापति देवकी दीवान सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रोहित मंडावी एवं अध्यक्षता एमडी ठाकुर अध्यक्ष जनजातीय समाज छ.ग. तथा विशिष्ट अतिथि विकास मरकाम अध्यक्ष पुष्प पादक आयोग, अध्यक्ष रोहित सलाम, संभागीय अध्यक्ष यज्ञ राम सिदार , महामंत्री रामलखन पैकरा, संदीप पैकरा , देवकी पुरुषोत्तम दीवान सभापति जिला पंचायत महासमुंद मंचासिन थे। मुख्य वक्ता संघ प्रचारक श्री पंडा ने शहीद वीर नारामण के पुरे जीवन पर प्रकाश डालते हुए अनछुए पहलू पर एतिहासिक जानकारी दी। उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार ब्यक्त करते हुए वीर नारायण सिंह को पुष्पांजली अर्पित किया गया। देवकी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वीर नारायण सिंह सच्चे प्रजापालक एवं मानवता के पुजारी थे, यही कारण था कि भीषण आकाल मे प्रजा का भूख नही देख सका और जमाखोर माखन का आनाज गोदाम किसानो के लिए खोल दी । उक्त ब्याख्यान माला मे प्रबुद्ध जन एवं बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# ओपन-नेशनल कराटे टूर्नामेंट में बेमेतरा का शानदार प्रदर्शन

## द वारक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ-डिफेंस अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 43 पदक

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




ऑल इंडिया ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप-2025 का आयोजन महिला महाविद्यालय, सेक्टर-9, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) में किया गया। नन्हे खिलाड़ियों ने अदभुत प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 7 रजत और 31 कांस्य सहित कुल 43 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 825 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें बेमेतरा के केवल 27 खिलाड़ियों ने 43 मेडल जीतकर अपनी काबिलियत और मेहनत का दमदार परिचय दिया। गौरव पदक सम्मान समारोह के दौरान बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा और एसपी रामकृष्ण साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया, उनका उत्साह बढ़ाया और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएँ दीं। द वारक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ-डिफेंस अकादमी के कोच भानुप्रताप साहू ने कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान बेमेतरा जिले के खेलों के लिए भी ऐतिहासिक उपलब्धि है। टीम प्रतिनिधित्व करने वाले में सेंसेई भानु प्रताप साहू चीफ इंस्ट्रक्टर एवं टीम कोच सत्य राजपूत गर्ल्स टीम मैनेजर पदक विजेता खिलाड़ियों यशस्वी साहू 1 स्वर्ण, 1 कांस्य (काता, कुमिते), भावी टंडन 1 स्वर्ण, 1 कांस्य (कुमिते, काता) भानुप्रताप साहू 1 स्वर्ण, 1 रजत (काता, कुमिते), खोमेश वर्मा 1 स्वर्ण, 1 कांस्य (काता, कुमिते), वासुंधरा शुक्ला 1 स्वर्ण (कुमिते हरि राम 1 रजत, 1 कांस्य (काता, कुमिते), आरुषि बंजारे 1 रजत (काता), आभा पांडे 1 रजत (कुमिते), दिव्यांशी पैकरा 1 रजत (काता), सर्वेश पॉल 1 रजत (काता), रुद्र चौहान 1 रजत (कुमिते), आस्था वर्मा 2 कांस्य (कुमिते, काता), कशिका ठाकुर 2 कांस्य (कुमिते, काता), कश्वी ठाकुर 2 कांस्य (कुमिते, काता), आयुषी साहू 2 कांस्य (कुमिते, काता) श्रेया शर्मा 2 कांस्य (कुमिते, काता) अनाया शर्मा 2 कांस्य (कुमिते, काता) महम नैला कुरैशी 2 कांस्य (कुमिते, काता), अर्नब वर्मा 2 कांस्य (कुमिते, काता) अमेय शर्मा 2 कांस्य (कुमिते, काता), अयान्श तिवारी 2 कांस्य (कुमिते, काता), अंश सिंह बैस 2 कांस्य (काता, कुमिते), आरविका तिवारी 1 कांस्य (काता), जियांशी देवांगन 1 कांस्य (कुमिते), सिद्धार्थ मोटवानी 1 कांस्य (काता), राजवीर वर्मा 1 कांस्य (काता) यशस्वी वर्मा 1 रजत (कुमिते) शामिल हैं।

# दुर्ग में शीतलहर तेज, निगम ने शहरभर में शुरू की अलाव व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग में लगातार बढ़ रही शीतलहर से आमजन को राहत देने के लिए नगर निगम ने विशेष कदम उठाया है। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार ने बताया कि ठंड के असर को देखते हुए अलाव रात के समय नियमित रूप से जलाए जा रहे हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जिला चिकित्सालय, प्रमुख चौक और भीड़भाड़ वाले बाजारों सहित कई संवेदनशील स्थानों पर यह व्यवस्था शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही वे क्षेत्र जहाँ बुजुर्ग, असहाय और गरीब वर्ग ज्यादा रहते हैं, वहां विशेष रूप से अलग-अलग जगह अलाव की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी को भी ठंड से परेशानी न हो। नगर निगम ने अलाव स्थलों पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षित कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। आग के फैलने का जोखिम कम करने सुरक्षा उपकरण, आसपास की नियमित सफाई, नागरिकों को सावधानी बरतने की अपील, अलाव स्थलों की निगरानी टीम सक्रिय। महापौर और आयुक्त ने कहा कि निगम का प्रयास है कि शीतलहर के दौरान कोई भी राहगीर, बुजुर्ग या गरीब व्यक्ति ठंड से न जूझे। सभी जगह अलाव सही समय पर जलें, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जल्द ही नगर निगम द्वारा अलाव स्थलों की पूरी सूची सार्वजनिक की जाएगी, ताकि नागरिक आसानी से अपने नजदीकी स्थान का लाभ उठा सकें।




# अपने मांग के समर्थन में पुतला दहन किया

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा एसडीएम कार्यालय के सामने निर्धारित धरना स्थल पर 1 दिसंबर से शुरुआत हुई अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का 12वां दिन अन्याय और अत्याचार एवं शोषण के मामलों में चुप्पी साधने वाले मुख्यमंत्री एवं आरक्षित जनप्रतिनिधीयो छत्तीसगढ़ राज्य में बीजेपी के गुलाम बन कर अपनी ही समाज के बेटी, बहु, दाई, बहनी, भाई, बंधु के इज्जत मान सम्मान पर मौन रहने वाले के पुतला दहन किया।



# उज्ज्वला के 352 आवेदन, सूर्यघर हेतु 3 का पंजीयन, पीएम उज्ज्वला एवं पीएम सूर्यघर हेतु संयुक्त शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के मेनरोड स्थित प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन में प्रधानमंत्री उज्जवला एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना हेतु संयुक्त तौर पर शिविर आयोजित की गई। जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित शिविर में उज्ज्वला योजना हेतु 352 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार सूर्यघर योजना हेतु 122 हितग्राहियों ने सोलर पेनल लगवाने पर सहमति जताई। केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री उज्जवला और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रचार एवं अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित शिविर में नागरिकों ने दोनों योजना में रुचि दिखाते हुए विभागीय स्टाल में जाकर जानकारी हासिल की। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब परिवार को रसोई गैस कनेक्शन देने की घोषणा के बाद आहुत शिविर में नगर की महिलाओं की ओर से कुल 352 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, सीएमओ विनम्र जेमा, उपअभियंता केआर बर्मन, राजस्व टीम के निरीक्षक गिरीश साहू, कमल नारायण कोठारी सहित हर्ष उने, विरेन्द्र पटेल, डोलेश्वरी साहू सहित अन्य कर्मी के अलावा पद्मा गैस एजेंसी के स्टॉफ सक्रिय थे। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना अंतर्गत नागरिकों को विद्युत विभाग ईई बीरबल उइके द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार से अनुदान मिलेगा। बिजली का उत्पादन होने से बिल से राहत मिलेगी। खपत से अधिक बिजली का उत्पादन होने पर अतिरिक्त आय भी होगी। शिविर में 3 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया। 122 हितग्राहियों ने सोलर पेनल लगवाने पर सहमति जताई।

# जो करना है आज करो : स्वामी ज्योतिर्मयानंद

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा के हृदय स्थल स्थित मंडी प्रांगण में चल रहे शिव महापुराण में स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के मुखारविंद से कथा सुनाई जा रही है। 14 दिसंबर गौ प्रतिष्ठा यज्ञ और शिवमहापुराण का समापन दिवस है कहा गया है बिना हरि प्रेरणा के सत्संग और धर्म का लाभ नहीं मिलता जब जब भगवान की प्रेरणा मनुष्यों पर होती है साधारण मनुष्य भी अपरिमित कार्य कर जाता है इसमें कोई संशय नहीं है। स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती का कथन, भंवरे का दृष्टांत, राधा-कृष्ण विवाह, सती-पार्वती अवतरण और देवताओं का स्तवन—सुसंगत रूप से शिव महापुराण की कथा कहते हुए आगे बढ़ते हैं। कथा स्वामी ज्योतिर्मयानंद के ज्ञानामृत वचन से सुनते हैं- शिव समान न कोऊ दूजा शिवमहापुराण की दिव्य गाथा और जगदम्बा का अवतरण की कथा है। स्वामी कहते हैं शिवमहापुराण केवल एक शास्त्र नहीं, बल्कि सृष्टि की चेतना, शक्ति और अनंत करुणा का अदभुत समन्वय है। भगवान शिव—जो योग के आदिनाथ हैं, करुणा के सागर हैं, और समस्त प्राणियों के मुक्तिदाता—उनकी महिमा का वर्णन करते हुए ऋषि, मुनि और देवता तक मौन हो जाते हैं।

**शिव समान कोई नहीं**— न उनके त्याग की तुलना, न उनके उपकार की सीमा। जैसा कहा जाता है- शिव समान ना कोऊ दूजा, ना ही शिव समान कोई उपकारी शिवमहापुराण कथा में स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी ने अत्यंत गूढ़ आध्यात्मिक उपदेश देते हुए कहा- जो करना है आज करिए, उसे कल पर न छोड़िए। क्योंकि काल किसी की प्रतीक्षा नहीं करता वह कल बनकर आ जाता है।

उन्होंने एक सुंदर दृष्टांत सुनाया—एक भंवरा मकरंद के आनंद में पड़कर दिन भर रस पीता रहा शाम हुई

# 30071 किसानों से 1,57,155.72 मे. टन धान की खरीदी की गई



**दुर्ग।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 30071 किसानों से 1,57,155.72 मे. टन धान खरीदी हुई है जिसकी लागत राशि 37,266.41 लाख रूपए है। शासन की पारदर्शी व्यवस्था और तुंहर टोकन के अंतर्गत किसानों को सहुलियतें मिल रही है और वे निर्धारित तिथि अनुसार धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे हैं। किसानों को धान बिक्री पश्चात् 31,831.66 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान हो चुका है। उपार्जन केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों के लिए समुचित प्रबंध की गई है। धान खरीदी हेतु केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था है। अब तक 10300 किसानों ने 178.93 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 6,16,435 मे. टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित है। जिले के समितियों में खरीदे गये धान का उठाव भी शुरू हो गया है। इस हेतु 21,433.60 मे. टन का डीओ/टीओ जारी हो चुका है। जिसमें से 9,549.00 मे. टन धान का उठाव हो चुका है।

# खदान मजदूर संघ ने किया सड़क निर्माण को गुणवत्ता पूर्वक बनाने की मांग

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की बीएसपी प्रबंधन द्वारा राजहरा टाउनशिप में लगभग 13 किलोमीटर की सडक बनाने का ठेका भिलाई के ठेकेदार मेसर्स कैलाश इंटरप्राइजेज, पार्टनर रमेशचंद्र केशरवानी को दिया है और ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ भी कर दिया है। खदान मजदूर संघ द्वारा बीएसपी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित पत्र देकर सडक निर्माण को गुणवत्ता पूर्वक कराएं जाने का आग्रह किया था और साथ ही ठेके के नियम शर्तों का पालन व ठेका नियमों दर्ज शेड्यूल के अनुसार कार्य कराने की बात कही थी। किंतु बीएसपी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कब कार्य प्रारंभ करवाया गया इसकी जानकारी तक यूनियन को नहीं दिया गया और कार्य को प्रारंभ करवा दिया गया। संघ को शिकायत मिली की ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहिन कार्य किया जा रहा है और सडक निर्माण के नाम पर खानापूर्ति किया जा रहा है। तब मिली शिकायत की जांच करने खदान मजदूर संघ के सदस्यों का प्रतिनिधी मंडल कार्यस्थल पर पहुंचा और सडक निर्माण के कार्यो का जायजा लिया तो पाया की सडक निर्माण गुणवत्ता विहिन किया जा रहा है। गिट्टी पूरी अलग दिख रही है डामर का कहीं नामोनिशान नहीं है ऐसा लगता है कि सड़क निर्माण में बीएसपी द्वारा जो मापदंड डामर और गिट्टी का दिया गया है। उसका पालन नहीं किया जा रहा है और डामर में गड़बड़ी किया जा रहा है। इसकी आशंका पहले ही संघ ने व्यक्त किया था कि बीएसपी के अधिकारियों ने ठेका शर्तों में इस नियम को जानबूझकर नहीं डाला है कि डामर टेंकर में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ होना चाहिए जिससे पता चल सके कि डामर टेंकर भिलाई प्लांट से डामर लेकर कहां खाली कर रहा है। क्योंकि बीएसपी प्रबंधन के अधिकारी ठेकेदार को सीधे आरटी 3 डामर का कूपन दे रहे और ठेकेदार प्लांट से डामर लेकर जा रहा है उसकी निगरानी करने वाला कोई नहीं है।

# छिंदवाड़ा से लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

## 5 साल बाद आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

अधिकारियों के निर्देश पर फरार आरोपियों की तलाश तेज की गई। पुलगांव थाना प्रभारी एवं अंजोरा चौकी प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। प्राप्त इनपुट के आधार पर टीम छिंदवाड़ा पहुँची, जहाँ आरोपी के ऑटो चलाने की जानकारी के आधार पर बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर खोजबीन की गई। अंततः पुलिस ने आरोपी अरमान खान (27 वर्ष), निवासी बैल बाजार, छिंदवाड़ा को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया और बताया कि घटना में प्रयुक्त ऑटो थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र में एक एक्सीडेंट प्रकरण में पहले ही जप्त किया जा चुका है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पुलगांव अमित कुमार अंबानी, चौकी प्रभारी अंजोरा खेलन सिंह साहू, प्रधान आरक्षक राकेश सिंह, आरक्षक बी. लक्ष्मण राव, आरक्षक राजकिरण ठाकुर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलगांव थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में हुई लूट की वारदात में पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपी अरमान खान को पुलिस ने छिंदवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद पकड़े जाने के डर से दुर्ग शहर छोड़कर छिंदवाड़ा में ऑटो चलाने लगा था। 24 सितंबर 2020 को महमरा कॉलेज के पास एक वृद्ध व्यक्ति सड़क किनारे अपनी बकरियाँ चरा रहे थे। इसी दौरान ऑटो सवार चार आरोपियों ने मारपीट कर उनकी दो बकरियों को लूट लिया और ऑटो में डालकर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने तीन आरोपियों—सलीम खान उर्फ सोनू, आसिफ अली और संतोष कुमार साहू—को गिरफ्तार कर लूटी गई दोनों बकरियाँ बरामद कर ली थीं। तीनों को जेल भेज दिया गया था। लेकिन चौथा आरोपी अरमान खान घटना में प्रयुक्त ऑटो लेकर फरार हो गया था और लगातार तलाश के बावजूद पकड़ में नहीं आ पाया था।

# नियम दरकिनार : बच्चों के भोजन से खिलवाड़, बच्चों के भोजन में एल्यूमिनियम बर्तनों की खरीदी पर सवाल

■ केंद्र की रोक के बाद भी टेंडर जारी, भारी अनियमितता का अंदेशा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने एक प्रेसवार्ता कर बताया की, एलमुनियम का खाद्य सामग्री निर्माण (भोजन) पर दुष्परिणाम देखे गए हैं स्वास्थ्य पर होने वाले इन्हीं दुष्परिणामों के चलते न्यायालय के आदेश में सरकारी प्रयोग खाद्य सामग्री निर्माण पर रोक है इसके बावजूद प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत एल्यूमिनियम के बर्तन खरीदने के लिए छत्तीसगढ़ में सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसे नियमों के अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विकास उपाध्याय ने बताया कि केंद्र सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन के बावजूद एल्यूमिनियम सामग्री के उपयोग पर रोक को दरकिनार कर अपने चहेते फर्मों को लगातार लाभ दिलाने का मामला सामने आया है जो पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

**सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद भी सीख नहीं?**

हाल ही में स्पोर्ट्स किट के टेंडर पर उच्चतम न्यायालय ने पुनः-टेंडर का आदेश दिया था।विशेषज्ञों का कहना है कि सर्वोच्च अदालत का हस्तक्षेप यह दर्शाता है कि खरीद प्रक्रिया पर से भरोसा उठता जा रहा है। जनता का प्रश्न है–एक के बाद एक टेंडरों पर संदेह क्यों?

**बच्चों के स्वास्थ्य से समझौता?**

एल्यूमिनियम बर्तनों का उपयोग बच्चों के लिए स्वास्थ्य जोखिम बन सकता है। केंद्र के निर्देशों को नजरअंदाज कर जारी टेंडरों को लेकर अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने चिंता जताई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि– पोषण योजना में भी यदि अनियमितता हो जाए तो यह सीधे बच्चों के भविष्य पर चोट है।

**केंद्र के निर्देशों के विपरीत एल्यूमिनियम बर्तनों का टेंडर**

भारत सरकार ने पीएम पोषण योजना में एल्यूमिनियम के बर्तनों के उपयोग से बचने के निर्देश दिए थे, क्योंकि इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके बावजूद राज्य में एल्यूमिनियम आधारित सामग्री का टेंडर जारी कर दिया गया।

**सवाल उठ रहा है,क्या बच्चों की सेहत से ये खिलवाड़ क्यों..?**

बच्चों की थाली पर सौदा नहीं चलेगा, विकास उपाध्याय ने कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और व्यवस्था की ईमानदारी को बचाने के लिए है। उनका कहना है कि– यदि टेंडरों को निजी संपत्ति समझकर बांटा जाएगा, तो यह लोकतंत्र नहीं–लूटतंत्र होगा। और इस लूटतंत्र का अंत होना ही चाहिए। इस मामले ने साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री की मंशा को भी यहां की सरकार पलीता लगाने से नहीं चूक रही,, विकास उपाध्याय ने मांग की है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के मामले में पीएमओ कि जिस तरीके से अनदेखी की जा रही है उसको देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को हस्तक्षेप करना चाहिए।

**सिर्फ तीन-चार फर्मों को लगातार लाभ के लिए फिक्सिंग**

शिकायतों में बार-बार जिन फर्मों के नाम सामने आ रहे हैं, उनमें एनआर एसोशिएटस, गनपति इंटरप्राइजेस और श्रीराम क्रिएशन प्रमुख हैं। आरोप है कि पिछले वर्षो से इन्हीं फर्मों को लाभ मिलता रहा है, जबकि अन्य योग्य और कम दर वाले सप्लायर्स तकनीकी शर्तों या अतिरिक्त योग्यता मानकों के नाम पर बाहर कर दिए जाते हैं। विकास उपाध्याय ने दावा किया है कि शर्तें इस तरह गढ़ी गई कि केवल चुनिंदा फर्म ही पात्र बन सकें, और इसके लिए बच्चों की सेहत को भी ताक पर रख दिया गया है।

**अधिकारी-ठेकेदार गठजोड़ क्योंकि, 'ऊपर तक' पहुँच**

कई शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि विभाग के कुछ प्रभावी अधिकारियों, चुनिंदा ठेकेदारों और सत्ता के बेहद नजदीक माने जाने वाले कुछ व्यक्तियों के बीच गहरे गठजोड़ से टेंडर प्रक्रियाओं को प्रभावित किया जा रहा है। हालाँकि आरोप सिद्ध नहीं हैं, लेकिन यह सवाल जरूर उठ रहा है कि– क्या नियम बदलते हैं, लेकिन लाभार्थी नहीं?

**जाँच और कार्रवाई की माँग** – शिकायतकर्ताओं ने कहा कि अब केवल औपचारिक जाँच नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की समीक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने निम्न माँगें रखी हैं– स्वतंत्र और उच्च-स्तरीय जाँच समिति का गठन, सभी टेंडरों की पारदर्शी समीक्षा–कौन जीता, कौन बाहर हुआ और क्यों, पीएम पोषण गाइडलाइन का पूर्ण पालन, मिलीभगत पाए जाने पर कठोर कार्रवाई, चाहे कोई भी कितना प्रभावशाली क्यों न हो, विभाग में सक्रिय कथित गठजोड़ का विघटन।

# जेसीबी मशीन लगवाकर नाली पर निर्मित लगभग 15 पाटों को तोड़कर करवाई सघन सफाई




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह तत्काल जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार ताण्डी सहित जोन 3 स्वास्थ्य विभाग की टीम लेकर जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत शंकर नगर मार्ग में खाना खजाना, इंदिरा फ्लावर्स, अंजार फ्यूल्स आदि दुकानों के समीप पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। प्राप्त जनशिकायत स्थल पर सही मिली और दुकानों के सामने नाली पर बनाये गए पाटों के कारण नाली की सफाई व्यवस्था मार्ग में बाधित पायी गयी। इस पर जोन 3 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने तत्काल निर्देशित कर स्थल पर जेसीबी मशीन बुलवाकर लगभग 15 दुकानों के सामने मार्ग पर नाली पर निर्मित पाटों को तोड़कर नाली की सफाई करवाई और कचरा एवं गन्दगी नाली से बाहर निकलवाकर उसका परिवहन करवाकर निकास व्यवस्था को सुगम बनाकर प्राप्तस्वच्छता सम्बंधित जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

# 51 संगीतमय हनुमान चालीसा और भजन संध्या आज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सत्तीबाजार के श्री अंबा देवी मंदिर में रविवार को दोपहर तीन बजे से संगीतमय 51 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक मुकेश शाह ने बताया कि गोंदिया महाराष्ट्र के प्रसिद्ध भजन गायक मितेश भाई परमार अपने साथी कलाकारों के साथ श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ करेंगे। साथ ही अनेक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी उनके द्वारा की जाएगी। इसके अलावा भजनों की झांकीमय प्रस्तुतियां भी होगी। शुरुआत में गीता जी के एक अध्याय का पाठ होगा। फिर चालीसा पाठ व भजनो के उपरांत रात्रि आठ बजे श्री हनुमान जी की महाआरती होगी।

# स्व. बलवीर सिंह जुनेजा की पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थल के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर पालिक निगम के पूर्व महापौर स्वर्गीय बलवीर सिंह जुनेजा की पुण्यतिथि 14 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे राजधानी शहर में रायपुर नगर पालिक निगम के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर बूढ़ापारा स्थित मूर्ति स्थल के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

# बेसिक स्कूल में आयोजित आनन्द मेला नगर में पालिका अध्यक्ष हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगर स्थित ऐतिहासिक बेसिक स्कूल परिसर में आनंद मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं नगर के गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को विकसित करना रहा। आनंद मेले में छात्रों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें खेलकूद, हस्तशिल्प, शैक्षिक सामग्री, स्वादिष्ट व्यंजन एवं मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल रहीं। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ मेले में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेले में अभिभावकों एवं नगरवासियों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। आयोजन के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा इस अवसर पर वार्ड पार्षद रवि मुलानी नीतू कोठारी विकास तम्बोली रोशन दत्ता योगेश वर्मा सहित टीचर एवं छात्र बड़ी संख्या मे उपस्थिति रहे।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा इंडियन ओवरसीज बैंक की तीन शाखाओं का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा अपनी 3 नई शाखाएं, नया रायपुर शाखा-अटल नगर, समलवार शाखा, दांतेवाड़ा और मोवा शाखा रायपुर का मुख्य अतिथि ओ.पी. चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि इंडियन ओवरसीज बैंक, एमडी और सीईओ, अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिबन काट कर नया रायपुर और मोवा शाखा / तथा रिमोट बटन दबा कर समलवार शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने बैंक की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये पहला बैंक है जिसने जगरगुंडा और समलवार जैसे नक्सली प्रभावित क्षेत्र में शाखा खोल कर वहां की जनता तक वित्त सेवा देने में राज्य की सहायता की। उन्होने ये भी कहा, राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा आईओबी की शाखा खोलने एवं बैंक का व्यापार बढ़ाने में, हर संभव सहायता की जाएगी। कार्यक्रम में आईओबी के एमडी और सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, की उनका विशेष ध्यान रायपुर में अगले वित्त वर्ष तक आईओबी का व्यापार 6500 करोड़ से 15000 करोड़ बढ़ाने का है। उन्होने ये भी कहा कि अभी छत्तीसगढ़ में 54 शाखाएं हैं और वे इन्हें बढ़ाकर 66 तक ले जाना चाहते हैं। अभी हमारी शाखाएं, राज्य के 26 जिलों में हैं, और हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में हमारे शाखाएं खोली जाएंगी। रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक गौरीशंकर नायक एवं समस्त रायपुर क्षेत्र के सदस्य उपस्थित हुए।

# मैत्री नगर सुन्दर नगर में एक आक्रामक आवारा मवेशी की तत्काल धरपकड़ कर जनशिकायत का किया त्वरित निदान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर पालिक निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग को एक आक्रामक आवारा मवेशी से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए आदेशानुसार और जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देशानुसार जोन 5 जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू की उपस्थिति में जोन क्रमांक 5 की काऊकैचर टीम जोन क्षेत्र अंतर्गत पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 41 क्षेत्र अंतर्गत सम्बंधित मैत्री नगर सुन्दर नगर क्षेत्र में भेजकर एक आक्रामक आवारा मवेशी की तत्काल धरपकड़ काऊकैचर वाहन की सहायता से करते हुए स्थानीय रहवासियों को त्वरित राहत दी जाकर प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया।

# हिन्दुस्तान ज़िंक ने की वित्त वर्ष 2025 में 1 लाख गीगाजूल से अधिक एनर्जी की बचत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की एकमात्र और विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर, हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड, ने क्लाइमेट एक्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए वित्त वर्ष 25 में 1 लाख गीगाजूल से अधिक एनर्जी की बचत की। नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन डे के अवसर पर राजस्थान में सचांलित ऑपरेशंस में कंपनी के ग्रीनहाउस गैस एमिशन में 20,000 टन कार्बन एमिशन से अधिक की कमी की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कंपनी लगातार एनर्जी-एफिशिएंसी और डीकार्बोनाइजेशन प्रयासों पर बल दे रही है। हिन्दुस्तान ज़िंक ने वित्त वर्ष 25 में 1 लाख गीगाजूल से अधिक ऊर्जा की बचत की है, जो लगभग 19,000 भारतीय घरों के सालाना बिजली खपत के बराबर है। यह तुलना मिनिस्ट्री ऑफ पावर के अनुमान पर आधारित है कि एक औसत भारतीय घर हर साल लगभग 1,538 किलोवॉट बिजली की खपत करता है। यह तुलना दर्शाती है कि इंडस्ट्रियल एनर्जी एफिशिएंसी का नेशनल एनर्जी सिक्योरिटी और रोजमर्रा के जीवन पर कितना ठोस प्रभाव पड़ता है। पिछले कुछ वर्षो में, कंपनी ने एनर्जी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने, अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और क्लीन एनर्जी में बदलाव को तेज करने के लिए कई तरह के कदम उठाए हैं। इन उपायों में वेरिएबल-फ्रीक्वेंसी ड्राइव और हाई-एफिशिएंसी इक्विपमेंट लगाना, स्मेल्टिंग और प्रोसेस-हीट सिस्टम को ऑप्टिमाइज करना, और रियल-टाइम एनर्जी कंट्रोल के लिए एआई एण्ड इनेबल्ड डिजिटल मॉनिटरिंग शामिल है।

# यूरोलॉजी से संबंधित बीमारियों का उपचार यूरोलॉजिस्ट से ही कराने जागरुकता आवश्यक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष भारत में 13 अक्टूबर को यूरोलॉजी जागरुकता दिवस मनाया जाता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उददेश्य आमजनों को यूरोलॉजी से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूक करने के साथ ही तत्काल यूरोलॉजिस्ट से ही उपचार कराने के प्रति समझाना है। इससे समय के साथ पैसों की भी बचत होगी एवं मरीज को विशेषज्ञ डॉक्टर से सही समय पर सही इलाज उपलब्ध हो पाएगा। आमतौर पर देखा जाता है कि जागरुकता के अभाव में मरीज यूरोलॉजिस्ट के पास सही समय पर नहीं पहुंचता है। विलंब से आने पर समस्या जटिल हो जाती है। यूरोलॉजिस्ट या यूरो सर्जन नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी पूर्व में एमसीआई ) द्वारा मान्यता प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर होते हैं। इसके लिए एमसीएच यूरोलॉजी एवं डीएनबी यूरोलॉजी की डिग्री अनिवार्य है। यूरोलॉजिस्ट या यूरो सर्जन महिलाओं,पुरुषों और बच्चों के किडनी, यूरेटर, पेशाब की थैली या मसना, पेशाब के रास्ते, एड्रेनल ग्रंथि, पुरुषों के प्रजनन तंत्र के अंगों जैसे प्रोस्टेट, अंडकोष, लिंग की बीमारियों का इलाज व ऑपरेशन करते हैं। उपरोक्त अंगों के कैंसर, गांठ, पथरी इन्फेक्शन, रुकावट, खराबी, चोट जन्मजात बीमारियों व अन्य बीमारियों के इलाज एवं ऑपरेशन के लिए यूरोलॉजिस्ट से ही मिलना चाहिए। इन बीमारियों का अप्रशिक्षित डॉक्टर से इलाज न कराने के प्रति छत्तीसगढ़ यूरोलॉजी एसोसिएशन द्वारा हमेशा जागरूक किया जाता है। मूत्र संबंधी बीमारियां लोगों के जीवन में प्रभाव डाल सकती है। इस संबंध में जागरुकता बहुत आवश्यक है। समय-समय पर इन बीमारियों के पेशेवरों के रूप में हमारी महती जिम्मेदारी है कि हम जनता को मूत्र संबंधी विकारों के बारे में सूचित करें और मरीज को योग्य विशेषज्ञों से समय पर उपचार लेने के महत्व को समझाएं। इससे जनता को समझ में आए कि मूत्र संबंधी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए किनसे संपर्क करना है।

# मैत्री नगर सुन्दर नगर में एक आक्रामक आवारा मवेशी की तत्काल धरपकड़ कर जनशिकायत का किया त्वरित निदान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर पालिक निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग को एक आक्रामक आवारा मवेशी से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए आदेशानुसार और जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देशानुसार जोन 5 जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू की उपस्थिति में जोन क्रमांक 5 की काऊकैचर टीम जोन क्षेत्र अंतर्गत पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 41 क्षेत्र अंतर्गत सम्बंधित मैत्री नगर सुन्दर नगर क्षेत्र में भेजकर एक आक्रामक आवारा मवेशी की तत्काल धरपकड़ काऊकैचर वाहन की सहायता से करते हुए स्थानीय रहवासियों को त्वरित राहत दी जाकर प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया।

# रायपुर में होगा नेशनल ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट 2025, देशभर से ट्रांसजेंडर खिलाड़ी लेंगे भाग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



समानता, सम्मान और सामाजिक समावेशन की भावना को सशक्त करते हुए राजधानी रायपुर में नेशनल ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट 2025 का भव्य आयोजन 19 एवं 20 दिसंबर को किया जा रहा है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से ट्रांसजेंडर खिलाड़ी एवं प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। यह आयोजन ट्रांसजेंडर समुदाय की खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय सहभागिता को सशक्त मंच प्रदान करेगा। खेल प्रतियोगिताएँ दोनों दिन प्रातः 10 बजे से स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम, कोटा, रायपुर में आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही दोनों दिनों में शाम 6 बजे से राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय सेमिनार 'मनुआस रियलिटी' का आयोजन होगा। दूसरे दिन कार्यक्रम का समापन समारोह भी आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, यह खेल महोत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सकारात्मक सोच, सम्मान और स्वीकार्यता को भी मजबूत करेगा।

# हायर इंडिया ने ऑल-न्यू ग्रेविटी एआई सीरीज एयर कंडीशनर लॉन्च किए, एआई फोकस्ड प्रोडक्ट्स के साथ बड़ा मार्केट शेयर की उम्मीद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




हायर एप्लायंसेज इंडिया, जो लगातार 16 सालों से दुनिया का नंबर 1 मेजर होम अप्लायंसेज ब्रांड है, ने आज अपने ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में आयोजित एआई फार एयर' इवेंट में अपनी ब्रेकथ्रु ग्रेविटी एआई सीरीज एयर कंडीशनर को पेश किया। यह नई रेंज एआई-एटमॉक्स पर आधारित है और अब तक की हायर की सबसे प्रीमियम और एआई इंटीग्रेटेड एसी सीरीज मानी जा रही है, जो इंडिया में इंटेलिजेंट कूलिंग के लिए नया बेंचमार्क सेट करती है। एआई फार एयर को तीन मुख्य पिलर्स पर बनाया गया है। ये सभी मिलकर एयर कंडीशनिंग को ज्यादा स्मार्ट, एफिशिएंट और लगभग एफर्टलेस बनाते हैं, खासकर इंडियन घरों के लिए। इसी इंटेलिजेंट बेस पर बनी नई हेयर ग्रेविटी एआई सीरीज एसीएस में कई नेक्स्ट-जेन फीचर्स दिए गए हैं।

# अमेजन बाजार ने एक वर्ष पूरा किया, ट्रांजैक्टिंग ग्राहकों में 8 गुना वृद्धि, भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों से सबसे तेज बढ़त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन ने घोषणा की है कि उसके अल्ट्रा-अफोर्डेबिलिटी स्टोर अमेजन बाजार ने लॉन्च के एक साल के भीतर ट्रांजैक्टिंग ग्राहकों में आठ गुना वृद्धि हासिल कर ली है, जिसका प्रमुख कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में बढ़ती अपनाने की दर है। अमेजन बाजार फैशन, जूलरी, होम डेकोर, किचनवेयर और इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज जैसी कैटेगरी में 600 रुपये से कम कीमत वाले उत्पादों का बड़ा चयन प्रदान करता है। 2 करोड़ से अधिक उत्पाद पहले से ही लाइव हैं, और बाजार लगातार ग्राहकों की विविध जरूरतों और पसंद को पूरा करने के लिए नए प्रोडक्ट जोड़ रहा है, जिससे भारत के सभी ग्राहकों को ट्रेंडी और बजट-फ्रेंडली उत्पादों तक आसान पहुंच मिल सके।

# धान खरीदी व्यवस्था की सघन निगरानी : कलेक्टर रोहित व्यास ने खरीदी केंद्र व चेक पोस्टों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले में चले रहे धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेने धान खरीदी केंद्र सहित चेक पोस्ट का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जशपुर विकासखंड अंतर्गत गम्हरिया धान खरीदी केंद्र पहुंचकर खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी से संबंधित पंजीयों का अवलोकन करते हुए खरीदी प्रक्रिया, धान के उठाव, बारदाना की उपलब्धता तथा किसानों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से संपन्न हो, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने किसानों के बैठने, तौल, भुगतान एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके पश्चात कलेक्टर व्यास ने लोदाम, भालमंडा एवं सकरडेगा स्थित चेक पोस्टों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अंतरराज्यीय एवं आंतरिक मार्गों पर धान के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए की जा रही निगरानी की समीक्षा की। कलेक्टर ने चेक पोस्टों पर तैनात अधिकारियों को निगरानी और अधिक सख्त करने तथा संदिग्ध वाहनों की गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस दौरान एसडीएम जशपुर विश्वास राव मस्के सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर व्यास ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में अवैध धान की खरीदी-बिक्री और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अमले को सजग रहते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि धान खरीदी व्यवस्था प्रभावित न हो और वास्तविक किसानों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि सही किसान का धान ही खरीदी केंद्र तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर बिचौलियों अथवा अवैध गतिविधियों को पनपने का अवसर न मिले। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी सीजन के दौरान लगातार निरीक्षण एवं निगरानी जारी रखी जाएगी, ताकि पूरी व्यवस्था पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसान हितैषी बनी रहे।

## एनईएस कॉलेज में 15 दिसंबर को एक दिवसीय युवा शिविर का होगा आयोजन

**जशपुरनगर।** अरविन्द सोसायटी, पांडिचेरी की छत्तीसगढ़ राज्य समिति द्वारा जशपुर नगर स्थित एन.ई.एस. कॉलेज में 15 दिसम्बर 2025 को एक दिवसीय युवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें युवाओं के सर्वांगीण विकास से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी डॉ. इन्दिरा मिश्र अपने सहयोगियों के साथ विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस आयोजन में लगभग 50 स्नातक स्तर के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। यह शिविर महर्षि अरविन्द की समग्र शिक्षा की अवधारणा पर आधारित होगा। अरविन्द का मानना था कि शिक्षा का उददेश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि छात्र का शारीरिक, मानसिक, प्राणिक एवं आत्मिक विकास होना चाहिए। इसके अंतर्गत शरीर के लिए व्यायाम, मन के लिए चिंतन, प्राण के लिए उत्साह तथा आत्मा के लिए शुद्धता का अभ्यास आवश्यक है। इस युवा शिविर में एन.ई.एस. कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य महाविद्यालयों के इच्छुक छात्र भी भाग ले सकते हैं। आयोजन को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा जा रहा है और इसे युवाओं के व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पंकज आलोक तिर्की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा महत्वपूर्ण विधिक जानकारियाँ दी गई। इसमें नर्सिंग कालेज के छात्र छात्राओं को अपने आस-पास के प्रति जागरूक रहने के साथ ही निजता का उलंघन, अन्याय का विरोध, साइबर क्राइम से बचाव, मोबाइल का सदुपयोग, नशा -दास से टर रहने तथा इससे संबंधित दुष्परिणामों एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही सभी को विनम्रता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी गई। भारतीय न्याय पालिका, दंड संहिता पर विस्तार से जानकारी के साथ साथ मूल कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों के बारे में भी जानकारियां साझा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के चेयरमेन विश्वजीत गुप्ता, प्राचार्या प्रिया जोसेफ, नर्सिंग कालेज के सभी विद्यार्थी, शिक्षक गण एवं स्टाफ मौजूद रहे। गुप्ता, राजेश मित्तल एवं प्रमोद जैन ने न्यायाधीश द्वय का आभार व्यक्त किया।

# अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर कार्रवाई 4 प्रकरणों में 2112 कट्टा धान जब्त

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के मंशानुरूप, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से प्राप्त निर्देशों के पालन में जिले में अवैध रबी एवं खरीफ धान के संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व, मंडी विभाग एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से विभिन्न तहसीलों में की गई कार्रवाई के दौरान कुल 2112 कटटा धान जब्त किया गया है। विकासखंड सरायपाली अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में ग्राम बारडोली में रवि फसल का 95 कटटा धान जब्त किया गया। वहीं ग्राम चनाट में कार्रवाई करते हुए 267 पैकेट अवैध रबी धान पकड़ा गया। इसके अलावा रात्रिकालीन गश्त के दौरान सराईपाली-सरसिवा मार्ग पर बगयीजोर के पास धान से लदे 5 वाहन जिसमें 4 माजदा एवं 1 छोटा हाथी जब्त किए गए। इन वाहनों से कुल 750 पैकेट, लगभग 300 क्विंटल धान बरामद किया गया, जिसे थाना सरायपाली की सुपुर्दगी में दिया गया है। वहीं विकासखण्ड पिथौरा अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजरंग वर्मा के नेतृत्व में ग्राम टोंगोपथरा में धनुर्जय साहू के निवास पर छापेमारी के दौरान लगभग 1000 कटटा धान का अवैध संग्रहण पाया गया।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बागवानी फसल का जिले के अऋणी किसान 31 दिसम्बर तक ले सकते हैं लाभ

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी 2025-26 सीजन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उददेश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है। इस योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, बशर्ते उन्होंने रबी 2025 के लिए फसल ऋण लिया हो। लेकिन अऋणी कृषकों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं पहल करनी होगी। किसान नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र सी.एस.सी. सेंटर अथवा मोबाइल एप्प के द्वारा या बचत खाताधारक किसान संबंधित बैंक में जाकर बीमा करा सकते है। इसके साथ ही अऋणी कृषकों के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति, स्वयं के नाम की भूमि रिकॉर्ड बी-1 की प्रति, बुआई प्रमाण पत्र, सक्रिय बैंक खाते की प्रति, जिसमें खाता संख्या और आई.एफ.एस.सी. कोड तथा निर्धारित प्रीमियम राशि लेकर बीमा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा रबी फसलों के लिए बीमा प्रीमियम बीमांकिक राशि का केवल 5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। टमाटर के लिए 6000.00 रुपये प्रति हेक्टेयर, बैगन 3850.00 रू. प्रति हेक्टेयर, पत्ता गोभी 3500.00 रू. प्रति हेक्टेयर, फूलगोभी 3500.00 रु. प्रति हेक्टेयर, प्याज 4000.00 रु. प्रति हेक्टेयर एवं आलू 6000. 00 रु. प्रति हेक्टेयर की दर से बीमा प्रीमियम निर्धारित किया गया है।

# रामचंडी महाविद्यालय की रासेयो शिविर का आयोजन हुआ मोखापुटका में




पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

रामचंडी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा जिला संयोजक मालती तिवारी के निर्देशन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एन. के. भोई के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रधान के नेतृत्व में आज ग्राम मोखापुटका में सात दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और रासेयो के लक्ष्य गीत से हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ भोई ने की। शिविर के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मोखापुटका के सरपंच लोचन भावना पटेल, विशिष्ठ अतिथि गांव के गौटीया जगदानंद चौधरी, उपसरपंच शिवनारायण पटेल व ध्वज कुमार पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी प्रधान ने शिविर का रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि लगभग 60 स्वयंसेवक अगले सात दिनों तक गांव में स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और साक्षरता कार्यक्रमों पर काम करेंगे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में युवाओं के जोश और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि रासेयो केवल एक योजना नहीं है, यह युवाओं को अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाने का एक शक्तिशाली मंच देता है। अध्यक्षीय उदबोधन में डॉ भोई ने स्वयंसेवकों को अनुशासन का पालन करते हुए शिविर के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

# धान खरीदी की व्यस्था देखकर किसान है खुश, किसान संजय यादव ने टोकन कटाकर आसानी से बेचा धान

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेशभर में धान खरीदी प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से संचालित हो रही है। इसी क्रम में जशपुर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निरंतर जारी है। किसानों की सुविधा के लिए केन्द्रों में टोकन कटाई, तौलाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का भी सुदृढ़ प्रावधान किया गया है। कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत महुआटोली स्थित धान उपार्जन केंद्र में धान बेचने पहुंचे ग्राम कंडोरा निवासी किसान संजय यादव ने बताया कि हमने 05 दिसंबर को टोकन कटाया, जो बिना किसी परेशानी के आसानी से मिल गया। आज 08 दिसंबर को हम लगभग 124 क्विंटल धान लेकर आए हैं। केंद्र में साफ-सुथरे बोरे उपलब्ध हैं, समय पर तौलाई हो रही है और सुविधाएं पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई हैं। उन्होंने कहा कि अब किसानों को घंटों लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत हो रही है। कुनकुरी क्षेत्र के अन्य किसानों ने भी बताया कि वर्तमान व्यवस्था में टोकन वितरण से लेकर धान खरीदी तक समस्त प्रक्रिया सरल और व्यवस्थित हो गई है। किसानों ने कहा कि पहले टोकन कटाने में काफी समय लगता था, लेकिन अब नई व्यवस्था से तेजी आई है और किसानों को वास्तविक राहत प्राप्त हो रही है।

# विघुत उपभोक्ताओं के बकाया राशि के विरुद्ध लाईन काटने अभियान जारी

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



अधीक्षण अभियंता महासमुन्द (वृत्त) वाय. के. मनहर के निर्देशन में सरायपाली विद्युत संभाग अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया राशि के विरूद्ध लाईन काटने का अभियान जारी है। बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे एरियर्स राशि (बकाया राशि) में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। बिजली विभाग के आला अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद, एई, जेई और फील्ड स्टॉफ अब कनेक्शन काटने और वसूली की कार्यवाही में लगातार जुट गये हैं। एक दिसंबर से अबतक सरायपाली विद्युत संभाग के अंतर्गत सरायपाली (शहर), सरायपाली (ग्रामीण), बलौदा, छुईपाली, पाटसेन्द्री, भंवरपुर, सागरपाली, पथरला, बसना (ग्रामीण) और गढ़फुलझर वितरण केन्द्रों सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार रूपये से अधिक के 787 नम्बर बकायादारों जिनका कुल बकाया राशि लगभग 2 करोड़ 58 लाख 65 हजार था, के कनेक्शन काटे गये हैं। कनेक्शन काटने हेतु जाने पर 306 उपभोक्ताओं द्वारा 36 लाख 03 हजार रूपये का विद्युत बिल का पूर्णतः अथवा आंशिक भुगतान भी कर दिया गया। कार्यपालन अभियंता टी.के. पटेल के बताये अनुसार उपरोक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान न करने पर वे स्वयं का ही नुकसान कर रहे हैं तथा शासन द्वारा जारी 'हाफ बिजली बिल योजना' का लाभ से भी वंचित हो रहे हैं और सरचार्ज की राशि तथा बकाया राशि में बढ़ोत्तरी हो रही है। बिजली बिल हाफ योजना का फायदा न लेकर वे अपने विद्युत खर्च की राशि को दोगुना ही कर रहे हैं। विद्युत बिलों की यह बकाया राशि उपभोक्ताओं को आज नहीं तो कल भुगतान करना ही पड़ेगा। उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल भुगतान न करने की स्थिति में उनसे बकाया वसूली अधिनियम के आधार पर राशि की वसूली की जावेगी। बकाया वसूली अधिनियम के अंतर्गत संबंधित परिसर की बकाया राशि की वसूली राजस्व अधिकारियों द्वारा संबंधित जमीन की कुर्की/ नीलामी कर की जाती है साथ ही किसी परिसर में बकाया राशि होने के कारण लाईन काटे जाने के पश्चात् अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाये जायेगा तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## विकासखंड स्तर पर शिक्षकों को ट्रेन किया गया

# ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण की ट्रेनिंग कार्यशाला सम्पन्न

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक जारी ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण एवं शिक्षण शास्त्र पर व्याख्याता का विकासखंड स्तोत्र व्यक्तियों का प्रशिक्षण का समापन शनिवार को अरविंद राम भगत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जशपुर के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त करके आए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने प्रत्येक विकासखंड से प्रत्येक विषय में जिसमें विज्ञान समूह एवं कला समूह के आठ विकासखंड स्त्रोत व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जिसमें तकनीकी रूप से किस प्रकार प्रश्न पत्र का निर्माण किया जाएगा जिसमें सरल प्रश्न, कठिन प्रश्न विश्लेषणात्मक प्रश्नों का निर्माण एवं उनके अंकों का निर्धारण किस प्रकार से हो तथा छात्रों को इस ब्लूप्रिंट के माध्यम से किस प्रकार विषय की तैयारी कराई जाए जिससे उनके अंदर समझ पैदा हो एवं साथ ही साथ उनकी परीक्षा की तैयारी बेहतर तरीके से हो सके और वह अधिकतम अंकों को प्राप्त कर सकें शिक्षकों की भी समझ ब्लूप्रिंट के बारे में सहज हो सके ताकि सरलतम रूप से वह छात्र-छात्राओं को समझ सके इस संबंध में पांच दिवस तक प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें इसे प्री टेस्ट एवं पोस्ट टेस्ट भी लिया गया। अब एससीईआरटी से प्राप्त निर्देशानुसार विकासखंड स्तर पर व्याख्याता को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि जिला स्तर से प्राप्त ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र के निर्माण की जानकारी प्रत्येक विद्यालय तक पहुंच सके एवं प्रत्येक विद्यालय में यह जानकारी प्रत्येक छात्र तक पहुंच सके एवं छात्र लाभान्वित होते हुए अपने परीक्षा परिणाम में वांछित सुधार ला सके। डॉ राठौर ने पूरे कार्यक्रम के बारे मे जानकारी प्रदान की डाइट प्राचार्य डॉ एम जेड यू सिद्दीकी ने कहा की ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण के ऊपर प्रशिक्षण काफी प्रभावी सिद्ध होगा। नगर पालिका परिषद जशपुर के अध्यक्ष अरविंद राम भगत ने कहा कि इस प्रकार की तैयारी निश्चित रूप से सभी व्याख्याता के लिए एवं छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी एवं राज्य के द्वारा की जाने वाली तैयारी एक व्यापक हित के लिए काफी उपयोगी होगी उन्होने कहा की शिक्षक की तुलना एक कुम्हार से की और उनको राष्ट्र निर्माता बताया और कहा की ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण का प्रशिक्षण लाभप्रद सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ मिथिलेश पाठक ने किया, संतोष अम्बस्ट, विनय मानिकपुरी, प्रदीप भगत एवं अन्य मास्टर ट्रैनर उपस्थित रहे।

14 Dec. 2025
Pride Of Raipur

M.A.K AZAD COLLEGE OF PHARMACY
(Approved/Affiliated-CSVTU-DTE-PCI)
1km from Raipur Bus stand
Santoshi Nagar Mathpurena
D.PHARMA
B.PHARMA
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
Hostel / Scholarship Facility
Fee Structure as per Govt Colleges
For Registration/information contact
0771-4913335, 94252 14413, 78282 53335
Contact for inquiry or registration

@snitinnumerological
TAROT CARD READING
KNOW ABOUT
Your Future, Job, Health, Profession, Married Life, Love
S. Nitin
CONTACT NOW
प्रथम मंजिल अशरफ इंग्लिश क्लासेस बिल्डिंग फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर छत्तीसगढ़
7000074769

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 7.35%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 8.75%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 7.35%*
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर8.70%
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

R.B.PLUS TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
Tensile + Membrane + Structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

KisaN The Mark of Excellence
KML CLASSIC Adding Value Since 1993
Sidharth Traders
Authorised Distributors : (Chhattisgarh)
Kisan Group of Companies M.G. ROAD, RAIPUR - 492001 (C.G.)
Ph.: 2226819, 2226946, 4031940, E-mail : sidharthtraders.raipur@gmail.com

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

होम्योपैथिक
डॉ. गनी
A & M होम्योपैथिक फार्मेसी एण्ड क्लीनिक
मोटापा, बाल झड़ना, पेटरोग, किडनी रोग, पथरी, त्वचा रोग, घुटना दर्द, स्त्री रोग, माइग्रेन, कब्जियत, सर्वाइकल एवं स्पॉडिलाइटिस, बवासीर खूनी व बादी
प्रतिरोधक दवाई • स्वाईन फ्लू • पीलिया • माता • मलेरिया • आंख आना • चिकन गुनिया
डॉ. मुनव्वर गनी (बी.एच.एम.एस.)
सिंह कॉम्प्लेक्स, पंडरी मेन रोड, बुलेट एवं टीवीएस शोरूम के सामने, क्रोमा के बगल में रायपुर, मो.+91 9755093859

Premier Awnings
THE ROOF YOU ALWAYS NEEDED
COMFORT-PROTECTION-ELEGANCE All under one roof
TERRACE AWNINGS
For Complete Protection Against Sun & Rain
WINDOW AWNINGS
Manufacturers
Madhur Engineering Works
Plot No. 224 B, Sector C, Urla Industrial Complex, Raipur
Call us at : 98933-50653
Email : madhurengineering@rediffmail.com
Visit at : www.madhurengineering.com

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in